CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 31 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 229 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश यादव

पेज 2




आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए राहुल द्रविड़

खेल टाइम्स




सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा ट्रम्प इज डेड

पेज 11



संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

बॉलीवुड

# वोट चोरी देशवासियों के अधिकार व भविष्य की भी चोरी: राहुल

## कहा: बिहार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही

आरा, वार्ता




- भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए

**लोकसभा में** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वोट चोरी' को देशवासियों के अधिकार और भविष्य की भी चोरी बताते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही है।

श्री गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के 14वें दिन बिहार के आरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए। उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ज़िक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट चोरी नहीं होने देगा। कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि बिहार से क्रांति शुरू होती है और जनता ने दिखाया कि इस बार भी बिहार से ही 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति शुरू हुई और अब यह पूरे देश में फैलने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि यह सरकार पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके और अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से अवसर छीन रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। इसीलिए वह चाहती है कि गरीबों की आवाज़ देश में न सुनी जाए। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। पूरे देश में गरीबों की आवाज़ गूंजेगी और सुनी जाएगी। बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने दिया जाएगा।

# ह्यूमन GPS नाम से मशहूर आतंकी बागू खान ढेर



- 25 सालों में 100+ घुसपैठ में कराई थी मदद, गुरेज में दो दिन पहले एनकाउंटर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है।

सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एजेंसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं।

### आरसीबी ने भगदड़ पीड़ितों को 25-25 लाख रुपये दिए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में मारे गए ग्यारह पीड़ितों के परिवारों के लिए 25-25 लाख रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की। फ्रैंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नामक एक नई दीर्घकालिक पहल का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य निरंतर सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। आरसीबी के अनुसार, यह वित्तीय सहायता शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े होने की दिशा में पहला कदम है। बयान में कहा गया है कि यह केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि करुणा, एकता और निरंतर देखभाल का वादा है। यह दुखद घटना 4 जून, 2025 को हुई थी, जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट के बाहर अत्यधिक भीड़ और अनियंत्रित भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसके परिणामस्वरूप आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई।

### रिश्वत मांगने पर पीएनबी के एजेंट को 23 महीने की जेल

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक रिकवरी एजेंट धर्मवीर सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में 23 महीने की जेल की सजा सुनाई है। एजेंट ने शाखा प्रबंधक को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। अदालत ने दोषी एजेंट धर्मवीर पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 14 सितम्बर, 2022 को यह मामला दर्ज किया था।

### तियांजिन पहुंचे मोदी, एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी चीन और जापान की चार दिन की यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार शाम चीन के शहर तियांजिन पहुंच गए, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। तियांजिन पहुंचने पर श्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी की चीन यात्रा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन के तियांजिन पहुंच गया हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में चर्चा और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ मिलने के लिए उत्सुक हूं।

# ट्रम्प के बेतुके टैरिफ पर अमेरिकी कोर्ट ने लगाई रोक

## 11 में से 7 न्यायाधीशों ने अपने राष्ट्रपति के फैसलों को बताया गैरकानूनी

वाशिंगटन, वार्ता



- अमेरिकी अदालत ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया अपने अधिकारों का उल्लंघन
- ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें, फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोका

**अमेरिका** के आर्थिक आपातकाल संबंधी कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क (टैरिफ) को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया।

श्री ट्रम्प ने अधिकतर शुल्क अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लगाए थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति के आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर ट्रम्प द्वारा लगाए गए अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाए, जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को 'कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य' घोषित किया है। अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है। कैलिफोर्निया राज्य ने इन शुल्कों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा -शेष पृष्ठ दो पर

### अमेरिका के ऊंचे आयात शुल्क के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

- ट्रम्प सरकार से कर में कमी व ब्याज दर में राहत की अपील की

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के सामान पर भारी आयात शुल्क लगाने की डोनाल्ड ट्रम्प सरकार की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए दिल्ली के व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के बैनर तले शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही सरकार से कर में कमी और ब्याज दर में राहत की अपील की।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रशासन से आयात शुल्क वापस लेने और वार्ता के जरिए मसलों के समाधान का आह्वान किया है। सदर बाजार के कुतुब चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति को भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों के लिए अहितकर बताया। प्रदर्शनकारी व्यापारी अपने हाथों में बैनर लिए हुए थे। वे ट्रम्प टैरिफ नीति वापस को वापस लो, अमेरिका तानाशाही बंद करें, जैसे नारे भी लगा रहे थे।

### कन्नौज, सहारनपुर सहित कई मेडिकल कॉलेजों में नीट से हुए दाखिले रद्द

**लखनऊ-ब्यूरो।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कन्नौज, सहारनपुर ,अंबेडकर नगर, जालौन के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नीट 2025 परीक्षा के तहत हुए दाखिलों के शासनादेशों को रद्द कर दिए। कोर्ट ने आरक्षण अधिनियम 2006 के राहत मेडिकल की सीटें नए सिरे से भरने का राज्य सरकार को आदेश दिया है। अदालत ने इन मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए यूपी सरकार के विशेष आरक्षण शासनादेश को भी निरस्त कर दिया। मामले में इन मेडिकल कॉलेजों की सीटें भरने में में, कानूनी निर्धारित सीमा से अधिक आरक्षण देने के शासनादेशों को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह अहम फैसला नीट - 2025 की अभ्यर्थी सबरा अहमद की याचिका मंजूर करके दिया। याची ने अंबेडकर नगर, कन्नौज,जालौन और सहारनपुर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आरक्षण की स्वीकृत सीमा को चुनौती दी थी। याची का कहना था सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी अभ्यर्थियों को शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने को आरक्षण अधिनियम - 2006 बनाया था।

# आत्मनिर्भरता: सिर्फ विकल्प नहीं, अस्तित्व की शर्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: आत्मनिर्भर भारत दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अस्तित्व, सुरक्षा, संप्रभुता और प्रगति का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी करेगा बल्कि दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा।

यह विज़न भारत को 21वीं सदी में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद का नहीं बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता के कारण दुनिया भर में स्थिति निरंतर बदल रही हैं और भू-राजनीतिक बदलावों ने साबित कर दिया है कि रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है। रक्षा मंत्री ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं जिससे 'व्यापार युद्ध' और 'टैरिफ युद्ध' की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलग तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। उन्होंने कहा कि जब युवा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संभावनाओं से भरपूर एक राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है, तो विश्व रुककर उस पर ध्यान देता है।

### कर्नाटक: 9वीं की छात्रा की स्कूल टॉयलेट में डिलीवरी

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर तालुक में एक सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल की 9वीं क्लास की स्टूडेंट ने स्कूल टॉयलेट में बच्चे को जन्म दिया। घटना 27 अगस्त की है। पुलिस एफआईआर के मुताबिक लड़की 9 महीने की प्रेग्नेंट थी। मामला तब सामने आया जब उसके साथ पढ़ने वाली दूसरी लड़कियों ने पीड़ित को दर्द में देखा। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट को बताया। लड़की और बच्चे दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के भाई ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। जांच के दौरान 28 साल के एक व्यक्ति पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक कंथाराजू ने भी स्कूल के 2 टीचर्स को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

# आरोपी बदनाम हो, रेप विक्टिम नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: समाज को सोच बदलनी चाहिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक रेप केस की सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की बदनामी होनी चाहिए, रेप विक्टिम की नहीं। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए।

कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। आरोपी ने दलील दी थी कि अगर आप मेरे ऊपर चल रहे केस को रद्द कर दें, तो इससे पीड़ित को सामजिक कलंक और बदनामी से राहत मिलेगी। हालांकि कोर्ट ने दलील को खारिज करते हुए आरोपी पर 10000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। कोर्ट ने कहा कि बदनामी पीड़ित की नहीं, बल्कि गुनाह करने वाले पर होनी चाहिए। समाज को सोच बदलनी चाहिए। शर्म उस लड़के या आदमी को आनी चाहिए जिसने बलात्कार किया, न कि उस लड़की को जिसे इतनी बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ी। यह दलील बिल्कुल गलत है, क्योंकि अन्याय लड़की के साथ हुआ, उसके माता-पिता के साथ नहीं। सिर्फ वही पीड़ित ही अपराधी को माफ कर सकती थी, वह भी कुछ खास परिस्थितियों में। जैसा ऊपर बताया गया, पीड़ित अभी भी नाबालिग है। मामला साल 2024 का है।

# असम में मुस्लिम बस्तियों को नहीं, संविधान को किया जा रहा बुल्डोज

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अब ऐसा लगता है देश में अदालतों की कोई आवश्यकता नहीं है: जमीयत उलमा-ए-हिंद
- हमारी लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, सरकार और उसकी गलत नीतियों से है

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की एक अहम सभा अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी की अध्यक्षता में जमीयत उलमा-ए-हिंद के मुख्यालय में आयोजित हुई।

सभा में भाग लेने वालों ने देश की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, कट्टरता, अशांति, अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव, पूजा-स्थल एक्ट के बावजूद मदरसों और मस्जिदों के खिलाफ सांप्रदायिकों की जारी मुहिम और खासतौर पर असम में जारी निष्कासन और पचास हज़ार से अधिक मुस्लिम परिवारों को केवल धर्म के आधार पर बुल्डोज़ करने की कार्रवाई और फलिस्तीन में इज़रायल के आक्रामक आतंक पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई, और इन जैसे बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा हुई। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की इस अहम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने देश की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुसलमानों की एक दो समस्याएं हों, तो उन्हें बयान किया जाए, यहां तो समस्याओं का एक ढेर है। एक समस्या समाप्त नहीं होती कि दूसरी पैदा कर दी जाती है। एक विवाद ठंडा नहीं होता कि दूसरा विवाद खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों ओर से मुसलमानों पर हमले हो रहे हैं और यह सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है। ऐसा लगता है कि हिंदू-मुसलमान करने के अतिरिक्त सरकार और सांप्रदायिकता के हामियों के पास कोई अन्य मुद्दा ही नहीं रह गया है। इस समय देश की स्थिति जितनी चिंताजनक है इसका अतीत में उदाहरण नहीं मिलता, -शेष पृष्ठ दो पर

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का जखीरा बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग ने अवैध दवा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई में बिहार से लाए जा रहे दो करोड़ रुपए कीमत के ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यूपी एसटीएफ को विगत कुछ दिनों से विगत कुछ दिनों से बिहार राज्य से अवैध रूप में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद एसटीएफ ने तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछाना शुरू कर दिया। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

### सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025

**लखनऊ।** उप्र की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच देने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 सिर्फ व्यापार का नहीं बल्कि कला-संस्कृति का भी संगम बनने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस मेगा आयोजन की हर शाम रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर होगी, जिसमें भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक का संगम देखने को मिलेगा। शो में देश और प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# नेपाल से सटे जिलों में तैनात होंगे हाई टेक्नोलॉजी ड्रोन

## उप्र में विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** नेपाल के पास सीमा पार गतिविधियों और विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और नेपाल सीमा से लगे उप्र के जिलों में उन्नत ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीकें तैनात करने का निर्देश दिया है।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीआईजी मुन्ना सिंह ने बताया कि, ष्उप्र-नेपाल सीमा से लगे सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य एक मज़बूत निगरानी प्रणाली बनाना है जो घुसपैठियों या अवैध गतिविधियों का पता लगा सके। सिंह ने कहा कि ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीक की शुरुआती तैनाती रक्सौल, सोनौली और अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शुरू होगी। इसको लेकर बलरामपुर में एक उच्च-स्तरीय क्षेत्र समन्वय बैठक के बाद इसकी जानकारी दी गई।

बैठक में पुलिस सीमा शुल्क, एनसीबी, डीआरआई और खुफिया शाखाओं जैसी विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, खासकर नेपाल में इस्लामिक संघ जैसे कट्टरपंथी समूहों और सीमा पार सक्रिय अन्य संबद्ध संगठनों की गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई। सिंह ने कहा कि नेपाल में अधिकांश मदरसों और मस्जिदों को चलाने वाला अग्रणी संगठन है। इसे अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और कतर से पर्याप्त धन मिलता है।

उन्होंने कहा कि ए समूह अपने चरमपंथी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नेपाल में आबादी के कमजोर वर्गों जिनमें भारतीय वीजा पर आने वाले छात्र भी शामिल हैं, उनको प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी और तस्करी सहित सीमा पार तस्करी भी एक लगातार समस्या रही है। हाल ही में, खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े तीन संदिग्ध आतंकवादी भारत-नेपाल सीमा के रास्ते बिहार में घुसपैठ कर चुके हैं। इसलिए अब हमारा दृष्टिकोण सीमा पर केवल शारीरिक जांच से कहीं आगे जाएगा। हम देश में आने-जाने वाले सभी लोगों पर नजर रखने के लिए व्यापक प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं।

# बिहार में मील का पत्थर साबित हुई वोटर अधिकार यात्रा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 1300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा को जो सम्मान मिला है वह बिहार में आंदोलन की गौरवशाली इतिहास में मील का पत्थर बनी है और अब गरिमा और प्रतिष्ठा के साथ राज्य की राजधानी पटना में इसका समापन भी किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि 16 दिन तक चली इस यात्रा का सोमवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य समापन हो रहा है। सासाराम से 17 अगस्त को शुरु हुई इस यात्रा को बिहार के 110 विधानसभा क्षेत्रो से गुजरते हुए जो सम्मान और प्रतिष्ठा मिली उसी के अनुरूप इसका भव्य समापन भी किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने कहा कि बिहार की जनता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूरे महा गठबंधन की यह यात्रा थी, जिसने मतदाताओं को मिले अधिकार की रक्षा की लघई में ऐतिहासिक कठिनाइयां देखी हैं, लेकिन आम जनता को मिली एक मात्र शक्ति-मतदान का अधिकार जिसके छिने जाने का अकल्पनीय खतरा था, उसकी रक्षा की। उनके मन में जो डर था, उसे हटाने की ज़रूरत थी और यह यात्रा मतदाता पुनरीक्षण सूची के नाम पर लोकतंत्र बचाने के लिए आशा की किरण बनकर आई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने 25 जिलों के 110 से ज़्यादा विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए 1300 किमी का सफर तय कर बिहार के जनांदोलनों के समृद्ध इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर उभरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश भर के सम्मानित नेता, जो हमारे उद्देश्य में विश्वास रखते थे, इसमें शामिल हुए और इसे और मज़बूती दी, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ ही आज अखिलेश और पिछले हफ़्ते प्रियंका गांधी जैसे अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# यूपी के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में इसरो का मॉड्यूल पढ़ेंगे छात्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले तकरीबन पांच लाख छात्र इसरो के द्वारा तैयार मॉड्यूल का अध्ययन करेंगे। माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय इस सत्र से लागू करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर विवि की तरफ से इसरो के साथ एक एमओयू भी किया जाएगा।

माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के रिसोर्स पर्सन प्राविधिक विश्वविद्यालय के 750 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज के बैचलर आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को स्पेस टेक्नोलॉजी विषय पर एक 20 क्रेडिट का कोर्स पढ़ाएंगे। प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि शुभांशु शुक्ला का जब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने का नाम फाइनल हुआ था, तभी हमने इस विषय को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि इसको लेकर इसरो के कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन के साथ एक एमओयू जल्द ही करने जा रहे हैं। इसके तहत इसरो का यह विभाग हमारे छात्रों के लिए 20 क्रेडिट का स्पेस टेक्नोलॉजी का एक माइनर कोर्स तैयार किया है। इस माइनर कोर्स में क्या पढ़ाया जाएगा और इसकी रूपरेखा क्या होगी, यह सब कुछ इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किया गया है। यहां तक की इस विषय को पढ़ने के लिए रिसोर्स पर्सन भी इसरो के द्वारा ही प्रदान किया जाएगा।

## अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर सपा प्रमुख ने चेताया

# चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अमेरिका की टैरिफ नीति के बाद भारत की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि चीन से केंद्र की भाजपा सरकार को 24 घण्टे सतर्क रहने की जरूरत है। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।

शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होंने कहा कि जापान से संबंध बनाएं और वहां जा रहे हैं तो क्योटो भी होकर आएं। लेकिन जो चीन हमारे देश की भूमि और बाज़ार हड़प रहा है, उससे चौबीसों घंटे सतर्क रहें।



विदेश नीति वैश्विक शांति और वैकासिक साझेदारी को बढ़ावा दे, तो अच्छा है, टकराहट को नहीं। कोई भी वैदेशिक समझौता देश की सुरक्षा और समृद्धि से समझौता नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि जापान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बघवा देने के उद्देश्य से 13 अहम समझौते किए हैं। इनमें दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से जंग, एआई, सेमी

**■ कहा: जापान से संबंध बनाएं और चीन जा रहे हैं, तो क्योटो भी होकर आएं**

**■ पूर्व सीएम बोले: इस्तेमाली पार्टी है भाजपा, किसी की सगी नहीं हो सकती**

कंडक्टर समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी के 13 समझौते किए हैं। वहीं अखिलेश ने भाजपा को 'इस्तेमाली' पार्टी की संज्ञा देते हुए आरोप लगाया कि सांप्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाने वाली भाजपा किसी की सगी नहीं है। यादव ने शनिवार को एक्स पर खाद की लाइन में लगे लोगों का वीडियो साझा करते हुए लिखा- ये वीडियो भाजपा के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए, जो भाजपा राज में 'अमृतकाल' की बात कर रहे हैं। दरअसल भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है। वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा व उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है।

### अखिलेश को जनसमस्यायों से कोई सरोकार नहीं: पाठक

**अयोध्या।** उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और वह अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य एवं राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। इंडिया गठबंधन के नेता लगातार भाषाई संयम खो रहे हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प के...** की है। श्री ट्रम्प ने शुल्कों को अपनी कूट नीति का हथियार बना रखा है। उन्होंने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में चेतावनी देते हुए लिखा कि सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं। उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि उसने गलत तरीके से इन शुल्कों को हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह जानते हैं कि अंत में अमेरिका की ही जीत होगी। अगर ये शुल्क कभी हटा दिए गए, तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा। यह हमें आर्थिक रूप से कमज़ोर बना देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे और दूसरे देशों, चाहे वे मित्र हों या शत्रु, द्वारा लगाए गए अनुचित शुल्कीय और गैर-शुल्कीय व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो हमारे निर्माताओं, किसानों और अन्य सभी को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये शुल्क हमारे श्रमिकों की मदद करने और उन कंपनियों का समर्थन करने का सबसे अच्छा साधन हैं, जो बेहतरीन 'मेड इन अमेरिका' उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक, हमारे बेपरवाह और नासमझ राजनेताओं ने शुल्क को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करने दिया। अब, अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय की मदद से, हम उनका उपयोग अपने राष्ट्र के लाभ के लिए करेंगे और अमेरिका को फिर से समृद्ध, मजबूत और शक्तिशाली बनाएंगे।

**असम में...** सत्ता परिवर्तन के बाद एक के बाद एक जो घटनाएं हो रही हैं उससे अब इसमें कोई आशंका नहीं रह गई है कि भारत फ़ासीवाद की चपेट में चला गया है। सांप्रदायिकता और अराजकतावादी शक्तियों का बोलबाला हो गया है। इतिहास गवाह है कि जो समुदाय अपनी पहचान, संस्कृति और धर्म के साथ जिंदा रहना चाहता है उसे बलिदान देना पड़ता है, आज देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां नफ़रत को देश-भक्ति कहा जा रहा है और अत्याचारियों को कानून की पकड़ से बचाया जा रहा है, बल्कि देश में सांप्रदायिकता की आग में केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि देश का अस्तित्व झुलस रहा है, मौलाना मदनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज़ादी के बाद ही से सांप्रदायिक मानसिकता को खुला मैदान मिल गया, सरकार ने इस मानसिकता को समाप्त करने के लिए कभी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, ऐसे में केवल जमीयत उलमा-ए- हिंद एक ऐसा धर्मनिरपेक्ष संगठन था और है, जो हर स्तर पर सांप्रदायिक मानसिकता का मुक़ाबला कर रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन से नहीं बल्कि सरकार से है, क्योंकि देश में प्रशासनिक स्थिति को बरक़रार रखना और देश के हर नागरिक को सुरक्षा देना उसी की ज़िम्मेदारी है, इस लिए देश में जब-जब मुसलमानों के खिलाफ कोई समस्या खड़ी की जाती है हम उसके खिलाफ क़ानूनी लड़ाई लड़ने को प्राथमिकता देते हैं जिसमें पक्ष सरकार ही होता है। उन्होंने आगे कहा कि देश की आज़ादी के बाद जब हमारे कुछ बड़ों ने अपनी समस्याएं लेकर सड़कों पर उतरने की बात कही, तो कुछ लोगों ने इस का विरोध किया। उनका मत था कि हमें इस रणनीति को अपनाना चाहिए कि मुस्लिम अवाम का मुकाबला सांप्रदायिकों से नहीं सरकार से हो। अगर हम सड़कों पर उतरे, तो टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है और यह बात हमारे लिए ही नहीं देश के लिए भी हानिकारक हो सकती है। उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद अपने बड़ों के बताए हुए रास्ते पर पूरी दृढ़ता और सफलता के साथ चल रही है। टकराव की राजनीति की जगह हम क़ानूनी तौर पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। मौलाना मदनी ने अन्य अहम समस्याओं के साथ असम का विशेष रूप से ज़िक्र किया और कहा कि असम में पिछले कुछ समय से मुस्लिम आबादियों को निशाना बनाकर उसमें रहने वालों को बेघर कर देने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके मुस्लिम बस्तियों को ही नहीं असम में देश के संविधान और क़ानून को बुल्डोज़ किया जा रहा है। यह केवल राजनीति और धर्म के आधार पर की जाने वाली निंदनीय कार्रवाई है, मुसलमानों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार हो रहा है, जिसकी निंदा देश का हर न्याय-प्रिय नागरिक कर रहा है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री को न संविधान की और ना क़ानून की परवाह है और न ही न्यायालय का भय है, यही कारण है कि जब कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बुल्डोज़र कार्रवाई पर रोक लगा दी, तो दूसरी मुस्लिम बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असम में शांति व्यवस्था स्थापित करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जमीयत उलमा-ए-हिंद एकमात्र ऐसा संगठन है, जो शुरू ही से क़ानूनी संघर्ष करती आई है, जिसमें उसे हर अवसर पर सफलता मिली है, इसलिए अब ताज़ा अभियान के अंतर्गत जिस तरह धर्म के आधार पर लगभग पचास हज़ार परिवारों को बेघर कर दिया गया, जमीयत उलमा-ए-हिंद को न केवल गंभीर चिंता है बल्कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से यह अनुरोध भी करती है कि वो इस मुआमले का स्वयं नोटिस ले और जो लोग भी इस असंवैधानिक कार्रवाई में शामिल हैं उनके खिलाफ क़ानूनी क़दम उठाए, बल्कि राज्य के मुख्यमंत्री जिस तरह मुसलमानों के खिलाफ लगातार ज़हरीले बयान दे रहे हैं उनके खिलाफ भी मुक़दमा होना चाहिए ताकि राज्य में शांति व्यवस्था का वर्चस्व बाक़ी रखा जा सके। सत्ता में बैठे हुए लोगों के नफ़रती बयानों पर रोक लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद किसी भी सरकारी ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़े का समर्थन नहीं करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिन मुस्लिम बस्तियों को अवैध कह कर बुल्डोज़ किया जा रहा है वो आज की नहीं बहुत पुरानी बस्तियां हैं, अगर वो बस्तियां अवैध थीं तो इस से पहले की सरकारों ने वहां सारवजनिक सुविधाएं क्यों उपलब्ध कीं, लेकिन अफसोस कानून और न्याय को ताक़ पर रखकर केवल मुस्लिम बस्तियों को ही निशाना बनाया जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री ने अपने हालिया बयान में कहा कि हम केवल मियां मुस्लिम लोगों को निष्कासित कर रहे हैं, यह इस बात का खुला प्रमाण है कि यह कार्रवाई मुस्लिम दुश्मनी पर अधारित है और अवैध कार्रवाई है, मुख्यमंत्री यह भी कहता है कि जिन लोगों को हटाया गया है अब उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाएगा अर्थात उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि क्या अब देश में कोई कानून नहीं रह गया ? क्या किसी मुख्यमंत्री का फरमान ही अब कानून है, न्यायालय की अब कोई आवश्यकता नहीं रह गई, क्या एक मुख्यमंत्री किसी नागरिक को वोट के अधिकार से वंचित कर देने का अधिकार रखता है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही मुसलमानों के खिलाफ गैर-ज़िम्मेदाराना बयान दें, तो फिर दूसरे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा ही। असम के मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह व्यक्ति जब से मुख्यमंत्री बना है जहां जाता है ज़हरीला भाषण देता है, मुसलमानों को खुले आम घुसपैठिया कहता है। वास्तव में ऐसा करके राज्य के हिंदूओं और मुसलमानों के बीच नफ़रत की ऐसी खाई पैदा कर रहे हैं, जिसे आसानी से पाटा न जा सके और यह बात संविधान के अपमान के समान है, जिसमें देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि यह व्यक्ति असम के लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीन लेने का सपना देखता था इसी लिए 1951 की जनगणना को नागरिकता के आधार की मांग सामने आई थी मगर जमीयत उलमा-ए-हिंद के समय पर क़ानूनी संघर्ष के कारण जो निर्णय आया उसने सभी सांप्रदायिकों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया जो इस उम्मीद में पागल हुए जा रहे थे कि धारा 6-ए के निरस्त होने के बाद विदेशी क़रार देकर करोड़ों लोगों को राज्य से बाहर निकाल देंगे। उन्होंने कहा कि एनआरसी के बाद घुसपैठ और विदेशी नागरिकों का मामला बिलकुल स्पष्ट हो गया है मगर सांप्रदायिक गोलबंदी के लिए सांप्रदायिक ताकतें राज्य में इस समस्या को पुन: जीवित रखना चाहती हैं, मुसलमानों को बेघर कर देने का अभियान इसी योजना का एक हिस्सा है। जमीयत उलमा असम के अध्यक्ष मौलाना मुश्ताक अनफर और आमसू के अध्यक्ष रज़ाउल करीम अन्य लोगों के साथ दिल्ली में मौजूद हैं और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के साथ मीटिंगों का सिलसिला चल रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति के फैसले के अनुसार जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ पटीशन दाखिल कर दी जाएगी। कार्यकारी समिति ग़ज़ा में जारी नरसंहार और अमानवीय अत्याचारों की कड़ी निंदा करती है। लगभग एक लाख मनुष्यों की हत्या और आम नागरिकों को भूख प्यास से मारना आतंक की बदतरीन मिसाल है, इसके अतिरिक्त ग्रेटर इज़रायल की अराजकता और ग़ज़ा पर पूर्ण क़ब्ज़े की घोषणा, फलस्तीनियों को मिटाने और बाक़ी बची भूमि हड़पने की बदतरीन साज़िश है। कार्यकारी समिति जमीयत उलमा-ए-हिंद गाजा में युद्धविराम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ताक़तों से मांग करती है कि वो ग़ासिब इजरायल के खिलाफ निर्णायक कदम उठाएं। इसके साथ खुराक, ईंधन और तुरंत मेडिकल सहायता के लिए रास्तों को खुलवाएं और भारत सरकार से भी यह मांग करती है कि इज़राईल के आक्रामक एवं अत्याचारी क़दम की निंदा करते हुए उसके साथ सभी फौजी और इस्ट्रैटजिक संबंध को तोड़ दे। जमीयत उलमा-ए-हिंद सभी नागरिकों और संगठनों से भी अपील करती है कि वो पीड़ित फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करें और पीड़ितों की आवाज़ बनें। जमीयत उलमा-ए-हिंद का यह मानना है कि इस तबाही व बर्बादी में अमरीका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वो प्रथम भागीदार है और वो यह चाहता है कि गाजा को इंसानी आबादी से खाली करके यहां यहूदीयों को बसाया जाए, लेकिन कदापि ऐसा नहीं होगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मत रहा है कि एक आज़ाद और स्वतंत्र राज्य की स्थापना ही फलस्तीन समस्या का स्थायी समाधान है। इस गंभीर और ख़तरनाक स्थिति में अमरीका और उसके अध्यक्ष की गासिब और ज़ालिम इज़राईल का अनुचित समर्थन बहुत निंदनीय है। कार्यकारी समिति गाजा के मुजाहिदीन के साहस को सलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमरीका, इजरायल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण समापन चाहते हैं आज बुरी तरह असफल हैं, इस परिदृश्य को क़ायम रखने के लिए नि:संदेह गाजा के एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीयत उलमा-ए-हिंद स्वतंत्रता प्रेमी फलस्तीनियों को अपनी हार्दिक सहानुभूति का आश्वासन दिलाती है और उनकी स्वतंत्रता की मांग का दिलो-जान से समर्थन करती है। अल्लाह तआला फलस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी सहायता करे अथवा उनके दुश्मनों को नष्ट और बर्बाद कर दे, आमीन।

# इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण कंपोनेंट देश में बनें



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पहली तिमाही में देश के 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर हासिल करने पर खुशी जाहिर की और उद्योग जगत से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सभी कंपोनेंट भारत में ही बनाने की अपील की।

वैष्णव ने यहां इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस के राइनोटेक टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश का जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सारी दुनिया में जब उथल-पुथल है, अनिश्चितता का माहौल है, इस अनिश्चितता के माहौल में हिंदुस्तान एक स्थिर, जीवंत, बढ़ती हुई और नवाचारी उत्पाद बनाने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। सारी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी पारिस्थितिकी देश में विकसित हुई है। इन 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बन चुका है।

करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बुहत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का बुहत ही अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से मोबाइल फोन में, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों में लगने वाले जितने भी कंपोनेंट हैं, उन सभी कंपोनेंट का देश में निर्माण करें, उन सभी कंपोनेंट के लिए अनुसंधान और डिजाइनिंग देश में हो, उन सारे कंपोनेंट का एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारत बने, उस प्रयास में हम लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेंपर्ड ग्लास की तरह बहुत जल्द देश में 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप तैयार होगी।

कुछ ही दिनों एक सेमीकंडक्टर प्लांट की पहले पायलट लाइन शुरू हुई थी। वैसे ही लैपटॉप, सर्वर भी अब देश में बनने लगे हैं। कुल मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक्स की पारिस्थितिकी देश में काफी अच्छी बन रही है और इसमें लगभग 25 लाख लोगों को वर्तमान में रोजगार मिला हुआ है और यह तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद



ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Ph. 9027879829, 9411626066

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## साझे में जिम चलाने मुजफ्फरनगर आया था शामली से मृतक सचिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में किराये के मकान में रह रहे कस्बा झिंझाना के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि मृतक युवक करीब डेढ़ वर्ष से यहां रहता था। पुलिस का कहना है कि शराब के सेवन से युवक की मौत हुई है।

वहीं दूसरी और शाहपुर क्षेत्र के गांव काकडा में किसान के नौकर का शव जंगल में अमरूद के पेड पर फांसी पर लटका हुआ मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

जनपद शामली के थाना झिंझाना गांव दरगाहपुर निवासी 32 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र सालेन्द्र अपने परिवार का इकलौता बेटा था उसके पिता की काफी समय पूर्व मौत हो गई थी और वह अपने गांव से कारोबार के सिलसिले से मुजफ्फरनगर आया था। सालेन्द्र के चाचा दर्शन सिंह की माने तो सचिन कुमार ने बताया था कि वह टीपी नगर के रहने वाले सुशील कुमार के साथ पाटनरशिप में जीम चलाता है। परिवार के लोग सचिन कुमार को यही सोचते रहे कि वह अपने साथी सचिन कुमार के साथ जीम चलाता है। बीती रात परिवार के लोगों को सूचना मिली थी कि सचिन कुमार का शव उसके किराये के मकान में पड़ा हुआ है।

सचिन कुमार के परिजनो से पहले पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी और घटना की छानबीन कर रही थी। छानबीन के आस-पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि शराब पीने से सचिन की मौत हुई है,जबकि परिवार के लोग इसको संदिग्ध मौत बता रहे है फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इकलौते बेटे सचिन कुमार की मौत से परिवार में शोक छाया हुआ है।

वहीं दूसरी और आसाम के रहने वाले युवक ने शाहपुर थाना क्षेत्र में अमरूद्ध के पेड़ पर लट कर फांसी लगा ली है। पुलिस ने इसके शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि 20 वर्षीय पीटर बिलसिरी आसम का रहने वाला था और वह शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी सत्यपाल किसान के साथ ढ़ाई वर्ष से खेती की देखभाल करता था।

विगत दिवस पीटर अपने मालिक से खेत में पानी चलाने के लिए कह कर गया था, लेकिन जब वह घर नही लौटा और किसान ने खेत पर जाकर देखा तो पीटर का शव अमरूद के पेड पर लटका हुआ था।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।

### पत्नी के वियोग मे गंग नहर मे कूदकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**भोपा।** पत्नी की मृत्यु के बाद मानसिक तनाव मे चल रहे वृद्ध ने भोपा गंग नहर मे कूदकर जान दे दी। परिजनों की मौजूदगी मे पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। भोपा गंग नहर पुल पर शनिवार शाम एक बुजुर्ग व्यक्ति ने नहर मे छलांग लगा दी। जिसे देखकर एक साहसी राहगीर भी नहर मे कूद गया और बुजुर्ग को बाहर निकाल लिया। बेहोश हालत मे बुजुर्ग को भोपा सामुदायिक अस्पताल मे लाया गया,जहां वृद्ध को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के कपड़ो से मिले कागजात से जानकारी कर परिजनों को सूचना दी गयी। मृतक की पहचान रामकिशन उपाध्याय 70 वर्ष निवासी विनोद विहार पंजाबी कॉलोनी सहारनपुर के रूप मे हुई।सूचना पर पहुंचे मृतक के पुत्र प्रमोद व सुजीत ने बताया की उनके पिता की ससुराल ककरौली गांव मे है। ससुराल जाने को कहकर पिता घर से निकले थे।एक वर्ष पूर्व पत्नी के देहांत के बाद रामकिशन मानसिक तनाव मे चल रहे थे।



**मुजफ्फरनगर:** रामपुरी में एक साथ उठी छह शवों की अंत्येष्ठी में शोक जताने पहुंची महिलाएं।

# एक साथ उठी छह अर्थियों को देखकर रो पड़े सब

## चार माँ-बेटियों का किया गया अंतिम संस्कार, मासूमों को दफनाने की प्रक्रिया हुई






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू कश्मीर के कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए रामपुरी के 23 लोगों के साथ भयानक हादसे से सभी लोग शोक में डूबे हुए है। एक ओर भयानक तस्वीर शनिवार को सामने आई जब छह लोगों के शव एक सात यहां पहुंचे और जब छह तीर्थ यात्रियों की अरथी एक साथ लोगों ने कंधे पर उठाई तो मानो यह नजारा देखकर कोई भी अपने आप आंसु रोक नहीं पाए परिवार के साथ सभी लोग पूरी तरह गमगीन थे और इस दौरान परिवार में जहां कोहराम मचा था वहीं लोग एक-एक करके नम आंखों से परिवारों को विलाप करते देखकर भावुक हो रहे थे। एक साथ रखी छह आरथिया के साथ हजारों लोगों की भीड़ यहां मौजूद थी और कांधा देकर सभी छह अरथियों को लोग श्मशान घाट ले गए। इस दौरान सभी पार्टी के राजनैतिक लोगों ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। जम्मू कश्मीर के कटरा स्थित वैष्णो देवी पर इस बार आई आपदा में अर्द्धकुमारी के निकट भूस्खलन में हादसे का शिकार हुए मुजफ्फरनगर के कई लोगों को जिन्दगीभर का रोना दे गया है। वैष्णो देवी पर 26 अगस्त के दिन भूस्खलन हुआ था जिसमें कार्तिक की मौत के बाद माँ-बेटी व दो भाईयों सहित सात लोगों की मौत की खबर आने लगी थी। और लोग इस बात को लेकर पूरी तरह गम में डूबे हुए थे कि दर्शन को गए मृतकों के परिजनों का भी कोई पता नहीं चल पा रहा था इतनी खबर जरूर आ रही थी कि कुछ घायलों को जम्मू के अस्पताल में ही इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। परिवार के लिए एक ओर दुख था कि वह न तो अपनो से मिल पा रहे थे और न ही अस्पताल तक पहुंचने का कोई रास्ता मिला। अभी तक लोग सभी लोगों के शव के आने की इंतेजार में एक दूसरे से मिलकर रो रहे थे, लेकिन शनिवार को एक बार फिर उस वक्त यहां भारी शोक छा गया और परिवार के लोग अपने-अपने शवों को देखकर रोने बिलखने लगे। इस समय परिवार के छह श्रद्धालुओं के शव यहां पहुंचे थे जिनमें दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी 55 वर्षीय धर्मवीर सिंह चार परिवारों के 23 लोगों के साथ 25 अगस्त को जम्मू के तवी एक्सप्रेस ट्रेन से माता के दर्शन के लिए निकले थे। 26 अगस्त को अर्द्धकुमारी से माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु अभी चढ़ाई कर ही थे, कि अचानक भूस्खलन से पानी के साथ भारी मलबा नीचे आया और सभी श्रद्धालु इसकी चपेट में आ गए थे। इसमें अनन्त कुमार और दिपेश कुमार उर्फ दमरू पुत्रगण अजय प्रजापति, रामबीरी देवी, अंजलि, ममतेश उर्फ ममता, आकांक्षा आदि की मौत हो गई थी। इन सभी के शव शनिवार को छह बजे दक्षिणी रामपुरी में पहुंचे। सभी छह शवों को काली नदी रोड स्थित शहर के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मासूम दोनो बच्चों के शवों को सुपुर्द-ए-खाक करने की प्रक्रिया अपनाई गई।

### हर छह माह बाद रामपुरी से तीर्थ यात्रा पर जाता है श्रद्धालुओं का जत्था

**मुजफ्फरनगर।** दक्षिणी रामपुरी से हर छह माह बाद यहां के कई परिवार हर छह माह बाद तीर्थ यात्रा को जाते है, लेकिन कभी ऐसी कोई घटना नहीं घटी जैसे सात लोगों की मौत ने लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया। यह धार्मिक यात्रा पांच वर्षो से चल रही है। दक्षिणी रामपुरी के रहने वाले गौतम प्रजापति का कहना है कि पांच वर्ष से उन्होने धर्मवीर प्रजापति दल के संयोजक और अजय प्रजापति के साथ मिलकर धार्मिक यात्रा की शुरूआत की थी। इस मौहल्ले की करीब चार गलियों में प्रजापति समाज रहता है और हर छह माह बाद यह परिवार माता के दर्शन को जाता है। इस माह भी पहले की तरह माता वैष्णो देवी के दर्शन की योजना बनी थी। इस बार तीनों ने यह यात्रा तय की, लेकिन इस बार पूरी रूप रेखा तैयार करने वाला गौतम तीर्थ यात्रा को नहीं जा पाया था।

### हादसे में मरे दो भाइयों के घर बनाने में सहायता करेंगे कादिर राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मौहल्ला दक्षिणी रामपुरी मौहल्ले के वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भूस्खलन हादसे में मारे गए दो सगे भाई नौ वर्षीय अनन्त और आठ वर्षीय दितेश सहित सात श्रद्धालुओं की मौत से पूरा शहर ही नहीं जनपद में शोक छाया हुआ है। इसमें हर जाति व धर्म के लोग शोक में डूबे हुए है। मृतक के परिवारों को सांत्वना देने व उनसे मिलने के लिए सभी पार्टियों के नेताओं का आवागमन लगा हुआ है और सभी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का आश्वासन दे रहे है। इसी बीच पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे सपा नेता और पूर्व सांसद कादिर राणा ने इस हादसे में मरे दिपेश और अनन्त के परिवार की जब तंगहाली में गुरबत की जिन्दगी देखी तो वह भावुक हो गए उन्होने मौके पर ही मदद का ऐलान कर दिया। जम्मू कश्मीर में माँ वैष्णो देवी यात्रा के दौरान अर्द्धकुमार के निट भूस्खलन में कई परिवार उजड गए है। नगर के मौहल्ले के दक्षिणी रामपुरी से यात्रा पर गए श्रद्धालुओ में से अब तक करीब सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग व महिलाएं भी शामिल है। मृतकों में अनन्त, दिपेश, ममतेश, राजबीरी, अंजली सहित सात लोग शामिल है। इस हादसे में एक ही मौहल्ले के दो मासूम बच्चों और माँ-बेटी समेत पांच लोगों की जिन्दगी चली गई है। शनिवार को मृतक के शव जम्मू कश्मीर से मुजफ्फरनगर पहुंचने की इंतेजार लोग करते रहे इस समय पूरे क्षेत्र में मातम सा छाया रहा। सात लोगों की मौत के साथ-साथ पन्द्रह से अधिक लोगों को घायल बताया जा रहा है जिनका जम्मू में ही इलाज चल रहा है। इसी बीच शुक्रवार की रात सपा नेता और पूर्व सांसद कादिर राणा का प्रतिनिधि मण्डल यहां पहुंचा इस दौरान पूर्व मंत्री राज्य सचिव राजकुमार यादव, प्रमोद त्यागी, अब्दुल राणा पीडित परिवार से मिलने पहुंचे और दिपेश और अनन्त के दादा देशराज से बात की। उन्होने 51 हजार रूपये और सरिया देने की घोषणा की।

### भाजपा, सपा, बसपा व भाकियू नेताओं सहित अफसरों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामपुरी में तीन घरों से दो मासूम भाई सहित छह तीर्थयात्रियो की अरथियां निकली तो यहां पर सपा सचिव व सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, भाकियू प्रवक्त चौधरी राकेश टिकैत, पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, बसपा नेता दारा सिंह प्रजापति, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा प्रमोद त्यागी एडवोकेट, श्रवण मोघा, सभासद अर्जुन प्रजापति, सत्यवीर प्रजापति, सुनिल दर्शन, रजत धीमान, विशाल गर्ग, एसडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह और एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी सहित जिले के अफसरों ने भी शोक व्यक्त करते हुए अंतिम यात्रा में शामिल हुए और पीड़ित परिवार को मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा ने भी अर्थी को कंधा दिया।

# बीस घंटे बाद नदी से मिला महिला का शव

## जंगल में चारा लेने गई थी मृतका, परिजन कर रहे थे तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** ग्राम अटाली नूनाखेडा पुल के निकट चारा लेने गई महिला अचानक ही हिंडन नदी में गिर गई थी तभी से पुलिस व गोताखोर महिला की तलाश में लगे थे। बीस घंटे बाद महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। शुक्रवार को यह चर्चा थी कि महिला नहर में कुदी है फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तितावी क्षेत्र के गांव नूनाखेडा निवासी नीशा कश्यप 35 वर्ष शुक्रवार को जंगल में चारा लेने गई थी वह पुल के पास पहुंची तो अचानक पैर फिसल जाने के कारण हिंडन नदी में गिर गई थी कुछ देर बाद ही हिंडन नदी के आस-पास दूर तक ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी सभी लोग महिला की तलाश कर रहे थे मौके पर पहुंची पुलिस ने भी गोताखोरो से नदी में महिला की तलाश कराई करीब बीस घंटे बाद महिला का शव बरामद किया गया।

बताया जाता है कि नूनाखेडा निवासी राजू उर्फ कल्लू की पत्नी नीशा चारा ले जाते समय अचानक ही नदी में गिर गई थी, लेकिन इस समय तक परिवार के लोगों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी पूरा परिवार महिला की तलाश में इधर उधर घुमता रहा, लेकिन रात होने तक भी उसका कोई सुराग नहीं लगा था। इस दौरान पीएसी की टीम भी महिला की तलाश कराने में लगी रही और सवेरा ग्यारह बजे शव बरामद होने के बाद उसको पीएम के लिए भेजा।

थाना प्रभारी का कहना है कि पैर फिसल जाने के बाद ही 35 वर्षीय नीशा कश्यप हिंडन नदी मेंगिर गईथी, लेकिन परिजनों को इस संबंध मे कोई जानकारी नहीं थी। इस परिवार में बड़ी बेटी ग्यारह साल की विशिया और नौ साल का बेटा लक्ष्य, सात वर्ष का शौर्य और पांच वर्ष का सोनाक्षी है। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा है तो गांव में भी शोक की लहर दौड गई।

### सरिये के गोदाम से नकदी व तार चोरी

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के भोपा रोड पर सरिया व्यापारी के कुछ दिन के भीतर बदमाशों ने चोरी की दूसरी वारदात को अजाम दिया। बदमाश सरिये के तार के साथ डीवीआर भी ले गए है। पुलिस ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

मौहल्ला शांतिनगर निवासी मयंक शर्मा ने भोपा रोड पर सरिया का गोदाम खोल रखा है। बीती रात बदमाश उनके गोदाम से पन्द्रह मंडल सरिये का तार व यहां लगी डीवीआर उखाड कर ले गए। व्यापारी का कहना है कि बदमाशों ने बिक्री के एक लाख रूपये भी साफ कर दिए है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर खुलासे का आश्वासन दिया है।

### बीएसएनएल के रिटायर्ड एजीएम शकील का इंतकाल

■ यूडीओ के सदस्य रहकर करते रहे समाजसेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** उर्दू डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के वरिष्ठ सदस्य एवं बीएसएनएल के रिटायर्ड एजीएम हाजी शकील के इंतकाल की ख़बर ने पूरे शहर को ग़मज़दा कर दिया है। वह न सिर्फ़ सरकारी सेवाओं में अपनी ईमानदारी और लगन के लिए जाने जाते थे, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी समाजी व तालीमी गतिविधियों में सक्रिय रहे।

शनिवार को सुबह हाजी शकील की तबीयत अचानक बिगड़ने के उन्हें चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां इलाज़ के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। हाजी शकील के इंतकाल की इत्तला मिलते ही रंजो-ग़म का माहौल छा गया। इस दौरान कलीम त्यागी, तहसीन अली असारवी, असद फारुकी, मास्टर वकील अहमद, मास्टर इम्तियाज,मास्टर इक़बाल, डॉक्टर शमीमुल हसन, साजिद तयागी, डॉक्टर सलीम सलमानी, शहजाद त्यागी, हाजी सलामत, शमीम कसार, गुलफाम अहमद, शमीम इदरीसी, सलीम इदरीसी, इशरत त्यागी , इस्लाम एडवोकेट, हाजी इकराम, शाहिद मेंबर , शाहिद बुढ़ाना, मौलाना मूसा कासमी ने उनके जनाजे में शिरकत की।

### हापुड़ व मेरठ के युवाओं ने भर्ती में लिया भाग



**मुजफ्फरनगर:** अग्निवीर सेना भर्ती के लिए चल रही युवाओं की सेन्य भर्ती के दौरान शनिवार को जिला मेरठ और हापुड के युवाओ ने दौड़ के साथ-साथ भर्ती की अन्य प्रक्रिया में हिस्सा लिया। यहां पर 1062 अभ्यर्थी शामिल रहे।

### पार्टी सुप्रीमो जयंत का शोक संदेश लेकर परिवार का दुख बांटने पहुंचे रालोद नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** वैष्णो देवी में हृदयविदारक प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के साथ दुख बांटने पहुंचे रालोद नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी की तरफ से शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वाशन देते हुए कहा कि दुख की उस घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ खड़ा है। दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक वारिस राव, रालोद ज़िलाअध्यक्ष संदीप मलिक, प्रदेश सचिव रालोद एवं सभासद हाजी राजू आढ़ती, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पति की हत्यारोपी पत्नी पुलिस के हत्थे चढ़ी

■ पैसों के लालच में फांसी लगाकर पत्नी ने की थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस को एक माह से पति की हत्या करके फरार चल रही मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद खुलासा हुआ कि मृतक अपने परिवार को नौकरी के पैसे देता था और पैसों के लालच में महिला ने फांसी लगाकर पति को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने महिला को जेल भेज दिया है।

मंडी पुलिस का कहना है कि 29 जुलाई को बुढ़ाना के गांव टांडा माजरा निवासी भोपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र संजय की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में पत्नी को ही नामजद किया था, क्योकि मृतक के परिजनों ने ही पत्नी को ही मौत का आरोपी ठहराया था पुलिस का कहना है कि उन्होने इस मामले में मृतक संजय की पत्नी कविता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि उसकी शादी 2000 में हुई थी और कविता मूलरूप से गांव रांधना थाना सरधना जनपद मेरठ की निवासी है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी कविता ने बताया कि उसका पति संजय नौकरी के सभी पैसे अपनी दूसरी पत्नी के बच्चों और पिता को देता था। कई बार समझाने के बाद भी संजय ने अपने परिवार को पैसा देना नहीं छोडा था। घटना दिन करीब साढ़े आठ बजे के बाद जब उसका पति बरामदे में सो गया तो उसने रस्से से फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। और परिजनों ने बताया था कि अचानक अटैक पड जाने के कारण उसके पति संजय की मौत हो गई है घटना के दिन संजय के परिजन इसको एक संभावित मौत मानकर उसको अंतिम संस्कार के लिए बुढ़ाना की ओर जा रहे थे। जब संजय के अंतिम संस्कार की मौत की गई तो उसके गले पर पड़े निशान से पत्नी कविता संदेह के घेरे में आ गई थी और घटना के बाद से वह फरार चल रही थी। पुलिस ने आज कविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चार माह बाद पकड़ा चैन लूटेरा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने चैन स्नैचिंग गिरोह के एक सदस्य को करीब चार माह बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चैन स्नैचिंग की वारदात की थी और पुलिस ने इस के पास से दस हजार कर नगदी बरामद की है। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि 19 अप्रैल को राजकीय मैदान के सामने से एक महिला के गले से चैन स्नैचिंग की घटना हुई थी जिसका मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया था। पुलिस के लिए यह खुलासा टेढ़ी खीर साबित हो रही थी। पुलिस ने घटना स्थल से लेकर गिरफ्तारी तक करीब 500 कैमरे चैक किए और सभी की सीसीटीवी फुटेज निकालकर सभी से उनकी पहचान कराई यू कहा जाए कि चार माह से अधिक बीतने के बाद पुलिस ने इस मामले में ओवेश उर्फ उवेश उर्फ शूटर पुत्र अफसर थाना नौचंदी मेरठ को गिरफ्तार किया है।

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने फ़िर बढ़ाया मदद का हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय जड़ौदा में कार्यरत शिक्षक राजकुमार का पिछले वर्ष नवंबर महीने में मेरठ रोड पर सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। शिक्षकों और कर्मचारियों ने मात्र 15 के सहयोग से सीधे उनके परिवार के बैंक अकाउंट में 49 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश संगठन मंत्री और कोर टीम सदस्य डॉक्टर फर्रुख हसन ने बताया कि टीचर्स सेल्फ के टीम की स्थापना जुलाई 2020 में विवेकानंद ने अपने कुछ साथियों के साथ की थी । आज इस संस्था से उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी जुड़े हुए हैं जो अपने दिवंगत साथी के परिवार को सीधे उनके अकाउंट में आर्थिक मदद करते हैं।

इस महीने प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 दिवंगत शिक्षक परिवारों को सीधे उनके अकाउंट में लगभग 10 करोड रुपए की मदद भेजी गई है । एक परिवार के अकाउंट में सीधे प्रत्येक सदस्य द्वारा मात्र 15 का सहयोग किया जाता है जिससे परिवार को लगभग 50 लाख की धनराशि मिल जाती है। पारदर्शिता और निस्वार्थ भाव के साथ अपनी स्थापना से आज तक लगभग पांच वर्षो में टीचर्स सेल्फ केयर टीम अपने सदस्यों की सहायता से 396 शिक्षक परिवारों की लगभग 168 करोड़ रुपए से ज़्यादा की मदद कर चुकी है। भारत के इतिहास में किसी भी संस्था द्वारा अपने सदस्यों के सहयोग से इतनी बड़ी सहायता राशि पहली बार दी गई है। मुजफ्फरनगर जिले में अब तक सात दिवंगत शिक्षक परिवारों की लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए से ज़्यादा की मदद की जा चुकी है।



### नाबालिग को भगाने का आरोपी दबोचा

**तितावी।** नाबालिग लड़की को भगा लेने जाने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को ढिंढावली पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी को जेल भेज दिया। तितावी थाना प्रभारी पवन चौधरी ने बताया कि 23 अगस्त को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तितावी थाने में अपनी नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी अश्वनी पुत्र दीपक निवासी ग्राम रंगाना थाना झिंझाना जनपद शामली को तितावी थाना क्षेत्र के ढिंढावली पुलिया से शाहपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर तितावी पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त कुशलवीर पुत्र ऋषिपाल निवासी नरोत्तपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर अदालत में पेज किया।

# पांच किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर की चोरी, हजारों का नुकसान

## चरथावल क्षेत्र में चोरों से किसान हुए परेशान, कैसे करे सिंचाई

**चरथावल।** ग्राम कान्हाहेड़ी व गुनियाजुड़ी के जंगल से रात्रि में पांच किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर बदमाशों ने हजारों रुपये के विद्युत केबिल,कटआउट,स्टार्टर चोरी कर लिये है। जबकि कुछ उपकरणों को तोड़कर नष्ट कर दिया। भाकियू नेता विकास शर्मा व किसानों ने आये दिन नलकूपों से हो रही चोरी की घटनाओं पर रोष व्यक्त किया है।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कान्हाहेड़ी निवासी किसान पूरन चंद शर्मा,संजय कुमार,सुरेन्द्र कुमार व गुनियाजुड़ी निवासी भोपाल,रमेश कुमार आदि के जंगल में स्थित नलकूपों के दरवा. जों पर लगे ताले तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने केबिल,स्टार्टर व अन्य बिजली के उपकरण चोरी कर लिये

।वही ग्राम प्रधान संजय सैनी के नलकूप पर भी चोरी का प्रयास किया गया परन्तु कई ताले होने के कारण चोर चोरी करने में विफल रहे।किसानों को नलकूप से चोरी की जानकारी सोमवार को उस समय हुई जब वह पशुओं के लिए शनिवार को चारा लेने जंगल में पहुंचे।

किसानों के नलकूपों पर चोरी की सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गयी। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना कि चोरी की घटना का शीघ्र राजफाश कर दिया जायेगा।

# डिजिटल युग में विद्यार्थी समय के साथ आगे बढ़ें: हरेन्द्र मलिक

**तितावी ।** सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा से आगे बढ़े। गांव पढ़ेंगे, तभी आगे बढ़ेंगे।

स्वामी कल्याणदेव डिग्री कालेज बघरा के सभागार में डिजी शक्ति मिशन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक ने टैबलेट वितरित किये। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थी समय के साथ आगे बढ़े। जीवन में शिक्षा अमूल्य है। अनुशासन, लगन और मेहनत से पढ़ाई पर ध्यान देंगे तो हमेशा सफल होंगे। संस्था में बेटियों की संख्या बताती है कि वो शिक्षित होना चाहती है। आत्मनिर्भर बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की निधि है। मलिक ने कहा कि वीतराग स्वामी कल्याणदेव के तप, त्याग और विराट पुरुषार्थ से बघरा में शिक्षा केंद्र बने। शिक्षा ;षि के मूल्यों, आदर्शो को नहीं भूलना चाहिए। समारोह अध्यक्ष पूर्व इंजीनियर विशंभर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी कठिन वक्त में भी स्वयं को संभाले और कड़े परिश्रम से लक्ष्य हासिल करें। छात्र-छात्राये मन, वचन और कर्म के महत्व को समझे। संस्था सचिव सरदार आलम ने कहा कि डिजिटल शिक्षा समय की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ ब्रज गोपाल शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये जा रहे है। रमेश मलिक, हरिमनेष, ओमदत्त देव ने विचार रखे। संचालन डॉ फरहाना राणा ने किया। डॉ धीरज, डॉ रोजी शर्मा, डॉ वंदना, डॉ रणधीर कुमार, डॉ रश्मि तायल, डॉ प्रदीप, डॉ सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। डॉ विपिन, शालीना, साक्षी सिरोही, शेखर आदि का सहयोग रहा।

# परिवार से नाराज किशोर ने की आत्महत्या

**मीरापुर।** मोहल्ला नमक मंडी निवासी पारस कश्यप पुत्र सोनू कश्यप उम्र 16 वर्ष शनिवार की प्रात: किसी बात को लेकर अपने परिजनों से नाराज हो गया था। नाराजगी के चलते उसने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने दरवा. जा तोड़ा तो देखा कि पारस पंखे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। तुरंत उसे फंदे से उतारकर चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गमगीन माहौल में परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के ही शव को गंगा बैराज पर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

# रिलायंस टावर से महंगे उपकरण चोरी

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला में लगे रिलायंस जियो के टावर से चोरी की वारदात सामने आई है। चोर टावर पर लगे महंगे उपकरण चुराकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर कंपनी के टेक्नीशियन ने पुलिस से शिकायत की है। ग्राम कासमपुर खोला स्थित जियो टावर से अज्ञात चोरों ने कुछ दिन पूर्व आरआरएच 3500 बैंड 5जी उपकरण चोरी कर लिया था। यह उपकरण नेटवर्क संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया जा रहा है। चोरी का पता चलने पर रिलायंस जियो के टेक्नीशियन गौरव कुमार अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल निवासी मंगल पांडे नगर, मेरठ ने थाना मीरापुर पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बुढ़ाना।** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट की ओर से ग्राम खिजरपुर उर्फ़ मदीनपुर में नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 64 लोगों की रक्त जांच की गई। इस ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय पर जांच और सही स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना है ताकि वे किसी भी बीमारी से पहले ही सचेत हो सकें। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और आगे भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की अपील की। इस दौरान यहां पर सहयोग देने मे मुख्य रूप से मास्टर मुनीर, इसरार अहमद, इश्तेकार अहमद, राकेश कुमार, डॉक्टर आदेश कुमार, मुर्सलीम अहमद, यासर खान, शोक. ीन सलमानी, अ"यूब अहमद, प्रदीप कुमार ,पूरन सिंह और हारून अहमद सहित आदि गणमान्य लोगों ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 2256/04.03.2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **सिमरा राना (SIMRA RANA)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मौ0 नदीम (MOHD NADEEM) पुत्र मौ0 अफजाल**
म0नं0 640, खालसा पट्टी, सूजड़ू, मु0नगर मो0 नं0 8340319300

### रामलीला का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** बीती शुक्रवार की देर रात कस्बा बुढ़ाना में स्थित श्री जाहरवीर गोगा बाबा की प्राचीन म्हाडी स्थल मोहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा और चांदनी वाला मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में बाबा जी की धारावा. हिक लीला का कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया।

# मेप्लस एकेडमी में खेल सप्ताह का हुआ समापन

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी में राष्ट्रीय खेल सप्ताह का हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ समापन हुआ।

यह विशेष अवसर हमारे देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा विद्यार्थियों में खेल भावना अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर एकेडमी परिसर खेलमय वातावरण में गूंज उठा । विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अंतर सदन के मध्य प्रतिस्पर्धा रखी गई। जिन छात्रों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे एमपीएल क्रिकेट में नेहरू सदन में प्रथम और आजाद सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता बालिकाएं डबल्स और सिंगल्स दोनों श्रेणियों में नेहरू सदन की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में भगत सदन के आदित्य ने अपनी गहरी सोच और रणनीति से प्रतिद्वंदियों को मात दी और खिताब अपने नाम किया। खेल और क्रीडा पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पटेल सदन के प्रतिभागियों ने खेलों से जुड़े रोचक प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर देकर अपनी ज्ञानवर्धक योग्यता सिद्ध की। सभी प्रतिभागियों ने टीमवर्क अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से मेपल्स एकेडमी के प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव, आशीष कुमार, विपिन वर्मा, ललिता, अजेंद्र, मोहित और विपिन विश्वकर्मा आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद




रही। एकेडमी के उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल हमें केवल तंदुरुस्त ही नहीं रखते बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस दिन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी और स्मरणीय बताया।

# ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खतौली।** नगर के आर्यपुरी भूड़ इलाके में दो दिन पूर्व देर रात बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर पूरे मोहल्ले में सनसनी फैला दी। तीन बाइकों पर सवार छह हमलावरों ने एक रिटायर्ड फौजी के मकान को निशाना बनाते हुए गोलियां बरसाईं थी। अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरा इलाका दहशत में आ गया था। घटना के बाद मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित अशोक कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी आर्यपुरी भूड़ ने बताया कि रात करीब 12रू30 बजे वह परिवार संग घर में सो रहे थे। अचानक गोलियों की आवाज सुनकर सभी की नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो मकान की दीवार पर दो गोलियों के निशान बने हुए थे। पुलिस ने मौके से 315 बोर व 312 बोर के कई खोखे बरामद किए हैं। पीड़ित के पिता ओमप्रकाश द्ध70ऋ, जो आमह्न से रिटायर्ड एक्स सर्विसमैन हैं, ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वह पत्नी के साथ घर पर रहते हैं, जबकि दोनों बेटे आमह्न में नौकरी पर बाहर तैनात हैं। घटना से पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित अशोक कुमार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 3072/24.03.2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **मो0 शाद राना (MOHD SHAAD RANA)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मौ0 नदीम (MOHD NADEEM) पुत्र मौ0 अफजाल**
म0नं0 640, खालसा पट्टी, सूजड़ू, मु0नगर मो0 नं0 8340319300

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 10081/16.09.2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **अदीना राना (ADEENA RANA)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मौ0 सलीम (MOHD SALEEM) पुत्र मौ0 अफजाल**
म0नं0 640, खालसा पट्टी, सूजड़ू, मु0नगर मो0 नं0 9837887067

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जैन समाज को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जैन समाज संघ अटाली से जुड़े सभी संभ्रांत लोगों को भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बधाई दी है।

बीती शुक्रवार के दिन भारत देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की ओर से उनकी उप प्रेस सचिव नाविका गुप्ता ने एक संदेश पत्र जैन समाज अटाली को भेजा है। राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए इस संदेश में लिखा गया है कि जैन समाज संघ अटाली मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश द्वारा 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक जैन समाज परंपरा का पवित्र पर्व पर्युषण पर्व मना रहा है।

यह वाकई में एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने इस आयोजन से जुडे सभी श्रावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस आशय का पत्र मिलते ही जैन समाज संघ



अटाली से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी और कहा कि हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनके समाज की जो सुध ली है वह वास्तव में उनके जैन समाज के लिए बहुत ही बड़े गौरव की बात है। इस संदेश पत्र को मंदिर में लगवाया जाएगा ताकि यहां पर आने वाले श्रदालुओं को अपने समाज पर फख्र हो।

# भारतीय परिवारों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया

**बुढ़ाना।** किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक संसाधन केंद्र बुढ़ाना की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद एवं क्षमा जांगिड़ के द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा की गई। इसके पश्चात दिवस पांच के सत्र प्रारंभ हुए। सर्वप्रथम दिवस चार के दोहराव के बाद आधारभूत और प्रारंभिक चरणों में क्या अधिक महत्वपूर्ण है। भारतीय ज्ञान प्रणाली या भारत के ज्ञान को समझाया गया और प्रतिभागियों से उनके बारे में चर्चा की गई। कक्षा 01 से 03 तक की अंग्रेजी पाठड्क्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली को कैसे शामिल किया गया है। कार्य पुस्तिका बच्चों के लिखने की कला में किस प्रकार से उपयोगी है तथा पुस्तक को उपयोगी बनाने में कार्य पुस्तिका के महत्व को विस्तृत चर्चा कर समझाया गया। अंग्रेजी विषय में संतूर पुस्तक में एनसीईआरटी के द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से भारतीय ज्ञान और भारतीय परिवारों के बारे में विस्तृत रूप में समझाया गया। सभी एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया जा रहा है। किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

प्रतिभागियों के द्वारा जवाब देने की स्थिति में बीईओ ने सभी की प्रशंसा की। इस प्रशिक्षण में प्रीति चौहान, पारुल बंसल, रेनू, शक्ति सिंह, पाकीज़ा, समर जहां,



किरण, मोनिका सैनी, रचना कटारिया, दीपाली, मनोज कुमार, त्रिलोक चंद, शक्ति सिंह, रफीकत पंवार, पंकज कुमारी, शानू कुमारी, अर्चना चौहान, गरिमा पंवार, किरण बाला, रश्मि वशिष्ठ, दीपा, मानसी शर्मा, रीना, रेनू, सोनिया, रुक्कैया परवीन और प्रज्ञा शुक्ला आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## सूचना

मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 104/09.03.2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **आहद राना (MOHD AAHAD RANA)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मौ0 सलीम (MOHD SALEEM) पुत्र मौ0 अफजाल**
म0नं0 640, खालसा पट्टी, सूजड़ू, मु0नगर मो0 नं0 9837887067

## सूचना

मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 100/10.03.2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **असजद राना (ASJAD RANA)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मौ0 सलीम (MOHD SALEEM) पुत्र मौ0 अफजाल**
म0नं0 640, खालसा पट्टी, सूजड़ू, मु0नगर मो0 नं0 9837887067

# नशेड़ी बेटे ने किया मां पर जानलेवा हमला

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम किथौड़ा में नशेड़ी बेटे ने अपनी ही मां पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शाकिब पुत्र सलीम निवासी ग्राम किथौड़ा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई आसिफ उर्फ काला लंबे समय से नशे की लत में डूबा हुआ है। नशे की हालत में वह आए दिन घर आकर गाली-गलौच और मारपीट करता है। कई बार वह घर में गैस सिलेंडर में आग लगाने की कोशिश भी कर चुका है। आरोप है कि बीते 28 अगस्त की रात आसिफ नशे की हालत में घर आया और मां सबजुल को भद्दी गालियां देने लगा। जब मां ने विरोध किया तो आसिफ ने चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से वार कर दिया। महिला ने किसी तरह बचने का प्रयास किया, लेकिन चाकू के वार से दोनों हाथ बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद परिजन घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पुत्र आसिफ उर्फ काला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खोया पाया

मैं मुस्कान पुत्री फरमान अली व तराबो निवासी गांव कल्याणपुर, तहसील/ब्लाक बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी की निवासी हूं। मेरी कमला देवी इण्टर कालेज कमालपुर मुजफ्फरनगर की इंटरमीडिएट की सन 2022 की मार्कशीट है। जिसकी अनुक्रमांक संख्या 2225408356 है वह वास्तव में कहीं खो गयी है। मैनें इसे काफी तलाश किया लेकिन मेरी ये मार्कशीट कहीं नही मिली। जिस किसी भी सज्जन को मिले तो वह निम्न पते पर संपर्क करे।

**प्रार्थी मुस्कान पुत्री फरमान अली और तराबो निवासी गांव कल्याणपुर तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश।**

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई, प्रशासन सख्त

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर जनपद के छुटमलपुर क्षेत्र में तहसील प्रशासन द्वारा पुराने डिफॉल्टर लोन बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार अब ऐसे बकायादार न तो अपनी जमीन पर खेती कर सकेंगे और न ही उसे बेच पाएंगे। आज बैंक महाप्रबंधक आरएल बुनकर, क्षेत्रीय प्रमुख यूसुफ़ खान व तहस. ीलदार ने संयुक्त वसूली अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जिससे सक्षम बकायदारों में हड़कंप मच गया , वसूली विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय-मुजफ्फरनगर, शाखा प्रबंधक (शाखा,छुटमलपुर) तथा अमीन की उपस्थिति में की गई कार्यवाही के अंतर्गत नरेश पुत्र सुगन, निवासीख्रमुरादनगर की संपत्ति लाल झंडी लगा कर कुर्क की गई है। उन पर 10 लाख रुपये



की बकाया राशि है। अभियान के दौरान बकायादारों को स्पष्ट चेता. वनी दी गई कि यदि निर्धारित समय पर ऋण की अदायगी नहीं की गई तो उनकी संपत्ति की नीलामी की जाएगी।प्रशासन द्वारा यह कदम राजस्व हित में प्रभावी वसूली और बैंकों एवं सहकारी समितियों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने तथा समय पर ऋण वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

# टयूब्वैलों पर चोरी

**छपार।** रात्रि में चोरों ने तीन गांवों के जंगल में एक दर्जन किसानों की बिजली की टयूब्वैलों से स्टार्टर, केबिल,क्लिीफ व आप्रेटर चोरी कर लिये जिससे किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। सभी पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है।

बृहस्पतिवार की रात्रि में गांव कुतुबपुर निवासी राकेश, प्रमेंद्र,कपिल, धर्मबीर व खोजा नगला निवासी तनवीर आलम, इमरान, सरताज, प्रवेज, फरमान व गांव रेत्ता नगला निवासी जगपाल व रजनीश किसानों की टड्ढवेलों से चोरों ने स्टार्टर, केबिल, आप्रेटर क्लीफ आदि सामान चोरी कर लिया। सुबह होने पर किसान जंगल में पहुंचे तो टड्ढवेलों से सामान गायब मिला।उक्त घटना से किसानों में दहशत का माहौल है।पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# पड़ौसी ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ की बदतमीजी

**बुढ़ाना।** दूध डेयरी संचालक को नाली में गोबर न बहाने की बात कहने वाले युवक के घर में घुसकर संचालक ने अपने दबंग पुत्रों के साथ मिलकर युवक व उसके चाचा समेत 3 लोगों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। डेयरी संचालक ने ईंटों से पथराव भी किया। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा लेकिन उसे छोड़ दिया। जिसे लेकर तनावघ बना है। मौहल्ला सफीपुर पटी लुहसाना रोड कोंतवाली मस्जिद निवासी आसिफ पुत्र शमशाद ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी अनीस उनसे जाति रंजिश रखता है।

आज सुबह उनके घर पर अनीस और उसके पुत्रों नौमान, अबरार, जिशान व गुलजार अपने हाथों मे लाठी डन्डे व धारदार हथियार लेकर घर में घुस गये व गाली गलौच कर उसके परिवार के साथ मारपीट शुरु कर दी। औरतों संग बदतमीजी की। जिसमें उसको, उसके चाचा गुलजार पुत्र सगीर और अहसान पुत्र कालू को गंभीर चोटें आई। सभी ने जान से मारने की नीयत से ईंटों से पथराव किया।घ शोर होने पर मौहल्ले के लोगों को आया देख पांचों आरोपी सभी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र साजिद व उसकी पत्नी श्रीमती फरीदा व दूसरा वाजिद व उसकी पत्नी श्रीमती आसमा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है तथा मेरे साथ मारपीट करते है। तथा गलत संगत में पड़ गए है इसलिए मैने इन से संबंध विच्छेद कर इन्हे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।


**इकराम पुत्र रहमूदीन**
**निवासी-ग्राम मुरादपुरा बघरा**
**थाना-तितावी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

संख्या: / **134/6 / आबकारी/विविध/2025-26/ मु०नगर** दिनांक: 30-8-25

## अपील

जनसाधारण को सूचित किया गया है कि कुछ असामाजिक / अराजक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डो से विक्रय किया जा सकता है, अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से ऑखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों / अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।



अवैध शराब पीनें से बचें। अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किये जाने, अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी उसकी सूचना निम्न दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ **आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाटसएप नम्बर 9454466019** पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1-श्री अनिल कुमार आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, सदर, मु.नगर। | 9454466456 |
| 2-श्री विन्द्रेश कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, खतौली, मु.नगर। | 9454466458 |
| 3-श्री विकास चौधरी, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 3 जानसठ, मु.नगर। | 9454466838 |
| 4-श्री महेश नन्दन लाल, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, बुढाना, मु.नगर। | 9454466526 |

**( राकेश बहादुर सिह )**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर ।**

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दी अपहरण की धमकी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के सैनी नगर में रहने वाली एक युवती ने मोहल्ले के ही युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि आरोपी युवक लंबे समय से उसका पीछा करता आ रहा था।

जब वह स्कूल या बाजार जाती थी तो युवक रास्ते में छेड़छाड़ करता और विरोध करने पर गाली-गलौच करता था। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने और अपहरण करने तक की धमकी दी है। अचानक हुई इस घटना से युवती और उसके परिजन दहशत में हैं।युवती के परिजनों ने बताया कि मोहल्ले का माहौल अब बिगड़ता जा रहा है। उनकी बेटी पढ़ाई के लिए बाहर निकलने से डरने लगी है।

परिजनों ने प्रशासन से आरा. ेपी युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि क्षेत्र की बेटियों को सुरक्षा का एहसास हो सके। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद सैनी नगर के लोगों में भी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र की छात्राओं और महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है। मोहल्लेवासियों ने पुलिस से सख्ती बरतने की मांग की है।

### भाकियू अराजनैतिक से कई पदाधिकारियों ने नाता तोड़ा

**छपार।** भाकियू अराजनैतिक के सहारनपुर मंडल महासचिव विपिन त्यागी, ब्लाक अध्यक्ष, महानगर उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संगठन से इस्तीफा दे दिया। विपिन त्यागी ने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम वर्मा को भेज दिया है। शनिवार को गांव बरला में मंडल महासचिव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक बरला के एक रेस्टोरेंट में हुई जिसमें विपिन त्यागी संगठन के मजबूत स्तम्भ का आरोप है कि संगठन में उन पर टीम सहित समय समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जा रहे हैं। सभी ईमानदार कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही थी उन्होंने कहा कि कई बार संगठन के पदाधिका. रियों को भी अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उन्होंने जिलाध्यक्ष पर भी तानाशाही के आरोप लगाये। सभी पदाधिकारियों की सहमति पर मुजफ्फरनगर महानगर उपाध्यक्ष, नौशाद कस्सार, अंकित जावला मोरना ब्लाक अध्यक्ष, सुधीर शर्मा पुरकाजी ब्लाक प्रभारी,बाबर प्रधान, अब्दुल्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संगठन से इस्तीफा दे दिया है जिसे संगठन में बड़ी टूट मानी जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अलीपुर में मुजफ्फरनगर विजिलेंस व बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड

**विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त छापेमारी से बिजली चोरों में मचा हड़कंप, छापेमारी में मुजफ्फरनगर व शामली विजिलेंस की टीम रही शामिल, दस घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव अलीपुर में विद्युत विभाग व विजिलेंस टीम की मॉर्निंग रेड के दौरान दस घरों में सीधे बिजली चोरी होते हुए मिली, जिसमें आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप मचा है। इस दौरान शामली के अलावा मुजफ्फरनगर विजिलेंस टीम भी शामिल रही।

शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एक्सईएन फोर्थ जयप्रकाश गौतम के नेतृत्व में विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के गांव अलीपुर में बिजली चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग में छापेमारी की। इस दौरान गांव के कई घरों में कटिया तार डालकर सीधे बिजली चोरी होते हुए मिली। टीम ने वीडियोग्राफी करते हुए बिजली चोरी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे विद्युत केबिल जब्त कर लिए। विजिलेंस व विद्युत विभाग की संयुक्त छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। मुजफ्फरनगर से मोहम्मद शाकिर के नेतृत्व में पहुंची विजिलेंस की टीम भी छापेमार अभियान में शामिल रही। इसके अलावा, एसडीओ प्रथम अमित शाक्य, अवर अभियंता साजिद अहमद व नीतीश कुमार, शामली विजिलेंस प्रभारी रोहित मलिक, जेई मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल रामवीरेश तथा प्रवीण व पवन भी टीम में शामली रहे। वहीं, एक्सईएन फोर्थ का कहना है कि अत्यधिक लाइन लॉस के चलते अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर शामली व मुजफ्फरनगर विजिलेंस के साथ में गांव अलीपुर में सुबह के समय छापेमारी की गई है। इस दौरान कई घरों में बिजलीचोरी पकड़ी गई है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। छापेमार कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

# यमुना किनारे बसे गांवों में फसलों का भारी नुकसान, खेतों का कटान बना बड़ी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना किनारे बसे दर्जनों गांव इस समय गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। बीते दिनों लगातार बढ़ रहे यमुना के जलस्तर ने ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा दी थी। अब जबकि नदी का पानी घटने लगा है, लोगों को राहत की सांस मिली है, लेकिन इसके साथ ही तेज बहाव से हो रहे खेतों के कटान ने किसानों की मुसीबत और बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, चौसाना क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों में यमुना नदी का जलस्तर पिछले सप्ताह काफी ऊंचाई पर पहुंच गया था। गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। खेतों में खड़ी धान, बाजरा, गन्ना और सब्जियों की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गई थीं। पानी घटने के बाद अब यह साफ हो गया है कि किसानों की मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जहां एक ओर खेतों में खड़ी फसलें सड़-गलकर नष्ट हो गई हैं, वहीं दूसरी ओर यमुना का तेज बहाव कई बीघा उपजाऊ जमीन को अपने साथ बहा ले गया है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि हर साल यमुना का कटान उनकी सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। नदी की धारा बदलने के कारण खेतों की सीमाएं सिकुड़ती जा रही हैं और उपजाऊ मिट्टी बहकर नदी में समा रही है। इस बार भी हालात पहले से ज्यादा गंभीर हो गए हैं। कई किसानों के खेतों का बड़ा हिस्सा कटकर नदी में समा चुका है, जिससे उनका लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

गांव के किसान बताते हैं कि एक ओर जहां बारिश और बाढ़ से फसलें पूरी तरह चौपट हो गई, वहीं दूसरी ओर कटान ने उनकी जमीन भी निगल ली। ऐसे में परिवार की रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। किसानों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि उनकी स्थिति को देखते हुए तुरंत सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन किया जाए और उचित मुआवजा दिलाया जाए। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर राहत के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। केवल कागजी खानापूरी से किसानों की समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोग चाहते हैं कि खेतों के कटान को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं और प्रभावित परिवारों को मुआवजे के साथ-साथ पुनर्वास की सुविधाएं भी दी जाएं।

यमुना किनारे बसे इन गांवों के किसान इस समय दोहरी मार झेल रहे हैंकृएक ओर फसलें नष्ट हो गई हैं, तो दूसरी ओर जमीन भी कटकर नदी में समा रही है। ऐसे हालात में किसानों की जिंदगी और जीविका दोनों खतरे में पड़ गई हैं। ग्रामीणों को अब सरकार और प्रशासन से ही उम्मीद है कि उनके नुकसान की भरपाई कर उन्हें नई शुरुआत का सहारा मिलेगा।

# शिक्षक-अभिभावक समागम एवं कार्यशाला का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक-अभिभावक समागम एवं विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय रहा इंटरनेट गैजेट्स का बच्चों के जीवन पर पड़ता दुष्प्रभाव रहा।

प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिक समय में मोबाइल, लैपटॉप जैसे इंटरनेट गैजेट्स बच्चों के जीवन और व्यवहार पर गंभीर असर डाल रहे हैं। बच्चों की एकाग्रता, क्रियाशीलता, पारस्परिक सहभागिता और अपने से बड़ों का सम्मान करने की आदत पर इनका प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा है। ऐसे में शिक्षक और अभिभावक दोनों को मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा क्योंकि इस समस्या का शिकार बच्चों के साथ-साथ बड़े बूढ़े या किसी को भी होते देखा जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों शिक्षकों और बच्चों को संबोधित करते हुए जागरूक किया कि पिछले कुछ समय से साइबर अपराधियों का जाल बढ़ता ही जा रहा है। इसलिए हमें इन गैजेट्स का पूर्ण सावधानी के साथ ही प्रयोग करना चाहिए और यदि किसी साइबर ठग के द्वारा आपको कभी विपरीत या विषम परिस्थितियों में फसाने की कोशिश की जाए तो घबराएं नहीं बल्कि कुछ सावधानियां अपनाएं जैसे अपने मोबाइल को तुरंत फ्लाइट मोड पर लगादें या फिर सिम मोबाइल से निकाल ले और तुरंत अपने सभी परीक्षितों को सूचित करें। साथ ही साइबर क्राइम से संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचना दें।

कार्यशाला को काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट लावण्या एवं साइकोलॉजिस्ट लुबना सैयद ने संयुक्त रूप से संचालित किया। अपने संबोधन में काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट लावण्या ने कहा कि बच्चों के पालन-पोषण का कोई निर्धारित सिलेबस नहीं होता। जैसे हमने अपने बड़ों से सीखा, वैसे ही आने वाली पीढ़ी हमसे सीखेगी। लगभग 8515 भारतीय स्कूलों पर अध्ययन किया गया जिसमें पाया गया कि लगभग 15 से 16 प्रतिशत विद्यार्थी वर्तमान में नींद की समस्या, खानपान में गड़बड़ी, एकाकीपन की प्रवृत्ति और अनावश्यक प्रतिक्रियाएं बच्चों में देखने को मिल रही हैं, यही नहीं बल्कि खाना खाते समय मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रयोग करने से भोजन के पोषक तत्व की प्रतिशतता में गड़बड़ी आ जाती है।

# बीएसएम स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता बड़े ही उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा व ज्ञान का परिचय दिया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, भूगोल एवं महान विभूतियों के बारे में जागरूक करना तथा उनमें राष्ट्रीयता और गर्व की भावना का संचार करना था। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने छात्रों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मैनेजर छाया सिंह और चेयरमेन सूर्यवीर सिंह ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से उनमें व्यापक .ष्टिकोण और सोच का विकास होता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने पुनः सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### बीनड़ा में परचून की दुकान पर बिक रही थी अवैध शराब, आरोपी दबोचा

**कैराना।** आबकारी विभाग की टीम ने गांव बीनडा में परचून की दुकान की आड़ में बेची जा रही अवैध शराब बरामद की है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विगत शुक्रवार को आबकारी आयुक्त उत्तर-प्रदेश के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के .ष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी शामली के मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक हेमंत पांडेय क्षेत्र-02 के नेतृत्व में विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव बीनडा में एक परचून की दुकान पर छापेमारी की। जहां से टीम ने 35 पव्वे चेतक मार्का अवैध शराब के बरामद किए। इस दौरान टीम ने शराब विक्रेता मोहन निवासी ग्राम बीनडा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कैराना पर आबकारी अधिनियम की धारा-60 (1) के तहत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया गया। टीम में महिला हेड कांस्टेबल मोनी तथा कांस्टेबल मनोज राणा व एकता आदि शामिल रहे।

### विद्यार्थियों ने सफाई कार्य में हिस्सा लेकर किया श्रमदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** वर्क एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बे के द न्यू हाइट्स एकेडमी में शनिवार को एक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ में भाग लिया। बच्चों ने कक्षाओं, गलियारों और खेल मैदान की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज संजय त्यागी और माफिया सैफी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा बच्चों में श्रम की गरिमा को समझाना था। इस अभियान ने न केवल विद्यालय परिसर को और सुंदर बनाया बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया। बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा है के नारे लगाकर सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने कहा कि विद्यार्थियों के द्वारा दिखाया गया उत्साह काबिले-तारीफ है। स्वच्छता स्वस्थ और अनुशासित जीवन की नींव है। ऐसे प्रयास बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी उनके उज्ज्वल भविष्य और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि विद्यार्थी और शिक्षक न केवल विद्यालय, बल्कि अपने घर और समाज को भी स्वच्छ रखने में सहयोग देंगे। सफाई अभियान में नेहा गोयल, कुमार गौरव, गौरव कुमार, ओम प्रकाश , गजराज, हिमांशु , प्रियंका समेत समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### एचआईवी एड्स की रोकथाम को जागरूक किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला एड्स समन्वयक समिति द्वारा शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज से एचआईवी एड्स रोकथाम के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने हाथों में नाले लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। शनिवार को शहर के सत्यरानयण इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला एडस समन्वयक समिति द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डा। विनोद कुमार ने कहा कि एडस एक गंभीर बीमारी है। एचआईवी की जांच जिला अस्पताल और सीएचसी शामली में निशुल्क की जाती है। इसके लिए जागरूक होना अवश्यक है।इसके बाद स्कूल परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल शर्मा और नोडल अधिकारी एसीएमओ डा। विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रैली में छात्रों ने हाथों में नाले लिखी तख्तियां लेकर लोगों को एचआईवी के प्रति जागरूक किया। मौके पर विशाल कुमार का सहयोग रहा।

### अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में हारून सैफी बने जिला अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को माजरा रोड स्थित एएन फार्मेसी पर आयोजित की गई। बैठक में हारून सैफी को जिला अध्यक्ष तथा मोहित कुमार को आईटी सेल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय मिठारिया तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सनूज तेजान के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यकारिणी गठन के तहत हारून सैफी को जिला अध्यक्ष, मोहित कुमार को आईटी सेल जिलाध्यक्ष, मौसम कुमार को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कादिर चौहान को जिला महासचिव, नसीम अली को जिला उपाध्यक्ष, और अनुज कर्णवाल को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज पांचाल और पीयूष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में जान शेर खा, फिरोज, रमा शंकर, नीरज पांचाल, विवेक मालिक, प्रवीण सहित शामली शहर के कई फार्मासिस्ट साथी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हारून सैफी ने अपने संबोधन में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और फार्मासिस्ट साथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए फार्मासिस्ट समुदाय के हक में कार्य करेंगे और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे।

## मेपल्स एकेडमी में हुआ विद्यालय कार्यकारिणी सदस्यों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शनिवार को मेपल्स एकेडमी में विद्यालय कार्यकारिणी सभा का चयन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मुकेश संगल, चेयरमैन विपिन संगल, प्रधानाचार्य डॉ। मुकेश कुमार शर्मा व उप प्रधानाचार्य मोशमी दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा 12 से विनय मलिक को हेड बॉय तथा पलक शर्मा को हेड गर्ल चुना गया। कक्षा 11 से नरोत्तम वाइस हेड बॉय और अनुष्का वाइस हेड गर्ल बनीं। स्पोर्ट्स कैप्टेन बॉय के रूप में तीर्थ व स्पोर्ट्स कैप्टेन गर्ल के रूप में वेदांशी मलिक का चयन हुआ। इसी प्रकार डिसिप्लिन इंचार्ज बॉय वंश तरार तथा डिसिप्लिन इंचार्ज गर्ल आकांक्षा रहीं। एक्टिविटी इंचार्ज बॉय रॉबिन और गर्ल तेजस्वी बनीं। हाउस कैप्टेन के रूप में नेहरू हाउस, आजाद हाउस दक्ष मलिक, पटेल हाउस लक्ष्य, भगत हाउस अभय राठी चुने गए। इसके अतिरिक्त कक्षा-वार कैप्टेन भी चुने गए। अंत में प्रधानाचार्य डॉ। मुकेश कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई।


## मेपल्स एकेडमी में मनाया गया नन्हे-मुन्ने बच्चों का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को मेपल्स एकेडमी के प्रांगण में नन्हे-मुन्ने बच्चों का जन्मदिन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के उन बच्चों का जन्मदिन मनाया गया जिनका जन्म इस माह में आता है। प्री-नर्सरी से शगुन, वेदान्त, अथर्व, नर्सरी से उत्कर्ष, अवनी, अवनि, मोहम्मद असद, वीर, सृष्टि, ध्रुव, अथर्व शर्मा, अपूर्वा, केजी से आर्यन, अयांश कुमार, अयांश तरार, अर्णव शर्मा, रक्षित, विवान मालिक, श्रेया मालिक, अनुभव आदि बच्चों के साथ प्रथम व द्वितीय कक्षा तक के विद्यार्थियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। किंडर गार्टन विंग को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया।

# दस किसानों के नलकूपों पर धावा बोलकर हजारों का सामान चुराया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दस किसानों के नलकूपों पर धावा बोलकर हजारों रूपयों की पेस्टीसाइड, कृषि उपकरण व विधुत केबिल चुराए।

क्षेत्र के गांव जगनपुर में एक ही रात में दस किसानों के नलकूपों पर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और नकब लगाकर हजारों रूपये कीमत की पेस्टीसाइड,कृषि उपकरण व विद्युत केबिल चोरी कर लिए।

रातभर बेखौफ बदमाश किसानों के नलकूपो पर तांडव मचाते रहे और पुलिस को कानों कान भी खबर नहीं लगी,जबकि रातभर कैराना पुलिस गश्त करने का दावा करती है,लेकिन इसके बावजूद भी दस किसानों के नलकूपो पर चोरी की घटना घटित हो जाना पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा होना लाजिमी है।

इस दौरान विजयपाल पुत्र सेठपाल के नलकूप से 10 मीटर विद्युत केबल,राजेन्द्र पुत्र पीतम के नलकूप से 30 हजार कीमत की पेस्टीसाइड,ऋषिपाल पुत्र मांगेराम के नलकूप से विद्युत केबल,मनोज पुत्र वेदपाल शर्मा के नलकूप से 12 हजार रूपए की पेस्टीसाइड व केबल चोरी कर लिया गया।

शेष किसानों के नलकूपों से भी कृषि उपकरण सहित अन्य सामान चोरी किया गया है।

**इन किसानों के नलकूपो को बनाया गया निशाना**

एक ही रात में दस किसानों के नलकूपो पर धावा बोलकर हजारों का सामना चोरी करने की घटना से सनसनी फैल गई है,जिसे लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।अज्ञात चोरों का शिकार बनेविजयपाल पुत्र सेठपाल,ऋषिपापुत्र मांगेराम,राजेन्द्र पुत्र पीतम,साधू पुत्र प्रभु,रमेश पुत्रचोखा, मदन पुत्र अजब सिंह, मनोज शर्मा पुत्र वेदप्रकाश,सोमदत्त पुत्र रोहताश, इलमचन्द्र पुत्र शिवलाल व मनोज पुत्र वेदपाल शामिल हैं।

..............................

कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि दस नलकूपो पर हुई चोरी घटना में अभी तक कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।इनमें से तीन टड्बवेल कैराना कोतवाली क्षेत्र में आती हैं, बाकी शामली कोतवाली व आदर्श मंडी थाना क्षेत्र में आती है।घटना के सम्बंध में तहरीर प्राप्त होती ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# पीरजादगान में कूड़े के ढेर से लोग त्रस्त, जिम्मेदारों पर भड़के मोहल्लेवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** नगर पंचायत की लापरवाही से कस्बे का मोहल्ला पीरजादगान कूड़े का ढेर बनता जा रहा है। कस्बे के चार वार्डों से रोजाना निकलने वाला कूड़ा यहां लाकर फेंक दिया जाता है। मोहल्ले के लोग बदबू और गंदगी से त्रस्त हो चुके हैं, लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं।

आदिल अली ने बताया कि सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो जाता है। गली में इतना कूड़ा फैला रहता है कि नाक बंद करके निकलना पड़ता है। मोहल्ले के कैसर का कहना है, गर्मी में दुर्गंध और मच्छरों से हाल बेहाल है। छोटे बच्चे बार-बार बीमार पड़ रहे हैं। कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारी ध्यान ही नहीं देते। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत का ट्रैक्टर-ट्रॉली सुबह समय से नहीं आता। अक्सर 10 बजे के बाद ही गाड़ी पहुंचती है। इस बीच कूड़े का अंबार लग जाता है और पूरे इलाके में गंदगी फैल जाती है। गंदगी और बरसाती पानी के कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा और ज्यादा बढ़ गया है। छोटे बच्चों में बुखार और पेट की दिक्कतों की शिकायतें आम हो गई हैं। स्थानीय चिकित्सक ने चेताया कि बरसात के मौसम में गंदगी और कूड़े का पानी मिलकर सबसे खतरनाक स्थिति पैदा करता है। ऐसे माहौल में मच्छर और बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और पेट के संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मोहल्ले में तुरंत कीटनाशक का छिड़काव और कूड़े का नियमित निस्तारण बेहद जरूरी है। बरसाती सीजन में थोड़ी-सी लापरवाही महामारी का रूप ले सकती है। नादिर ने कहा, हमने मजबूर होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगता है अधिकारियों को आम जनता की परेशानियों से कोई मतलब ही नहीं। मोहल्ले वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर नगर पंचायत ने जल्द ही कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं की तो वे सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। लोगों की मांग है कि कूड़े को मोहल्ले में डालने के बजाय किसी खाली स्थान पर अस्थाई कूड़ाघर बनाया जाए या फिर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था लागू की जाए। फिलहाल मोहल्ले के लोगों का जीना दुश्वार है और नगर पंचायत की चुप्पी पर जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ........................................

गंदगी इकट्ठा होने से मक्खी मच्छर फेलेंगे और उन मक्खी मच्छरों से डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया, हैजा, डायरिया, जैसी गंभीर बीमारियां पनपती है इस मौसम में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**डॉ. शशिकांत झिंझाना**
**चिकित्सा प्रभारी**

### ऑपरेशन सवेरा नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा की ओर एक कदम

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के निर्देशन में स्थानीय पुलिस द्वारा जय सीताराम इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सवेरा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को नशे के अंधकार से निकालकर उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प है। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, उसके सामाजिक व व्यक्तिगत प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें स्वयं नशामुक्त रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

**संबंध विच्छेद/सूचना**

मेरा पुत्र नीलेश कुमार गलैती व इसकी पत्नी पायल मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिए मैं अपने पुत्र नीलेश कुमार गलैती व इसकी पत्नी पायल से अपने समस्त संबंध विच्छेद कर उनको चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इनका मेरे व मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं है। ये दोनों अपने कार्यों के स्वयं जिम्मेदार हैं।

**महेश कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश**
निवासी:- गंगा आर्यनगर, जलालाबाद, तहसील व जिला शामली

# ट्रक लेकर निकले युवक का मिला शव, गांव में शोक

## पूर्व बसपा मंडल प्रभारी अमन कुमार का बेटा था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव आनंदपुर निवासी युवक कमल कुमार 24 वर्ष की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक बुधवार की शाम उसने घर फोन कर बताया था कि वह दिल्ली से बनारस के लिए पार्सल कंटेनर लेकर जा रहा है।

बृहस्पतिवार की सुबह बनारस पुलिस ने मृतक के परिवार को फोन पर सूचना दी कि कमल का शव टोल टैक्स से पहले सड़क किनारे ट्रक के बाहर पड़ा मिला है। ट्रक में नए टायर भरे हुए थे। सूचना मिलते ही मृतक के पिता अमन कुमारकृजो पूर्व में बसपा के मेरठ-सहारनपुर मंडल प्रभारी रह चुके हैंकृबिना किसी को बताए तत्काल बनारस रवाना हो गए। शुक्रवार की सुबह घटना स्थल पहुंच कर पुलिस ने उनसे शव की पहचान कराई। अमन कुमार ने पुष्टि की कि शव उनके पुत्र कमल का ही है।



पुलिस ने इस दौरान ट्रक मालिक को मौके पर बुलाने के लिए कहा, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद वह नहीं पहुंचा। बड़ी मशक्कत और इंतजार के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले किया।

शनिवार की सुबह जैसे ही शव गांव पहुंचा, तो परिवार व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में कमल का अंतिम संस्कार आनंदपुर के शमशान घाट में किया गया। मृतक युवक चार बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक के पिता डॉ अमन कुमार द्वारा वाराणसी के थाना लंका में ट्रक मालिक के खिलाफ षडडंत्र रचकर हत्या करने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### मेरठ-करनाल हाईवे पर व्यापारी का शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शुक्रवार की देर शाम मेरठ.करनाल हाईवे गांव केरटू गांव के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकुश पुत्र सत्तों 27 वर्ष निवासी रियावली नंगला, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार अंकुश शुक्रवार को पुराल खरीदने केरटू गया था। शाम को उसने सिद्धू मूसेवाला ढाबे पर खाना खाया। तभी




गांव रियावली निवासी उसे ढाबे से उठाकर सड़क किनारे ले गए और बेरहमी से पीटा। जान बचाने के लिए अंकुश वहां से गुजर रही पिंक-आप गाड़ी से लटक गया, लेकिन आरो. पियों ने उसे खींचकर दोबारा मारपीट की और उसकी हत्या कर बाइक से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और तीनों आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। मृतक पुराल खरीद कर फैक्ट्रियों में सप्लाई का कार्य करता था तथा अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्रियों को रोता छोड़ गया है।

## नगर पंचायत थानाभवन में गंगा एवं अन्य नदियों के संरक्षण को अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत थानाभवन में गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 30 अगस्त 2025 को वार्ड संख्या 15, मोहल्ला सैयदान स्थित मुल्लापुर मार्ग पर सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन नगर पंचायत थानाभवन के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा और अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर शिवाय पेस्टीसाइड के स्वामी अनुज सैनी के यहां लोगों की बैठक हुई, जिसमें आसपास की सड़क, नाली-नालों, तालाबों तथा कस्बे से होकर बहने वाली कृष्णा नदी की सफाई एवं संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।इसके साथ ही वार्ड की गलियों की नालियों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता कार्य किया गया। इस अभियान में सफाई मित्र मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, सचिन, शुभम, अनूप, आकाश, विपुल, राहुल, छोटा, राजन, प्रदीप, विशाल, विकेश सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# घर में घुसकर आठ लोगों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बधुपुरा में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर परिवार पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमले कर दिया। इस दौरान पिता पुत्रों सहित चार लोग घायल हो गए,जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कैराना ब्लॉक क्षेत्र के गांव गाजीपुर/बधुपुरा निवासी पीड़िता महिला साजिदा ने कोतवाली पर तहरीर देकर आठ लोगों पर घर में घुसकर तेजधार हथियारों से जनलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। बताया है कि शुक्रवार की रात्रि परिवार के सभी सदस्यों के साथ घर पर बैठी हुई थी। इसी दौरान तीन सगे भाइयों समेत आठ लोग अपने -अपने हाथों में लाठी-डंडे व तेजधार हथियार लेकर आ पहुंचे और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।इस दौरान उसका पति अनवर और पुत्र जुनैद,शाहवेज व उवैस गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है,जहां से सभी घायलों को गंभीर चोटें होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# आयात शुल्क वृद्धि पर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अमेरिका सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न वस्तुओं पर आयात शुल्क टैरिफ में की गई वृद्धि से भारतीय व्यापार एवं उद्योगों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा गया है, जिसमें भारत सरकार से उच्च स्तर पर हस्तक्षेप कर निर्यातकों के हितों की रक्षा की मांग की गई है।

लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल व जिलाध्यक्ष आलोक जैन ने मंडलायुक्त को मंडल स्तरीय बैठक में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस निर्णय से विशेष रूप से इस्पात, एल्युमिनियम, वस्त्र, कृषि उत्पाद तथा आईटी सेवाओं जैसे क्षेत्रों पर सीधा असर पड़ेगा। न केवल भारतीय निर्यात प्रभावित होंगे बल्कि



भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार संतुलन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। व्यापारिक संगठनों ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि अमेरिका सरकार से उच्चतम स्तर पर वार्ता कर भारतीय उद्योगों के हितों की रक्षा की जाए। कहा कि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता से बचने हेतु वैकल्पिक बाजारों एवं व्यापारिक समझौतों की खोज की जाए। प्रभावित उद्योगों को राहत देने के लिए नीतिगत एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। डब्ल्यूटीओ एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाकर निष्पक्ष एवं नियम-आधारित व्यापार प्रणाली की रक्षा की जाए। निर्यात में कटौती का असर उत्पादन व रोजगार पर न पड़े, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उद्योगों को राहत देने के लिए नई योजनाएं जारी की जाएं, ताकि उद्योग सुचारु रूप से चलते रहें।

## एक नजर

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए तीन एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मुसारिक पुत्र फरमान निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना जनपद शामली, विजय मलिक पुत्र जितेन्द्र मलिक निवासी ग्राम काबडौत थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, मेमो पत्नी नरेन्द्र कुमार कश्यप निवासी मौहल्ला नई बस्ती पंसारियान बरखण्डी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में एक पकड़ा

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित गैंगस्टर अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व मे थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना थानाभवन पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त समर उर्फ सनव्वर पुत्र लियाकत निवासी मनवाड़ा रोड़ थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर है।

### सहकारी गन्ना विकास समिति पर किसानों का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति पर किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा तीसरे दिन धरने पर चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक तथा विद्युत विभाग के एसडीओ पहुंचे उन्होंने 10 सितंबर तक 10 दिन का भुगतान तथा बाकी भुगतान दिवाली से पहले करने का आश्वासन दिया किसानों ने समझौता होने के करण धरना समाप्त कर दिया। गन्ना बकाया भुगतान की मांग को लेकर गन्ना समिति पर किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा किसानों का आरोप है कि चीनी मिल प्रबंधन किसानों का गन्ना भुगतान समय पर नहीं कर रहा है अभी भी चीनी मिल पर करीब 57 करोड रूपए बकाया है किसान की आर्थिक स्थिति खराब है तीसरे दिन धरने पर विद्युत विभाग के एसडीओ अनिल कुमार सिंह पहुंचे किसानों ने जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने तथा सिंचाई हेतु 10 घंटे विद्युत आपूर्ति करने की मांग की जिस पर एसडीओ अनिल सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया चीनी मिल की ओर से गन्ना महाप्रबंधक कुलदीप पिलानिया पहुंचे उन्होंने किसानों से वार्ता की बाद में गन्ना महाप्रबंधक कुलदीप पिलानिया ने 10 सितंबर तक 10 दिन का भुगतान देने तथा बाकी भुगतान दिवाली से पहले करने का आश्वासन दिया जिस पर किसान सहमत हो गए तथा धरना समाप्त करने की घोषणा की गई धरने की अध्यक्षता मांगेराम पटनी ने की तथा संचालन अजय पिंडोरा ने किया। धरना प्रदर्शन में जितेंद्र सिंह चेयरमैन, सोमपाल, नदीम, अरविंद, नरेंद्र माठियान, कुलबीर, जयवीर, राजेंद्र, नीरज पहलवान आदि शामिल रहे।

# बालाजी हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एसीएमओ का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन स्थित बालाजी हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एसीएमओ की टीम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड सेंटर से जुड़े कागजातों की गहन जांच की गई। हालांकि एसीएमओ मौके पर मीडिया से कोई प्रतिक्रिया दिए बिना पत्रकारों को शामली ऑफिस में वर्जन देने की बात कहकर लौट गए।वहीं दूसरी ओर हॉस्पिटल के एमडी डॉक्टर संजीव राणा ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव में उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसीएमओ ऑथर जमील तीन माह के भीतर दूसरी बार जांच के नाम पर सेंटर पर आए और फाइल लेकर चले गए। डॉक्टर राणा का




कहना है कि अधिकारियों की ओर से बार-बार ऑफिस के चक्कर कटवाए जाते हैं और बाद में डिमांड की जाती है।डॉ। राणा ने जानकारी दी कि छापामारी के दौरान हॉस्पिटल में चार मरीज मौजूद थे, जिनका आरएमओ देखभाल कर रहे थे, जबकि एमबीबीएस डॉक्टर किसी कारणवश बाहर गए हुए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कुछ अस्पताल ऐसे हैं जहां आयुष्मान कार्ड का गलत इस्तेमाल हो रहा हैकृ किसी का कार्ड तो किसी अन्य मरीज के इलाज में उपयोग हो रहा है। एमडी ने सीएमओ से मांग की कि यदि सभी अस्पतालों की गहन जांच कराई जाए तो पूरा सच सामने आ जाएगा। साथ ही उन्होंने बार-बार उनके सेंटर पर हो रही स्वास्थ्य विभाग की छापामारी को राजनीतिक दबाव का परिणाम बताया। जब ए सी एम ओ अथर जमील से निरीक्षण के संबंध में फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि ए रूटीन चेकिंग थी जिसमे समय समय पर जाकर क्षेत्र में किसी न किसी अस्पताल में जाकर निरीक्षण किया जाता है। जब उनसे पूछा गया कि अस्पताल में क्या कोई अनियमितताएं मिली तो उन्होंने उत्तर दिया कि अभी उनके पास कोई पेपर नही आए है जब कोई पेपर आएगा तो तो जांच की जाएगी।

### उधारी के रुपये मांगने पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के दो लोगों पर उधार दिया रूपए मांगने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी अजय पुत्र सुनील ने बताया कि उसने गांव के ही दो लोगों को ईंट भठे पर जाने के लिए हजारों रूपए उधार दे रखे हैं। दोनों आरोपी उसके रूपया नहीं लौटा रहे हैं शुक्रवार की देर शाम पीड़ित ने जब अपने रूपए मांगे तो दोनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। शनिवार को पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दथेडा में गांव की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए क्षैत्रपाल देवता पर हवन पूजन कर किया भंडारा



**चौसाना।** दथेडा में प्रत्येक वर्ष की भांति गांव में शांति व सुख समृद्धि की कामना के साथ गांव की पूजा का आयोजन करवाया जाता है। शनिवार को गांव के प्रत्येक वर्ग के लोग भूमिया खेडे क्षैत्रपाल देवता पर एकत्र हुए और गांव की सुख समृद्धि के लिए पूजन कर हवन कराया गया। इस दौरान सैकडों की संख्या मे ग्रामीण एकत्र हुए। चौसाना क्षेत्र के गांव दथेडा में गांव की सुख समृद्धि के लिए लोगो ने जनसहयोग पूजापाठ कराया गया। पूजा के प्रारंभ से पूर्व देवी मंदिर व भूमिया खेडे पर पर हवन-पूजन किया गया, जिसमें ब्राम्हण यजमानों ने भाग लेकर क्षेत्रवासियों में सुख शांति बने रखने की कामना के साथ आहूतियां दीं। हवन हो जाने के बाद सैकड़ों भक्तों ने बरोसी के साथ देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए पूरे गांव की परिक्रमा की। भक्तों का मानना है कि इस पूजा के बाद यहां के ग्रामीणों को किसी भी दैविक आपदा या आकाल जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है और क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहती है। गांव पूजा हो जाने के बाद अगले दिन मंदिर प्रांगण में हलवे के भोग भी करवाया गया। इसमें गांव की कई कन्याओं सहित सैक्डो की संख्या मे ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गांव के विजय सिंघल,योगेन्द्र मुखिया,रामपाल पूर्व प्रधान,जसबीर सिंह,धीर सिंह, पाल ,रामकुमार,सचिन कुमार,संदीप चौधरी,बलवान चौधरी सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## मोबाइल चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नईम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके घर से उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चोर की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में कस्बे के गंगेरु मार्ग पर खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया, और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम आसिम पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला से शेखजादगान कस्बा कांधला बताया है।

# साइबर सेल ने वापस दिलाई 24 हजार की रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** साइबर ठगी के मामले में साइबर सेल ने पीड़ित उपभोक्ता को उसके खाते से कटी 24000 की रकम वापस दिला दी। साइबर ठगी के चलते खाते से गायब रकम वापस मिलने से पीड़ित का चेहरा खिल उठा।

साइबर ठगी के शिकार पीडित के साईबर सेल शामली व साईबर सेल थाना थानाभवन द्वारा ठगी के 24,000 रूपए वापस कराए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि थानाभवन क्षेत्र के गांव लतीफगढ़ निवासी पीड़ित राजबीर सिंह पुत्र सुक्कड ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर बताया कि पीड़ित के खाते से गत 13 अगस्त को खाते मे जमा 24000 की रकम साइबर ठागो द्वारा निकाली गई थी। पीड़ित का स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक में खाता है।

जिससे पीड़ित को 24000 निकाल लिए जाने का मैसेज प्राप्त हुआ तो पीड़ित ने थाना भवन थाने को मामले की सूचना दी। पीड़ित राजबीर ने अपने भारतीय स्टेट बैक खाते से 24,000 रूपए डेबिट होने के सम्बन्ध में 13 अगस्त को आनलाइन साईबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। जिसपर थानाभवन की साईबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैक से पत्राचार करते हुए शिकायतकर्ता के खाते से निकाली गई सम्पूर्ण धनराशि 24,000 रूपए वापस करा दी। खाते में दोबारा कटी हुई रकम देख पीड़ित का चेहरा खिल उठा।

## झगड़ा कर रहे तीन हिरासत में लिए

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर कस्बा एलम के समीप कैराना निवासी सलमान एंव रईस के बीच रूपए की लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। एक पक्ष में पुलिस को रूपए छीन कर ले जाने की सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। सलमान का आरोप है की उसने रहीस के साथ मिलकर टाइल पत्थर लगाने का कार्य किया था। वह अपने रूपए मांग रहा था इसी को लेकर मारपीट हो गई। दूसरी और कस्बे के मैन बाजार मे बाईक की साइड लगने पर कस्बा निवासी नितिन जैन के साथ झगड़ा कर रहे मोहल्ला गुजरात निवासी बिलाल को पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हिरासत में ले लिया। शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

# व्यापारियों व उद्यमियों के उत्पीड़न के खिलाफ आयुक्त से मिलेंगे घनश्याम दास गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की संगठन के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने बताया कि अभी 1 जुलाई से 28 अगस्त दो माह में प्रदेश के लगभग 35 जिलों का दौरा कर व्यापारियों के साथ समीक्षा बैठक की हैं अपने प्रदेश दौरे के तहत प्रदेश के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने जीएसटी विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आए दिन सर्वे छापे व सेंपलिंग की आड़ में उनके किए जा रहे हैं उत्पीड़न का मुद्दा उठाया सभी जिलों के व्यापारियों ने बताया कि जीएसटी की टीम समय-समय पर आकर व्यापारियों के यहां छापे और सर्वे करती है और उनका अनावश्यक उत्पीड़न किया जा रहा है व्यापारीयों ने इस अनावश्यक उत्पन्न को बंद करने की मांग की प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि शीघ्र ही यानी 31 अगस्त से 4 सितंबर तक लखनऊ जाकर वहां पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी से तथा व्यापार कर आयुक्त डॉक्टर नितिन बंसल जी से मिलकर उनके सामने जीएसटी विभाग कौ ㄕठ टीम द्वारा आए दिन सर्वे छापे के नाम पर प्रदेश के व्यापारियों के किए जा रहे आर्थिक उत्पीड़न के विरोध में आवाज उठाएंगे उन्होंने बताया कि प्रदेश दौरे के तहत व्यापारियों को खुली छूट दी गई है कि यदि किसी भी विभाग का अधिकारी व्यापारी को अनावश्यक परेशान कर उसका उत्पीड़न करता है तो उसका सरेआम घेराव किया जाए और उसे वापस भागने के लिए मजबूर कर दिया जाए माननीय वित्त मंत्री एवं व्यापार कर



आयुक्त डॉ नितिन बंसल को इस प्रकार व्यापारियों के हो रहे अनावश्यक उत्पीड़न के बारे में जानकारी देकर व्यापारी एवं उद्यमी का उत्पीड़न बंद करने की चेतावनी दी जाएगी और यदि उसके बाद भी जीएसटी विभाग व अन्य किसी भी विभाग के अधिकारी किसी भी व्यापारी या उद्यमी का अनावश्यक उत्पीड़न करने का प्रयास करेंगे तो मेरे प्रदेश का व्यापारी उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने पर मजबूर होगा क्योंकिप्रदेश का व्यापारी भरपूर जीएसटी कर देकर सरकार का खजाने भर रहा है और उससे सरकार मालामाल हो रही है मगर फिर भी भ्रष्ट और निरंकुश अधिकारी सरकार को बदनाम करने की मनसा से व्यापारियों का निरंतर सरेआम उत्पीड़न और अपमान कर रहे हैं प्रदेश का व्यापारी अब जागरुक हो चुका है वह किसी भी प्रकार का अपमान सहन नहीं करेगा।

बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठनमहामंत्री, नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री, रवि संगल नगर महामंत्री, अनुज गोयल, रामकुमार राय कार्यकारी नगर अध्यक्ष, ऋषभ जैन, राजेश संगल ,शिवांक गर्ग, महेश धीमान,आशु बत्रा ,राजीव गर्ग, गौरव गर्ग आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# जब तक सम्मान के साथ समझौता नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील परिसर में विद्युत विभाग के खिलाफ चल रहे धरना प्रदर्शन में पुलिस द्वारा एक अखबार की प्रति जलाने को लेकर दर्ज मुकदमे में भगत सिंह युवा समिति के अध्यक्ष को जेल भेज दिया गया था जिसमें जमानत के बाद लौटे समिति के अध्यक्ष का कस्बा वासियों ने जोरदार जुलूस निकालकर स्वागत किया समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जब तक सम्मान के साथ समझौता नहीं होता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

तहसील परिसर में विद्युत विभाग के खिलाफ भगत सिंह युवा समिति द्वारा 71 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है धरने के दौरान समिति के



कार्यकर्ताओं द्वारा मेरठ से प्रकाशित अखबार की प्रति जलाई गई थी जिसमें संवाददाता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था इसके अलावा विद्युत विभाग द्वारा भी पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था दोनों प्रकरणों में पुलिस ने समिति के अध्यक्ष दीपक सभासद को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था शनिवार को जमानत के बाद दीपक सभासद धरना स्थल पर पहुंचे कस्बा वासियों ने गांव ढिढाली से ढोल नगाड़ों के साथ दर्जनो ट्रैक्टर व कारों के काफिले के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा जुलूस के साथ तहसील परिसर में धरना स्थल पर पहुंचे दीपक सभासद ने कहा कि कस्बे के मान सम्मान की लड़ाई में पीछे नहीं हटा जाएगा तथा जब तक सम्मान के साथ समझौता नहीं होता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जुलूस के दौरान चौकी प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे जुलुस शांतिपूर्वक धरना स्थल पर पहुंचने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। धरना प्रदर्शन में प्रभात मलिक सरदार गुरदीप सिंह सुरेंद्र सभासद अमित कुमार सत्यवान सुरेंद्र बालियान,अरविंद, निरंकार, ओमवीर आदि शामिल रहे।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुई निशुल्क स्वास्थ्य जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, इकाई जिला- शामली द्वारा मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा के सहयोग से सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में शनिवार को निशुल्क प्रबन्ध समिति एवं आचार्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर शामली एवं सरस्वती विद्या मंदिर, कैराना व लांख के लगभग 150 अध्यापकों एवं प्रबंध समिति सदस्यों ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल नोएडा से अभिजीत कुमार के निर्देशन में जनरल फिजिशियन डा। देवांशु एवं कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डा। अरुण गिरी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। जिन्होंने शिक्षकों एवं प्रबन्ध समिति सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी, शुगर चेक, बीपी चेक जैसी जांचें नि:शुल्क कराई गईं। मौके पर रूपेश कुमार, मानव गुप्ता, ध्रुव मित्तल, सचिन भारत, कुलदीप कुमार, विपुल मित्तल, अर्पित, रवि वर्मा हर्षित गुप्ता सोनी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के भविष्य पर ताले डाल रही सरकार: भाटी

## सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने की वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा की पीडीए पाठशाला की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा ने जनता से जो वादे किए थे वह तो पूरे नहीं कर पाई लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार ने स्कूलों को बंद कर बच्चों के भविष्य पर ताले लटकाने का कार्य कर रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार नया गांव में वरिष्ठ सपा नेता फरहाद आलम गाड़ा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राजकुमार भाटी ने फरहाद आलम गाडा के आंदोलन की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि वह ऐसी जमीन पर आये है जहां पीडीए पाठशाला चलाकर ए फॉर अखिलेश पढाया गया तो सरकार को स्कूल मर्ज फैसला वापस लेना पड़ा। जो वास्तव में पीडीए पाठशाला आंदोलन की बड़ी जीत है।



फरहाद के इस कदम की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सराहना की थी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भी फरहाद की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे कई वादों का प्रलोभन देकर केंद्र व प्रदेश की सत्ता में आई थी जिसमें काला धन वापसी, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों की फसल का उचित मूल्य व औद्योगीकरण को बढ़ावा देने का वादा कर मोदी और योगी की सरकार बनी थी लेकिन ठीक उसके उलट इन सरकारों ने कार्य किया है जिसे जनता में बेहद आक्रोश नजर आ रहा है प्रदेश की जनता झूठी सरकार को आगामी 2027 के चुनाव में उखाड़ फेंक देने के बाद समाजवादी सरकार बनने का कार्य करेगी।जो निश्चित ही जनता के हितों व कल्याणकारी योजनाओं को अमल में लाकर प्रदेश का चाहूँमुखी विकास करने का काम करेगी।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ,पूर्व राज्य मंत्री विनोद तेजियान, हाथरस लोकसभा प्रत्याशी रहे जसवीर वाल्मीकि, पूर्व प्रदेश सचिव धर्मवीर खटान,। पार्षद टिंकू अरोड़ा, फैसल सलमानी, उमंग जैन, अमित, बाबू प्रधान, डॉ वाजिद, कारी मुकर्रम, शादाब प्रधान, आस मोहम्मद, बीडीसी वासिल तोमर, महानगर अध्यक्ष नियोजन सभा अली पधान, शोएब सलमानी, हाजी नायाब आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सलीम व संचालन फरहाद आलम गाड़ा ने किया।

# सफाईकर्मियों का निगम में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर। पार्षदों पर उत्पीडन का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ से जुडे सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम में प्रदर्शन किया।



संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोनी आजाद के नेतृत्व में किये गये प्रदर्शन में सफाई कर्मचारियों का कहना था कि कुछ पार्षदों द्वारा सफाई कर्मचारियों का उत्पीडन किया जा रहा है। बोर्ड में सफाई कर्मचारियों के हकों की कोई आवाज नहीं उठाई जाती है, जबकि खिलाफत में प्रस्ताव पारित कराये जाते है। उनका कहना था कि ठेका सफाई कर्मचारी आज भी 11300 का वेतन पाकर अपना परिवार पाल रहा है। इतने रुपयों में घर चलाना मुमकिन है, जबकि संघ वेतन वृद्धि को कई बार कह चुका है। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधि यह भूल जाते है कि वह इन कर्मचारियों के दम पर ही चुनाव जीतकर आते है। काफी समय से स्थाई सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर भी सघ द्वारा कई बार कहा गया, लेकिन आज तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। पार्षदों के कहने पर सफाई नायकों के स्थानांतरण सौ प्रतिशत कर दिये गये है, जबकि कई सफाई नायकों को एक वर्ष में कई बार तबादले हो चुके है।

प्रदर्शनकारियों में जिलाध्यक्ष धीरज आजाद, नगर अध्यक्ष विकास चंचल, अनुज वाल्मीकि, संजय, सोमपाल, दीपक बिरला, आकाश, गौरव, रामकुमार, प्रमोद सौदाई, अशोक तेजश्वर, सागर बिरला, राक. ेश, लक्ष्मण व कंवलदास आदि शामिल रहे।

# बालिकाओं को दिए गए फिटनेस के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर। मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन कर बालिकाओं को फिट रहने के के लिये प्रेरित किया गया।



जेवी जैन कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में कॉलेज क्रीडा परिषद के सदस्य डॉक्टर हरवीर सिंह, साहिल कुमार ने लड़कियों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया। जिसके बाद आयोजित 100 मीटर दौड में पलक, 200 मीटर दौड में तनु व स्टैंडिंग लंबी कूद में श्रुति सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यक्ष प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने बताया कि विजेता खिलाडियों को आगामी सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जितना खिलाड़ी अपने आप को फिट रखेंगे देश उतना ही उन्नति की राह पर बढ़ेगा।

# ग्रामीणों में डॉ. पूनम त्रिपाठी के खिलाफ रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

छुटमलपुर। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं का अभाव और चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम त्रिपाठी की कथित नियमित अनुपस्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश है। अस्पताल में अक्सर ताला लटका रहता है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने डॉ. पूनम पर वेतन लेने के बावजूद ड्यूटी न करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि आयुर्वेदिक अस्पताल, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र होना चाहिए, लंबे समय से उपेक्षित है। स्थानीय निवासी महेशपाल, पूर्व प्रधान विकास चौधरी, मनोज चौधरी, राजपाल चौधरी, अक्षय कुमार, बबलू कुमार, कृष्णपाल राव, सुभान राव, तेहमूर राव, तय्यब राव, टोना राव, अब्दुल अजीज राव, सलीम राव, अनवर राव, अयान राव, वकील राव, शादाब राव, शाहनवाज राव, फैसल, प्रवेश कुमार, टीना देवी, शाकिर राव, अरशद, राहुल कुमार, हिमांशु चौधरी और स्वराज मिस्त्री ने बताया कि डॉ. पूनम नियमित रूप से अस्पताल नहीं आतीं। अधिकांश समय अस्पताल बंद रहता है, जिससे मरीजों को निजी क्लीनिकों या दूर-दराज के अस्पतालों में जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉ. पूनम बिना ड्यूटी के मुफ्त वेतन ले रही हैं, जो सरकारी धन का दुरुपयोग है। महेशपाल ने कहा, षगरीब मरीजों को आयुर्वेदिक इलाज की उम्मीद थी, लेकिन ताला देखकर निराश होना पड़ता है।ष विकास चौधरी ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई



कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी और जिलाधिकारी से इस मामले की जांच की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चिकित्सा सेवाएं बहाल नहीं हुईं और डॉ. पूनम की अनुपस्थिति पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदर्शन करेंगे। जिला आयुर्वेदिक विभाग ने शिकायत मिलने पर जांच का आश्वासन दिया है।

उत्तर प्रदेश के एक जिले में आयुष विभाग के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पहले भी जांच कराई थी। जांच में विभाग के अधिकारी दोषी पाए गए, लेकिन विभागीय राजनीतिक प्रभाव के कारण कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई।

जिलाधिकारी ने दोषियों की रिपोर्ट आयुष विभाग के सचिव को भेजी, जो उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित की गई। सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आयुष विभाग में अनियमितताएं जारी हैं, जैसे फर्जी दवाओं का वितरण का और मरीजों को फर्जी भारती दिखाकर भ्रष्टाचार। जिलाधिकारी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दोष सिद्ध होने के बावजूद, शासन स्तर पर चुप्पी साध ली गई।

## स्मैक के साथ दो तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर। थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 26 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर मंडल के तीनों जनपदों में ऑपरेशन सवेरा -नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एच. सिंह व उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो शातिर नशा तस्करों इन्तखाब पुत्र शमीम अहमद निवासी मेघ छप्पर थाना कुतुबशेर व मंजीत कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी सोराना थाना सरसावा को दबनी कब्रिस्तान के पास सड़क से गिरफ्तार कर लिया।

# रागिब बने मंडल मीडिया प्रभारी, खुजनवार में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

छुटमलपुर। मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन ने पत्रकार रागिब राणा को सहारनपुर मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तार और मंडल अध्यक्ष मास्टर जाहिद की संस्तुति से की गई है। इसकी आधिकारिक घोषणा दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से की। नई जिम्मेदारी मिलने पर रागिब राणा का मुजफराबाद ब्लॉक के गांव खुजनवार में स्थानीय युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।

रागिब राणा पेशे से पत्रकार हैं और गंगोह खादर क्षेत्र के गांव कुंडा कलां के निवासी हैं। वे एक समाचार पत्र के साथ-साथ न्यूज चौनल भी



संचालित करते हैं। सामाजिक उत्थान और जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनकी यह नियुक्ति संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रागिब राणा ने कहा, षमुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगा। मेरा लक्ष्य संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाना और समाज को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करना है।ष

स्वागत समारोह में राव वकार, राव शालू, राव शादाब, राव साजिद, राव माजिद, मास्टर जुनेद, राव मुदस्सर, राव तस्लीम, राव मारूफ, राव सुहेल, राव इरफान सहित कई अन्य युवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने रागिब राणा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन के नेताओं का मानना है कि रागिब राणा की मीडिया विशेषज्ञता और सामा. जिक कार्यों में सक्रियता से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यह नियुक्ति क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता और संगठन की सक्रियता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सदर बाजार पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

सहारनपुर। सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम के नेतृत्व में सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना दो वारंटी आरोपियों दीपक कुमार पुत्र रघुवीर निवासी कवी कला थाना सदर बाजार व संसार पुत्र कलीराम निवासी कांशीराम कालोनी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वारंटी थे। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# कार व बाइक भिड़ंत में पिता पुत्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बेहट। सहारनपुर शाकंभरी देवी मार्ग पर गांव चोहड़पुर के पास कार व बाइक की जोरदार भिड़ंत में पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने

घायल को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया। घटना से मृतकों के परि. जनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक की लहर है। हादसा बीती रात पेश आया थाना फतेहपुर के कस्बा छुटमलपुर निवासी गुलफाम पुत्र रशीद कोतवाली बेहट इलाके के गांव जसमोर में अपनी ससुराल में ही रहता है रात करीब 8 बजे गुलफाम अपने 4 वर्षीय मासूम बेटे फरहान और जसमौर के ही नौशाद पुत्र अनवर के साथ बेहट से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह गांव चौहडपुर के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही



कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार सवार मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली बेहट पुलिस और 108 एम्बुलेंस लेकर चालक साजिद व टीएमटी अमररजीत मौके पर पहुंचे और घायलों को बेहट सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने 35 वर्षीय गुलफाम और उसके मासूम 4 वर्षीय बेटे फरहान को मृत घोषित कर दिया जबकि नौशाद की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आजर्व धर्म की पूजा अर्चना







**शाह टाइम्स संवाददाता**

सहारनपुर। महानगर के समस्त जिनालयों में चल रहे दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत दूसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुई।

जैन बाग स्थित प्राचीन श्री मंदिर जी के श्री वीरोदय तीर्थ मंडपम् में परम पूज्य आचार्यप्रवर विमर्शसागर महाराज ससंघ की पावन सन्निधि में श्री महावीर प्रभु के मंगलमय जिनबिंब पर अभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन किया गया। आचार्य प्रवर ने मंगलदेशना में कहा कि जो मनुष्य क्रोध और अहंकार से रहित होकर मन-वचन-काय की एकरूपता के साथ जीवन जीता है, वही उत्तम आर्जव धर्म को धारण करता है। छल-कपट व कुटिल आचरण करने वाले प्राणी को समाज में अपयश और परलोक में दुखों का ही भोग करना पड़ता है। समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि आज अधिकांश लोग कुटिल स्वभाव व स्वार्थ के कारण तनाव और रोगों से ग्रस्त हैं। यदि सफलता और सुख पाना है तो मन निष्कपट, वाणी मधुर और आचरण मन-वचन के अनुरूप होना चाहिए। युवा संरक्षक व भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आर्जव धर्म का पालन करने वाला ही आत्मकल्याण प्राप्त करता है। छल और कपट कभी छिपते नहीं, ऐसे व्यक्ति को समाज व परिवार दोनों से तिरस्कार मिलता है। व्रती श्रावक सीए अनिल जैन ने कहा कि छल-कपट से दूसरों को ठगने वाला वास्तव में स्वयं को ठगता है। प्रभु और कर्म कभी भी छल को अनदेखा नहीं करते। मायाचारी का फल तिर्यंच गति में भोगना पड़ता है।धर्मसभा में समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन, सीए अनिल जैन, महामंत्री सजीव जैन, चौ. अनुज जैन, उप मंत्री अविनाश जैन नाटी, उपाध्यक्ष विपिन जैन, अरुण जैन, वरिष्ठ पत्रकार नीना जैन, राजीव जैन सर्राफ सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया गया।

प्रात: मंदिर में श्री मुनिसुब्रतनाथ भगवान की प्रतिमा को पाण्डुकशिला पर विराजमान कर अभिषेक और शांतिधारा की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं अंकित शास्त्री ने कहा कि दशलक्षण का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म का दिन है।उत्तम आर्जव का अर्थ है हमें कभी भी किसी के साथ कपट नहीं करना चाहिए। कपटी व्यक्ति हमेशा दुखी रहता है।शाम के समय संगीतमय आरती की गई। श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इसके बाद धार्मिक अंताक्षरी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य सभी टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, सुधीर जैन, विद्यासागर जैन, भूपेंद्र जैन, शशांक जैन, अनुराग जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैन, पुष्पेन्द्र जैन, आकाश जैन, अर्पित जैन, नीरज जैन, आर्जव जैन, नवीन जैन, ललित जैन, शुभम जैन, अंकित जैन , वर्षा जैन, प्रीति जैन, सुनीता जैन, रेणु जैन, माधवी जैन, पूजा जैन, संगीता जैन सृष्टि जैन, गरिमा जैन, करुणा जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में जैन समाज के लोगों ने आज दसलक्षण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया।

प्रात: काल श्री दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना में जैन समाज के लोगों द्वारा मंदिर की में शान्तिधारा व विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात पंडित अरिहंत जैन शास्त्री ने उत्तम आर्जव धर्म के बारे में बताया कि आज उत्तम आर्जव धर्म का दिन है उत्तम आर्जव धर्म का तात्पर्य मनुष्य के मन से मायाचारी अवगुण का अभाव होना है।

शान्तिधारा अनुज जैन व श्रेयांश जैन द्वारा की गयी। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन, तरसैन जैन, जिनेंद्र जैन, नगर सभासद अनुपम जैन, अनुज जैन, विनय जैन, श्रयांश जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, मन्नू जैन, नीरज जैन, अनमोल जैन, आशीत जैन, अंकुर जैन, रक्षित जैन आदि सभी ने भावपूर्वक भगवान श्री जी की विशेष पूजा अर्चना की। रात्रि में नेहा जैन पत्नी नितिन जैन के द्वारा धार्मिक तंबोला प्रतियोगिता कराई गई तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे

**चिलकाना।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी तेलीपुरा में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच का समापन सभी प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

एआरपी प्रवीण चौधरी ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए प्रशिक्षण समय समय पर होना बहुत जरूरी है, जिससे विद्यालयों में गतिविधिया, तर्कशीलता, मौखिक विकास, समावेशी एवं वातावरण का निर्माण करने में सहायता मिलती है। ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल सिंह कहा कि इस प्रशिक्षण से शिक्षको को बहुत लाभ प्राप्त होगा एवं प्रशिक्षण पाठ्यकम को सरल बनाने में सहायक होगा। संदर्भदाता अमित कुमार, शिव कुमार, सैय्यद अहमद एवं बृजेश ने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी आपने सीखा है उसको अपने स्कूलों में क्रियान्वयन में लाकर अपने स्कूल, जनपद एवं प्रदेश को निपुण बनाना है। सभी प्रशिक्षुओं ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सीखे हुए अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इन पांचों दिनों में हमने जो भी सीखा है।

इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री कामिल, विजय पाल, विकास कुमार, प्रवीण कुमार, सोनू, नवीन राठी, अमित कुमार, अमरदीप, देवेंद्र उपस्थित रहे।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र मुकीम को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अनीसा पत्नि यामीन निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र विशाल कुमार व उसकी पत्नी प्रीति को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**बालेश कुमारी पत्नी स्व. विजयपाल सिंह निवासी मकान नं.2 विलेज पाज बांगर/पजबगढ थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर।**

**सतयुग आश्रम मॉडल इण्टर कॉलेज, सहारनपुर**

**चुनाव विज्ञप्ति**

विद्यालय की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार विद्यालय परिसर में होगा।

1-साधारण सभा के सदस्यों की जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर द्वारा अनुमोदित सूची का प्रदर्शन कॉलेज के सूचना पटट पर दिनॉक 01.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे।

2-पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामांकन पत्र जमा करने की तिथि 08.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक।

3-नामॉकन-पत्रों का परीक्षण की तिथि: 09.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे से 12 बजे तक।

4-नामांकन-पत्रों पर आपत्ति की तिथि 10.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे से 12 बजे तक।

5-नामांकन-पत्रों पर की गई आपत्तियों की सुनवाई, जॉच एवं निस्तारण की तिथि 11.09. 2025 को दोपहर 1.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक।

6-नामॉकन-पत्रों की वापसी की तिथि 12.09.2025 को दोपहर 02.00 बजे से 04.00 बजे तक।

7-प्रत्याशियों की अन्तिम सूची का प्रदर्शन की तिथि 13.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक कॉलेज, के सूचना पटट पर।

8 मतदान की तिथि एवं समय दिनॉक 14.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक।

9 मतगणना एवं परिणाम घोषणा-मतदान के तुरन्त बाद।

स्थान:- प्रत्येक कार्य हेतु स्थान विद्यालय परिसर होगा।

(मोहन सिंह)
चुनाव अधिकारी प्रबन्ध समिति
एस0ए0एम0 इण्टर कॉलेज, सहारनपुर

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अमान को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौहम्मद इस्लाम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौ. कस्साबान कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद हुसैन व उसकी पत्नी साबरा को नाफरमानी व गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमती वकीला पत्नी हमीद निवासी ग्राम गागलहेडी, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**

**जय जनता विद्यालय दामोदराबाद, बिहारीगढ़, सहारनपुर की प्रबंध समिति के चुनाव/गठन निम्न पदों पर निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगे।**

**चुनाव हेतु पद :** 1. अध्यक्ष 2. उपाध्यक्ष 3. प्रबन्धक 4. उपप्रबन्धक 5. कोषाध्यक्ष व 07 सदस्य कार्यकारिणी।

**चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार होगा**- 1. साधारण सभा के सदस्यों की सूची का प्रकाशन दिनांक 04.09.2025 प्रात: 10.00 बजे (विद्यालय सूचना पट्ट पर) 2. प्रकाशित सूची पर आपत्ति दिनांक 04.09.2025 पूर्वाह्न 11.00 से 11.30 बजे तक। 3. आपत्तियों का निराकरण दिनांक 04.09.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक। 4. अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 04.09.2025 अपरान्ह 1.15 बजे । 5. नामांकन पत्र भर कर जमा करना दिनांक 05.09.2025 प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक । 6. नामांकन पत्रों पर आपत्तियां दिनांक 05.09.2025 दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक। 7. नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्तियों का निराकरण दिनांक 05.09.2025 अपरान्ह 1.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक। 8. वैध नामांकन कर्ताओं की सूची का प्रकाशन दिनांक 05.09.2025 अपरान्ह 2.15 बजे (विद्यालय सूचना पट्ट पर)। 9. नाम वापसी दिनांक 06.09.2025- प्रात: 10.00 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक। 10. अंतिम प्रत्याक्षी सूची का प्रकाशन दिनांक 06.09.2025 पूर्वान्ह 11.15 बजे (विद्यालय सूचना पट्ट पर)।

**चुनाव यदि आवश्यक हुआ** - 11. चुनाव चिन्ह आबंटन दिनांक 06.09.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक 12. मतदान दिनांक 15.09.2025 प्रात: 10.00 बजे से 1.00 बजे तक। 13. मतगणना दिनांक 15.09.2025 अपराह्न 1.30 बजे से मतगणना समाप्ति पर चुनाव परिणाम की घोषणा होगी।

**नोट**- 1. नामांकन पत्र विद्यालय कार्यालय से दिनांक 05.09.2025 को प्रात: 9.00 बजे से पूर्वाह्न 11.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। 2. चुनाव सम्बन्धित समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होंगे। 3. सदस्यों को फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। 4. इस संस्था या अन्य किसी मान्यता प्राप्त या सहायता प्राप्त संस्था का कोई भी वैतनिक कर्मचारी प्रबन्ध समिति का सदस्य या पदाधिकारी नहीं होगा। इसी प्रकार कोई अन्य व्यक्ति जो प्रदेश या केन्द्रीय सरकार का वैतनिक कर्मचारी है, प्रबन्ध समिति का सदस्य या पदाधिकारी नहीं होगा। 5. मतदान गुप्त मतदान के द्वारा कराया जाएगा। 6. समिति के किसी निश्चित पदाधिकारी पद पर सदस्य लगातार केवल दो बार पदस्थापित हो सकता है उसके बाद 01 बार गैप देने के बाद पदाधिकारी चुना जा सकता है।

भवदीय
**श्री जुगल किशोर**
**चुनाव अधिकारी जय जनता विद्यालय दामोदराबाद बिहारीगढ़ ( सहारनपुर )**

# अज्ञात वहान की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुजफ्फरनगर के कोतवाली देहात के रामपुर तिराहा निवासी 30 वर्षीय अनिल पुत्र जयपाल बाइक पर सवार होकर अपनी बाईक की किस्त जमा करने देवबंद आ रहा था। जैसे ही वह देवबंद स्थित साईंधाम मंदिर के पास पहुंचा मुजफ्फरनगर की तरफ से आ रहे तेज गति के अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मारदी। जिससे मौके पर ही अनिल की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों के पहुंचने से पूर्व ही पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया। मृतक अनिल के चाचा वेदप्रकाश ने बताया कि अमित घर से साढ़े छह बजे देवबंद जाने के लिए चला था। बताया कि जब रात उसकी मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजन रात साढ़े नौ बजे देवबंद पहुंचे तो पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। पुलिस के मुताबिक परिजनों को दुर्घटना की सूचना देदी गई थी। परिजनों से तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

## देशभक्ति से ओतप्रोत है 'मेरा वतन'

**चांदपुर।** देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण फिल्म ये है मेरा वतन 29 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस पर आधारित है तथा सर्जिकल स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदमों का पूर्ण समर्थन करती है। इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग 1 अगस्त 2025 को दिल्ली स्थित एनएफडीसी ऑडिटोरियम में हुई थी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंच के इंद्रेश और जानी-मानी हस्ती आचार्य लोकेश मौजूद रहे। फिल्म का वितरण जीएआर्टस द्वारा किया जा रहा है, जिसमें चांदपुर निवासी गिरीश अग्रवाल का पूर्ण सहयोग रहा है। यह फिल्म सरगम सिनेमा में प्रदर्शित की गई। फिल्म में दिखाया गया है कि किस प्रकार भारतीय सैनिक विपरीत परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं।

# विद्यार्थियों को शिक्षण पद्धति बेहतर बनने में मिलेगा लाभ






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मैडिकल कालेज में आयोजित सेमीनार में जीवनशैली एवं रोग प्रबंधन में यूनानी चिकित्सा पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान यूनानी शिक्षा प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के टिप्स भी दिए गए।

जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रागण में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) एवं क्वालिटी कौंसिल आफ इंडिया के निर्देश पर आयोजित हुए कार्यक्रम में आयुष (यूनानी सेवाओं) के निदेशक प्रो. डा. जमाल अख्तर ने कहा कि छात्रों के अंदर यूनानी शिक्षा के प्रति रूचि जागृत करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने जामिया तिब्बिया देवबंद द्वारा यूनानी पद्धति की उत्थान के लिए की जा रही सेवाओं की सराहना की। जामिया हमदर्द नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डा. वसी अख्तर ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत फैकल्टी (संकाय) कौशल और शिक्षण पद्धति बेहतर बनने का फायदा छात्र-छात्राओं को होगा और उन्हें नया सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। जामिया तिब्बिया के डायरेक्टर डा. अनवर सईद ने कहा कि सेमीनार में वक्ताओं ने अच्छे ढंग से यूनानी पद्धति को समझाया है, इससे छात्र लाभांवित हुए है।

इस मौके पर कालेज प्रबंधनतंत्र द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करने के उपरांत कॉलेज के निदेशक डा. अनवर सईद सचिव डा. अख्तर सईद ने सभी आगंतुको का आभार जताया। संचालन डा. इकरा हाशमी ने किया। इस मौके पर प्रो. मोहम्मद फसीह सिद्दीकी, डा. शाईस्ता परवीन, डा. रिहाना अलवी, डा. रिफत अली मीर, डा. अनीस अहमद, डा. नवेद अख्तर, डा. मोहम्मद फुरकान आदि चिकित्सक शामिल रहे।

# हादसे में घायल रसोइया की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्कूटी की टक्कर से दो दिन पूर्व घायल हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी आवास में कार्यरत सरकारी रसोईया की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> सीओ आवास पर कार्यरत सरकारी रसोईया जगदीश स्कूटी की टक्कर से हो गया था घायल

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग निवासी 56 वर्षीय जगदीश बुधवार की रात किसी काम से सिविल कोर्ट परिसर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर कर दिया गया था, कोमा में होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया था। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने बताया कि शुक्रवार को जगदीश की मौत हो गई, शव परिजन अपने साथ ले गए। घटना के सम्बंध में परि. जनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुजेट खंगाली जा रही है। जल्द ही स्कूटी चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चैकिंग के दौरान वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चैकिंग के दौरान वारंटी अभियुक्त मोहल्ला गांधी कॉलोनी निवासी सुनिल कुमार पुत्र रणजीत सिंह को गांधी कॉलोनी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि वांछित वारंटियो के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जैन मंदिरों में की गई उत्तम आर्जव धर्म की पूजा अर्चना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन नगर के चारों जैन मंदिरों में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा की गई।

श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक और नित्य नियम पूजन करने के साथ ही तीसरे अध्याय के 39 अर्ध चढ़ाए। शांतिधारा का सौभाग्य अतुल कुमार व अनुज जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य 108 अरुण सागर महाराज ने अपने प्रवचन में श्रद्धालुओं को ईमानदारी, सरलता, सादगी व मन को कोमल रखने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि अपने भीतर से छल कपट को त्यागकर सरल जीवन जीना ही उत्तम आर्जव धर्म है। जब तक मनुष्य अपने भीतर से छल कपट और मायाचारी को त्यागकर सादगी भरा जीवन व्यतीत नहीं करेगा तब तक वह उलझनों में ही उलझा रहेगा। कहा कि हमें अपने व्यवहार से किसी को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। इस मौके पर अर्चना जैन, शशि जैन, अंशु जैन, सुनील जैन, रविंद्र जैन, अंकित जैन, नीलिमा जैन व पूनम जैन आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर संगोष्ठी

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार के निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद एक ऐसा महान व्यक्तित्व है, जिनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी गिनती भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में होती है। मेजर ध्यानचंद ने तीन ओलंपिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और तीनों ओलंपिक में भारत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जब मेजर ध्यानचंद मैदान में हॉकी खेलने के लिए उतरते थे तो ऐसा प्रतीत होता था कि गेंद उनकी हॉकी स्टिक से चिपक गई हो। उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागे हैं। मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जाद. ूगर भी कहा जाता है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन सिर्फ एक महान खिलाड़ी की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपनी लगन, परिश्रम और विनम्रता से महान बना। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपनी चुनौतियों का सामना करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ईमानदारी और जुनून के साथ काम करें। इस अवसर पर डा. ज्ञानेंद्र सिंह, रामबिलास यादव, मौहम्मद सलीम, अरविंद कुमार, डा. मीनाक्षी चौहान, डा. संतोष देवी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. अशोक कुमार ने किया।

# बैंड प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर व जैन कन्या इं. का. की टीम विजयी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज शामली की बालक व जैन कन्या इंटर कालेज शामली बालिका टीम विजई रही। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र के निर्देश पर कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एक जनपद स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ हुआ।

राजकीय इंटर कालेज, इस्सोपुर खुरगान के अध्यापक नीरज निर्वाल के निर्देशन में उक्त बैण्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि छात्रों की छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर शासन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें बैण्ड प्रतियोगिता का भी अपना अलग स्थान है। उक्त जनपद स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता में जनपद के कुल 3 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिनमें बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज, शामली तथा बालिका वर्ग में जैन कन्या इंटर कालेज शामली एवं सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कालेज, शामली की टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज शामली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में जैन कन्या इण्टर कालेज शामली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलिज शामली ने द्वितीय स्थान प्रान्त किया। निर्णायक मण्डल में ध्रुव मित्तल, वरूण कुमार, नीरज निर्वाल उपस्थित रहे।

# आर्जव धर्म जीवन की सरलता का मूलः मुनि विव्रत सागर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के जैन धर्मशाला में दसलक्षण महापर्व के तीसरे दिन मुनि 108 विव्रत सागर ने आर्जव धर्म द्धसरलताक्ष पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन को सरल बनाने के लिए मन, वचन और काया में एकरूपता व शुद्धता जरूरी है।

जैन मुनि ने कहा कि जीवन जीना आसान है, लेकिन सरल जीवन जीना कठिन है। आजकल लोग दिखावे में जीते हैं, बाहर से कुछ और होते हैं और भीतर से कपट रखते हैं। श्रेष्ठ आचरण वही है जो आंतरिक सरलता से उपजे, न कि केवल दिखावे से। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रावण के तो दस मुख दिखते थे, परंतु आज लोग अपने भीतर कई नकली मुख छिपाकर रखते हैं। एक फोटोग्राफर का दृष्टांत देते हुए कहा कि लोग वास्तविक छवि की बजाय दुनिया को दिखने वाली छवि पर अधिक खर्च करते हैं। यही मायाचारी है, जो जीवन में दु:ख का कारण बनती है और मनुष्य को नीच गति की ओर ले जाती है। गुरुवर ने मायाचारी के कई उदाहरण दिए। एक बेटे की कहानी सुनाते हुए बताया कि कैसे वह पिता के सामने आज्ञाकारी दिखता है, पर मन ही मन उनकी संपत्ति हड़पने की योजना बनाता है। इसी तरह एक लड़की का प्रसंग बताया, जिसने रिश्तेदारों को नीचा दिखाने के लिए गंदी चादर बिछाई, पर अंत में स्वयं उसी पर गिर गई। यह स्पष्ट करता है कि मायाचारी अक्सर स्वयं पर ही भारी पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग में तीन प्रमुख कांटे हैं।

मायाचारी, मिथ्या और निदान। इनमें से सबसे पहले मायाचारी को हटाना जरूरी है। यह वैसे ही है जैसे पैर में चुभा कांटा निकाले बिना सुंदर मार्ग पर चलना संभव नहीं।इस अवसर पर चित्र अनावरण डॉ। दिनेश जैन, वैभव कुमार जैन परिवार द्वारा किया गया। प्रवचन का लाभ संध्या जैन, नीना जैन व मती त्रिशला जैन द्वारा पाद प्रक्षालन अनिल कुमार, मुकेश कुमार जैन राजघराना परिवार एवं शास्त्र भेंट से लिया गया।

# क्षेत्राधिकारी ने किए घायल सभासद के बयान दर्ज, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग पर भाजपा सभासद के साथ हुई मारपीट के मामले में क्षेत्राधिकारी कैराना ने पहुंचकर बयान दर्ज किए सभासद ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 3 से भाजपा सभासद अनिल बोहरा ने विगत गुरुवार की शाम को बताया था कि उसने दोनों नहरों के बीच बोहरा शूज हाउस नाम से दुकान कर रखी है जिस पर वह बैठा हुआ था। आरोप है कि तभी बाइक सवार एक युवक ने उसकी दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी पीड़ित ने मना किया तो आरोपी आग बबूला हो गया और अपने तीन अन्य साथियों के साथ है मिलकर पीड़ित की दुकान में घुस गया और उस पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया जी बीच बचाव करने के लिए आया उसका भतीजा नितिश तो उसके साथ भी मारपीट की। घटना पीड़ित की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों पर जाति सूचक शब्द व जानलेवा हमला करने सहित आदि आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने पीड़ित सभासद की तहरीर पर एससी एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में गांव भारसी निवासी गौतम व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। शनिवार को मामले में क्षेत्र अधिकारी कैराना श्याम सिंह ने पीड़ित सभासद की दुकान पर पहुंचे और पीड़ित सभासद के बयान दर्ज किए इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारिओ सहित पीड़ित सभासद ने क्षेत्र अधिकारी से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# जिजौला में बारिश से गिरे मकान की जांच को राजस्व टीम पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव जिजौला में हुई मूसलाधार बारिश ने एक परिवार की छत छीन ली। शुक्रवार को लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गांव निवासी परवीन पत्नी मो। यासीन का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बताया गया कि परिवार के लोग उस समय कांधला में रिश्तेदारी में गए हुए थे।

मकान गिरने की सूचना पाकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे से घरेलू सामान को निकाल. कर सुरक्षित स्थान पर रखवाया, जिससे बारिश के पानी में वह खराब न हो। फिलहाल पीड़ित परिवार टूटे मकान के खंडहर में अस्थाई रूप से छप्पर डालकर गुजर-बसर कर रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेखपाल लोकेश सैनी ने ग्रामीणों और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने गिर चुके मकान के मुआवजे के लिए जरूरी कागजात पीड़िता से एकत्र किए और विभागीय प्रक्रिया के लिए अग्रसारित करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि परवीन का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है और मकान ढह जाने से उनके सिर से छत तक छिन गई है। ऐसे में शीघ्र सरकारी मदद मिलना जरूरी है। दैनिक शाह टाइम्स में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने का ही असर रहा कि प्रशासन हरकत में आया और राजस्व विभाग की टीम तुरंत मौके पर जांच करने पहुंची।

पीड़ित परिवार ने उम्मीद जताई है कि शासन-प्रशासन जल्द ही मुआवजा उपलब्ध कराएगा ताकि वह पुन: अपने घर का निर्माण कर सके और सुरक्षित जीवन यापन कर सके।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने किया जागरूक

**कैराना।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने गांव गोगवान के ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन सवेरा को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही, चेतावनी दी है कि नशे की तस्करी करके समाज को खोखला करने वाले व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा।

शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री गांव गोगवान में पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ में संवाद स्थापित करते हुए कानून-व्यवस्था एवं नशा तस्करी को लेकर गहन चर्चा की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान श्ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरश चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि समाज में अवैध रूप से नशे की बिक्री करने वालो का सामाजिक स्तर पर भी बहिष्कार होना चाहिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि नशे का दानव समाज की जड़ों को खोखला करने का कार्य कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे की दलदल में फंसकर अपने आपको बर्बाद कर रही है। ऐसे में समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने स्वार्थसिद्धि के लिए नशे का कारोबार करने वाले सौदागरों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। इस तरह के धंधे में लिप्त लोग अपनी आदतों से बाज आए, वरना उन्हें शीघ्र उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

# लोगों की जेब पर डाका डाल रहे स्टाम्प विक्रेता, जिम्मेदार खामोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना में स्टाम्प विक्रेता ओवर रेटिंग से लोगो की जेब पर डाका डाल रहे है, जिससे संपत्तियों की खरीद-फरोख्त समेत दूसरे कामों के लिए स्टांप खरीदने वालों को आर्थिक चपत लग रही है। स्टाम्प विक्रेताओं की मनमानी से वाकिफ होने के बावजूद उप-निबंधक मामले की ओर से आंखे मूंदे हुए है।

कैराना कचहरी में आजकल स्टाम्प वेंडर्स की मनमानी चरम सीमा पर है। स्टाम्प विक्रेता ग्राहकों से मनमाफिक रेट वसूल रहे है, जिसके चलते स्टाम्प खरीदारों को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है। जब से सरकार ने ई-स्टांप योजना शुरू की है तब से स्टाम्प विक्रेताओं को लूट-खसोट की खुली छूट मिल गई है।

कचहरी परिसर में बैठे विक्रेता स्टांप पेपर को निर्धारित रेट से काफी महंगा बेच रहे है।

**दस रूपए से डेढ़ सौ रूपए तक प्रति स्टाम्प ओवर रेट वसूल रहे वेंडर्स**

कैराना कचहरी में बैठे स्टाम्प विक्रेता 10 से 150 रूपए तक प्रति स्टाम्प ओवर रेट वसूल रहे है। यहां दस रूपए का स्टाम्प 20 में, 20 रूपए वाला 30 में, 50 रूपए वाला 60 में तथा 100 रूपए का स्टाम्प 130 रूपए की कीमत में बेचा जा रहा है। इसके अलावा, सम्पत्ति की खरीद-फरोख्त के लिए लगाए जाने वाले 1000 से 15000 रूपए कीमत वाले स्टाम्प पर 100 से 150 रूपए प्रति हजार रूपए वसूली की जा रही है।

**बैनामों समेत विभिन्न कार्यों के लिए पड़ती है स्टाम्प की आवश्यकता**

स्टाम्प पेपर की आवश्यकता आम आदमी को विभिन्न कार्यों के लिए पड़ती है, जिसमें जन्म प्रमाण-पत्र, एडमिशन, बिजली कनेक्शन, पासपोर्ट सत्यापन, नाम परिवर्तन, गैस कनेक्शन, बैंक ऋण आदि शामिल है। इसके अलावा, सम्पत्ति के खरीद-फरोख्त के लिए भी शासन की ओर से स्टाम्प डड्रूटी की व्यवस्था है।

कैराना कचहरी में करीब 20 स्टाम्प विक्रेता है, जो प्रशासन की ओर से स्टाम्प विक्रय करने हेतु लाइसेंस जारी करके अधिकृत किए गए है। इसी लाइसेंस की आड़ में स्टाम्प विक्रेता ग्राहकों की जेब काटने में जुटे है। शनिवार को बैंक ऋण कार्य के लिए कैराना कचहरी में पहुंचे गांव इस्लामपुर घसौली निवासी कुलदीप कुमार को 1290 रूपए के स्टाम्प 1560 रूपए की कीमत में बेचे गए।

**सब-रजिस्ट्रार की नाक के नीचे हो रही अवैध वसूली**

वेंडर्स के द्वारा स्टाम्प खरीदारों से ओवर रेटिंग वसूलने का कार्य उप-निबंधक की नाक के नीचे हो रहा है। वेंडर्स की करतूतों से वाकिफ होने के बावजूद सब-रजिस्ट्रार अपनी आंखे बंद किए हुए है। बताया जा रहा है कि वेंडर्स की लूट-खसोट में सम्बंधित अधिकारियों की हिस्सेदारी होने के चलते नरमी बरती जा रही है। सम्पत्ति की खरीद-फरोख्त के अलावा अन्य कार्यों में इस्तेमाल किए जाने हेतु कैराना कचहरी में बैठे वेंडर्स से रोजाना लाखों रूपए के स्टाम्प खरीदे जाते है, जिनसे वेंडर्स ओवर रेट के तौर पर मोटा पैसा वसूल रहे है। वसूले गए इस पैसे में सम्बंधित अधिकारियों की श्पत्तीश भी तय होती है। वहीं, मामले के सम्बंध में सब-रजिस्ट्रार कैराना सुयश भारती के मोबाइल नंबर पर दो बार कॉल की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही की। उधर, तहसीलदार अर्जुन चौहान ने स्टाम्प की ओवर रेटिंग पर कार्यवाही कराए जाने की बात कही है।

## सनातन मंदिर में गणेश महोत्सव

**बिजनौर।** बैराज रोड पर सांई विहार कॉलोनी में स्थित सनातन मंदिर में गणेश महोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्ला व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर में 27 अगस्त से निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 5 सितंबर को किया जाएगा। 29 अगस्त को कार्यक्रम में गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। मंदिर में प्रतिदिन की भांति शाम 5:00 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। उसके पश्चात 7:30 बजे भगवान गणेश जी की आरती एवं भोग लगाया गया। उसके बाद सभी भक्तों ने आयोजित डांडिया कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन सनातन मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव अनुपम गर्ग, राजेंद्र सिंह सोलंकी, नरेश सिंह, रितु गर्ग, आभा सिंह, सोलंकी द्वारा किया जा रहा है। गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सम्मिलित होने वाले सदस्यों में राकेश शर्मा, इंजीनियर चरण सिंह, इंजीनियर प्रकाश वीर रस्तोगी, संजय कुमार, सोरन सिंह परिहार, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राकेश कुमार रस्तोगी, कमल वीर सिंह, आशाराम सिंह एवं अशोक कुमारअग्रवाल आदि रहे।

## श्रीकृष्ण लीला के समापन पर भंडारा

**नहटौर।** गांव टपरौला में श्री कृष्ण लीला के समापन पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री कृष्ण लीला के आयोजक डा. रणवीर सिंह, निकुल आर्य एडवोकेड, अरुण गिरी, होरी सिंह, डा. मुकेश गिरी, मोनू शर्मा, अंजुम मीणा, हर्ष मीणा, पवन मीणा गम्भीर मीणा, त्रिलोक चन्द, सेजू प्रजापति, सतपाल प्रजापति, हिमांशु मीणा, गम्भीर मीणा, वेदप्रकाश प्रजा. पति, अंकित मीणा, ओम प्रकाश, भगत जी, लाल सिंह प्रजापति, बलराम प्रजापति, जगदीश प्रजापति, कपिल प्रजापति, नरेश प्रजापति, कुलश्रेष्ठ प्रजापति, विजेन्द्र सिंह, राजकुमार, शेर सिंह प्रजापति, सुरेन्द्र सिंह, बलराज सिंह प्रजापति आदि समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम यासमीन YASMEEN से बदलकर यासमीन बानो (YASMEEN BANO) रख लिया है भविष्य में मुझे (YASMEEN BANO) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

YASMEEN BANO
W/O MUSHEER ALAM
VILLAGE & POST,
GOPALI DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम MARGHOOB से बदलकर MARGOOB रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

MARGOOB
S/O MATLOOB
AMBEHTA SHEKHAN
SAHARANPUR UTTAR
PARDESH 247554

# भारत ने 50 स्वर्ण पदकों के साथ रचा इतिहास



● 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाएं) का समापन हो गया, और 12 रोमांचक प्रतियोगिता दिनों के बाद भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया कि जो इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के इतिहास में पहली बार हुआ है। विशेष रूप से सीनियर टीम का प्रदर्शन ओलंपिक की 15 स्पर्धाओं में (राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों में) अत्यंत सराहनीय रहा, जहां भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत का स्थान चीन के बाद रहा, जिसने 8 स्वर्ण जीते, जबकि मेजबान कजाकिस्तान ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक शानदार प्रदर्शन है और यह साफ दिखता है कि शूटिंग इकोसिस्टम का आत्मविश्वास चरम पर है, जिसे पेरिस ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन से भारी प्रोत्साहन मिला है। विशेष रूप से जूनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत संतोषजनक है, जो यह दर्शाता है कि भारतीय शूटिंग की असली शुरुआत अब हुई है और निकट भविष्य में इससे भी बड़ी उपलब्धियां देखने को मिलेंगी। भारत ने चैम्पियनशिप का समापन कुल 99 पदकों के साथ किया, जिसमें 50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल थे। मेजबान कजाकिस्तान 70 पदकों (21 स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 15 स्वर्ण और कुल 37 पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन का महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ दूसरा एशियाई खिताब जीतना रहा। उन्होंने अर्जुन बाबूता के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। नीरू धांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता, सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पो. जिशन (3पी ) में अपना पहला एशियाई खिताब जीता, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 3पी स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने भी सभी ओलंपिक स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 4 रजत और 4 कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस खेल में भारत की गहराई कितनी मजबूत है। अन्य स्वर्ण पदक युवा वर्ग, टीम स्पर्धाओं तथा गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं से आए। उदाहरण के लिए, पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा में 107 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि रियो ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

खेल विशेष

## आईपीएल-2026 से पहले आरआर से अलग हुए द्रविड़



**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का साथ छोड़ दिया है।फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। आरआर ने अपने बयान में कहा कि राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी। फ्रेंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को दिल से धन्यवाद देते हैं। आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे।

# भारत ने नेपाल को हराकर जीता खिताब

● भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप-2025 में किया कमाल

**नई दिल्ली/थिम्पू, वार्ता।** दक्षिण एशियाई फुटबॉल में भारत का दबदबा जारी रहा। अंडर-17 महिला टीम ने चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर एक मैच शेष रहते सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया।

एआईएफएफ द्वारा जारी बयान के अनुसार कि भारत ने शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर दक्षिण एशिया में एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया और शानदार अंदाज में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम किया। यंग टाइग्रेसेस हाफ-टाइम तक 3-0 से आगे थी। बयान में कहा गया कि इस जीत से भारत के पांच मैचों में 15 अंक हो गए हैं और वह तालिका में शीर्ष पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। दूसरे स्थान पर काबिज बांग्लादेश की दिन की शुरुआत में हुई हार (मेजबान भूटान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ) के बावजूद भारत ने खिताब पक्का कर लिया।

पर्ल फर्नांडीस (15वें, 43वें) और दिव्यानी लिंडा (79वें, 90वें 2वें) दोनों ने दो-दो गोल किए। नीरा चानू लोंगजाम (5वें) ने भी एक अन्य गोल किया। शुरुआती सीटी बजते ही भारत ने एकतरफा प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार, नीली जर्सी वाली टीमें लगातार आगे बढ़ती रहीं और गेंद भारत के हाफ में मुश्किल से ही पहुंच पाई। नेपाल को अपने हाफ में ही रोके रखा और गोलकीपर मुन्नी के एंड से खेल को दूर रखा। बयान में कहा गया है, ष्शुरू में ही गोल के दरवाजे खुल गए, पांच मिनट बाद ही नीरा चानू ने सेट-पीस से गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाकर माहौल बना दिया।

फिर उन्होंने 15वें मिनट में पर्ल फर्नांडीस के लिए बॉक्स में एक बेहतरीन क्रॉस डालकर टीम को बढ़त दिलाई, जिन्होंने संयम से गोल किया। भारत के आक्रमणों पर प्रकाश डालते हुए, इसमें कहा गया है, ष्भारत ने अपनी तेज चालों और सहज आदान-प्रदान से दबाव बनाना जारी रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, 43वें मिनट में, दिव्यानी का एक खूबसूरत क्रॉस पर्ल के पास पहुंचा, जिन्होंने उसे आसानी से गोल में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत खराब रही, कई मौके, ऑफसाइड और नज़दीकी चूकें हुईं, लेकिन आखिरकार भारत ने फिर से गोल कर दिया। बयान में आगे कहा गया है कि 79वें मिनट में श्वेता रानी ने एक गहरा क्रॉस दिया जिसे बोनिफिलिया शुलाई ने गोल की ओर फ्लिक किया, जिससे दिव्यानी लिंडा ने लाइन पर गोल का फायदा उठाया। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि इसके बाद भारत ने मैच का अंत शानदार तरीके से किया और अतिरिक्त समय में दिव्यानी ने अनीता डुंगडुंग के क्रॉस को गोल में बदलकर एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। ट्रॉफी पक्की होने, इतने ही मैचों में पांच जीत, 27 गोल और एक भी गोल न खाने के साथ, भारत अब रविवार, 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच में उतरेगा।

# सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

● सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है




**पेरिस, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी 30 अगस्त को पेरिस के एडिडास एरिना में 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यी से फाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगे।

भारतीय जोड़ी ने 29 अगस्त को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी, आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर पदक पक्का किया और 2011 के संस्करण से शुरू हुए टूर्नामेंट में भारत के कम से कम एक पदक जीतने के सिलसिले को और आगे बढ़ाया। भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 मिनट तक चले मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेमों में 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। टोक्यो में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीतने के बाद, यह इस प्रतिष्ठित आयोजन में इस जोड़ी का दूसरा पदक भी है।

## डॉन ब्रैडमैन की पहनी हुई बैगी ग्रीन कैप 25 लाख रुपये में बिकी

● ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी जब उन्होंने 1946-1947 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी

**कैनबरा, वार्ता।** 1946-47 एशेज सीरीज के दौरान सर डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई बैगी ग्रीन कैप को नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने 438,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 25,000,00 रूपये) में खरीदा है। कैनबरा के म्यूजियम ने यह बैगी ग्रीन कैप खरीदी, जिसकी आधी कीमत ऑस्ट्रेलिया की केंद्र सरकार ने दी।

ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी, जब उन्होंने 1946-47 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऑस्ट्रेलिया द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पहली सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट की यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसने 1948 के 'इंविंसिबल्स' दौरे की नींव रखी थी, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड में अपराजित रही थी। ऑस्ट्रेलिया के कला व संस्कृति मंत्री टोनी बर्क ने कहा, ष्इस टोपी को खरीदकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय इतिहास के एक अहम हिस्से को सुरक्षित कर रहे हैं। आप शायद ही किसी ऐसे ऑस्ट्रेलियाई से मिले हों, जिन्होंने महान डोनाल्ड ब्रैडमैन का नाम न सुना हो, जिन्हें अब तक का सबसे महान क्रिकेटर माना जाता है। अब, जब उनकी एक प्रतीकात्मक बैगी ग्रीन नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया में है, तो आगंतुकों को हमारे खेल और सांस्कृतिक इतिहास से जुष्ने का मौका मिलेगा। यह टोपी ब्रैडमैन की 11 बैगी ग्रीन्स में से एक है। एक अन्य टोपी ऑस्ट्रेलियन स्पोर्ट्स म्यूजियम में है, जबकि बाकी नौ निजी हाथों में हैं। नेशनल म्यूजियम की डायरेक्टर कैथरीन मक्महन ने इस प्रतीकात्मक टोपी का अपने संग्रह में स्वागत किया।

# फिटनेस टेस्ट के लिए रवाना हुए गिल

● संभावना है कि शुभमन गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे




**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) जा रहे हैं। एशिया कप से पहले, भारतीय टेस्ट कप्तान और टी-20 उप-कप्तान शुक्रवार (29 अगस्त) शाम को अनिवार्य मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं, जो एशिया कप जाने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है।

यह स्पष्ट नहीं है कि गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्र में फिटनेस टेस्ट कब देंगे, लेकिन संभवतष् यह अगले कुछ दिनों में होगा। संभावना है कि गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे। गिल हाल ही में अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में आराम कर रहे थे, यही वजह थी कि उन्हें दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना पड़ा। ठीक होने के बाद, उन्होंने शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों के लिए अपने गृहनगर में अभ्यास शुरू किया। इस बीच, भारतीय टीम 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी।

खिलाड़ी आमतौर पर अभ्यास के दौरान एक ही स्थान से एक साथ नहीं निकलेंगे, बल्कि अपने-अपने बेस से अलग-अलग उड़ान भरेंगे और पहले अभ्यास सत्र के लिए समय पर दुबई पहुंचेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने पहला नेट सत्र 5 सितंबर के लिए निर्धारित किया है। हालांकि नेट अभ्यास के लिए स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन पूरी संभावना है कि यह दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपने सफल चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान इसी स्थान पर प्रशिक्षण लिया था। हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज समाप्त करने के बाद, भारतीय टीम ट्वेंटी-20 प्रारूप में अभ्यास में कम रही है। हालांकि, भारत के अलावा, बाकी सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है।

पाकस्तान, अफगानिस्तान और यूएई शारजाह में त्रिकोणीय सीरीज में भाग ले रहे हैं। श्रीलंका इस समय जिम्बाब्वे में एक द्विपक्षीय श्रृंखला (दो एकदिवसीय और उसके बाद तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) खेल रहा है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाक के खिलाफ एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी।

## टेलर फ्रिट्ज-मन्नारिनो और टाउनसेंड अंतिम 16 में पहुंचे

● टेलर और मन्नारिनो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज, फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो और अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड ने शानदार प्रदर्शन कर अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शुक्रवार रात टेलर फ्रिट्ज ने करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्विस क्वालीफायर जेरोम किम पर 7-6(3), 6-7(9), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। फ्रिट्ज का अगले दौर में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से मुकाबला होगा। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि यह आसान नहीं था। जेरोम बिना किसी डर के खेले और मुझे कड़ी टक्कर दी, खासकर पहले दो सेटों में। मैंने बस आक्रामक बने रहने और अपनी सर्विस पर भरोसा रखने पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूयॉर्क के दर्शकों ने मुझे जरूरत पड़ने पर भरपूर प्रोत्साहन दिया। वहीं एक अन्य मैच में छठे वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन का यूएस ओपन में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया जब वह फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो के खिलाफ तीसरे दौर के मुकाबले के दौरान चोटिल होकर मैच से हट गए। उस समय मैच दो-दो सेटों के अंतर से बराबरी पर था। इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले शेल्टन को चौथे सेट की शुरुआत में ही बाएं कंधे में तेज दर्द होने लगा। मेडिकल टाइमआउट और कई स्पष्ट परेशानी के संकेतों के बाद, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 6-3, 3-6, 6-4, 4-6 से हार मान ली।

# एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम में एक बदलाव

**बेंगलुरु, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शनिवार को चीन रवाना हुई 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में चोटिल हुई ड्रैग फ्लिकर दीपिका की जगह साक्षी को शामिल किया गया है। सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट को जीतना चाहती हैं ताकि अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान पक्का कर सके।

आगामी प्रतियोगिता को लेकर सलीमा ने कहा कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का करने का एक बेहतरीन अवसर है, और हम इसी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। फिलहाल हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुं. चना है।

टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद छह सितंबर को जापान और आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच खेलेगी। भारतीय महिला टीम ने दो बार एशिया कप जीता है।, पहली बार 2004 में और फिर 2017 में।

## यूएई की गर्मी से बचने के लिए एशिया कप के मैच शुरू होने के समय में बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी एशिया कप के 19 मैचों में से 18 - फाइनल सहित - स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (खाड़ी मानक समय) शुरू होंगे, जो मूल समय से आधे घंटे पहले होगा। सितंबर में - जब टूर्नामेंट खेला जाएगा-दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और देर शाम तक ऐसे ही रहने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में खेलने से बचने के लिए, क्रिकेट बोर्डों ने मैचों के समय को थोड़ा आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। प्रसारकों से यह अनुरोध किया गया और उन्होंने बदलावों पर सहमति जताई। इसका मतलब है कि सभी दिन-रात्रि मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होंगे। इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच टूर्नामेंट का एकमात्र दिन का मैच है- 15 सितंबर को अबू धाबी में।

## पाक ने अफगानिस्तान को हराया

**शारजाह, वार्ता।** कप्तान आगा सलमान (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 39 रनों से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान आगा सलमान ने 36 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 53 रनों की पारी खेली। साहिबजादा फरहान ने 10 गेंदों में (21), फखर जमां (20), मोहम्मद नवाज (21), मोहम्मद हारिस (15), फहीम अशरफ(14) और सैम अयूब 14 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की ओर से फरीद अहमद ने दो विकेट लिए। मुजीब उर रहमान, अजमतउल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 183रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में इब्राहिम जदरान (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने रहमानउल्लाह गुरबाज 27 गेंदों में 39 रन को आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डर्विश रसूली ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हारिस रउफ ने सेदिकुल्लाह अटल 19 गेंदों में (23) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान राशिद खान को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और अफगानिस्तान की पूरी टीम 19-5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान ने 39 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# पुडुचेरी की टीम में शामिल हुए जयंत



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिन ऑलराउंडर जयंत यादव आगामी घरेलू सीजन के लिए पुडुचेरी की टीम से खेलेंगे। वह इससे इससे पहले हरियाणा की टीम से खेलते थे। हरियाणा की तरफ से 2011-12 में उन्होंने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। हरियाणा के तरफ से उन्हें एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफ़िकेट) दे दिया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार, जयंत सभी प्रारूप में हिस्सा लेना चाहते हैं। उसी कारण से उन्होंने यह फैसला लिया है। 2023-24 के बाद से वह हरियाणा के लिए नियमित रूप से सफेद गेंद वाले मैचों में नहीं खेल रहे थे। उस सीजन में हरियाणा विजय हजारे ट्रॉफी चैंपियन बना था। टीम प्रबंधन ने जयंत की जगह स्पिन ऑलराउंडर निशांत सिंधु और राहुल तेवतिया मौका देना सही समझा था। जयंत ने हरियाणा के लिए आखिरी बार 2024-25 रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। उस दौरान उन्होंने आठ मैचों में 28 विकेट लिए थे। इस साल फरवरी में मुंबई के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल में उन्होंने अपना आखिरी मैच खेला था। उस मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए और 40 रन बनाए थे। 35 वर्षीय जयंत के पास काफी अनुभव है। उन्होंने 90 प्रथम श्रेणी मैचों में कुल 265 विकेट लिए हैं। गेंदबाजी के अलावा उन्होंने बल्ले से भी काफी रन बनाए हैं। तीन शतक और 14 अर्धशतक के बदौलत उनके खाते में कुल 2924 रन हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 211 रनों का है, जो उन्होंने 2011-12 में कर्नाटक के खिलाफ बनाया था। उस पारी के दौरान उन्होंने अमित मिश्रा के साथ आठवें विकेट के लिए 392 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की थी। पुडुचेरी की टीम में जयंत तीन पेशेवरों में से एक होंगे, जिसमें मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर पुनीत दाते और मुंबई के विकेटकीपर सिद्धांत आदतराव भी शामिल हैं।

# पाठशाला बंद कर मधुशालाएं खोल रही सरकार: राजकुमार

## पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के आवास पर सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी व एमएलसी प्रत्याशी नितिन का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार पाठशाला बंद कर मुधशालाएं खोल रही है।

राजकुमार भाटी ने यह बात एमएलसी प्रत्याशी नितिन तोमर के साथ पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह खत्म करने पर तुली है। भाजपा पाठशालाएं बंद कर रही है और मधुशालाएं खोल रही है। ये समाज को अशिक्षित, अंधविश्वासी बनाना चाहते हैं, ताकि उनसे सवाल न किए जा सकें। राजकुमार भाटी ने कहा कि अब तक किसी भी पार्टी या निर्दलीय ने चुनावी मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं दिखाई, लेकिन सबसे पहले सपा ने अपना प्रत्याशी उतारकर चुनावी की शुरुआत कर दी है।

एमएलसी पद के प्रत्याशी डॉ. नितिन तोमर ने कहा कि सपा पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में है, और इसे घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि जब-जब सपा की सरकार रही है, शिक्षकों के हित में योजनाएं लागू की गई हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने कहा कि



भाजपा जब से सत्ता में आई है शिक्षा के ताने बाने को नुकसान पहुँचा रही है। भाजपा गरीब और पीडीए परिवार को शिक्षा से दूर करने की साजिश कर रही है।

इस दौरान वीरेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक, हाथरस लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी रहे जसवीर वाल्मीकि, मांगेराम कश्यप पूर्व मंत्री व प्रदेश सचिव, लियाकत अली एडवोकेट पूर्व मंत्री, राव बाबर एडवोकेट पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शराफत खान चेयरमैन तीतरो, चौधरी अबूबकर पूर्व विधानसभा प्रभारी नकुड़, चौधरी विनोद पंवार, चौधरी शैलेश प्रधान जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा, चौधरी अमित गुज्जर देवबंद, चौधरी सुदेश गुज्जर, हाजी नवाब अंसारी महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, शहजाद अहमद महानगर अध्यक्ष सपा व्यापार सभा, बाबर वसीम एडवोकेट राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा, चौधरी विपिन पंवार जिलाध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा, चौधरी सलीम बंजारा पूर्व प्रदेश सचिव, फैसल सलमानी सपा कार्यालय प्रभारी सहारनपुर, मुन्नू खघन प्रतिनिधि पूर्व सांसद, टिंकू अरोड़ा पार्षद, फजलूरहमान पार्षद, मुहर्रम अली पप्पू पार्षद, जफर अंसारी पार्षद, डॉक्टर एहसान पूर्व पार्षद, अमजद इरशाद पूर्व पार्षद, नसीम उर्फ कल्लू पूर्व पार्षद, धर्मवीर खटाना नकुड़, विशाल चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शादाब अंसारी महानगर अध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा, इरशाद सलमानी वरिष्ठ नेता देहात विधानसभा, प्रवेज मलिक सचिव खाताखेड़ी वुड कार्विंग एसोसिएशन, रिजवान जोगी पूर्व पार्षद व कार्यालय प्रभारी पूर्व सांसद, रईस मलिक चेयरमैन, राव कघसिम शेखपुरा, राव महबूब प्रधानाचार्य, अंजुम जावेद गंगोह, डॉक्टर सालिम बेहट, शेख फजलूरहमान मिर्जापुर, अरशी हसन प्रतिनिधि पूर्व सांसद, शाहीन चौधरी पठानपुरा बेहट, चौधरी सनव्वर मिर्जापुर, रिहान खान प्रतिनिधि पूर्व सांसद, काका चौधरी प्रधान दाबकी, अब्दुल्ला तारिक प्रधान मांढेबाँस, शाहिद गाड़ा प्रधान घोघरेकी, जमीर अहमद पूर्व सदस्य रेलवे बोर्ड भारत सरकार, वसीम कुरैशी उर्फ लाला, नबील आलम, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने की तथा संचालन चौधरी अबू. बकर पूर्व विधानसभा प्रभारी नकुड़ ने किया।

# मेयर डा. अजय सिंह ने रिकवरी वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज नगर निगम की ओर से पुलिस ट्रैफिक विभाग को रिकवरी व्हीकल ( बड़ी गाड़ी ) सौंपी और हरी झंडी दिखाकर उसका लोकार्पण किया। यह गाड़ी कार से लेकर टाटा 407 मॉडल तक के वाहनों को उठाने में सक्षम है।



शहर की सड़कों पर इधर-उधर आड़ी-तिरछी तथा मुख्य मार्गो पर अवैध रुप से खडेध वाहनों को रिकवर करने के लिए नगर निगम द्वारा रिकवरी वाहन खरीदा गया था।

आज शाम निगम के नवनिर्मित गैराज में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त वाहन को ट्रैफिक सीओ शैलेंद्र प्रताप चौहान व अमित तोमर को निगम की ओर से सौंपा। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर उक्त वाहन का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि महानगरों के बढ़ते विकास के साथ वाहनों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हुई है। सड़कों पर वाहनों की गलत पार्किंग को रोकने के लिए रिकवरी व्हीकल की काफी आवश्यकता रहती है। उन्होंने पुलिस विभाग को आश्वस्त किया कि शहर के विकास, कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा यातायात नियंत्रण के लिए नगर निगम सदैव पुलिस विभाग के साथ खड़ा है। इससे पूर्व गैराज प्रभारी व अधिशासी अभियंता वी बी सिंह ने रिकवरी व्हीकल के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। सीओ शैलेंद्र चौहान ने नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, एई विपुंल कुमार के अलावा दल नेता दिग्विजय चौहान, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद चौ. वीरसैन सिद्धू व मोहर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## धर्म का पाठ पढाने की कथा का वर्णन

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में चल रही श्रीगुरु रविदास अमृत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक सागर आनन्द महाराज ने सतगुरु रविदास द्वारा साधना कसाई को धर्म का पाठ पढ़ाने की कथा का सुंदर वर्णन किया।

शुक्रवार रात्रि की कथा में महाराज ने बताया कि सधना कसाई गौ हत्या करने के लिए गौ लेकर जा रहा होता है तभी उसे रास्ते मे गुरु रविदास मिलते है जो उसे धर्म का पाठ पढ़ाते हुए जीव हत्या न करने को कहते है। गुरु के वचनों को सुनकर सधना कसाई प्रभावित होता है और जीव हत्या से हमेशा के लिए तौबा कर लेता है व गुरु रविदास की शरण में आ जाता है।कथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज कश्यप ने फीता काटकर किया। कथा में आयोजन समिति द्वारा कथा वाचक सागर आनन्द को पटका, पगड़ी व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा कथा मंडली में शामिल सोनू साउंड, मा. सतीश, कुणाल, अनन्त को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा प्रांगण में पवित्र ज्योत पीयूष बर्मन, सूरज, पप्पन मिस्त्री के निवास स्थान से आई। इस दौरान श्रीगुरु रविदास प्रबंध समिति व श्री गुरु रविदास युवा शक्ति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मा. सन्दीप, मा. ईसम सिंह, मा. मांगेराम, अजय, विक्की, विशाल, सुमित, सचिन, राहुल, दीपक, बिट्टू, अशोक वालिया, रवि, मेनपाल, पुष्पा, शकुंतला उपस्थित रहे।

# मेला गुघाल स्थल पर नगर आयुक्त ने लिया तैयारियां का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज नगर निगम, एसडीए, स्मार्ट सिटी व पुलिस टीम के साथ मेला गुघाल स्थल पर ही तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए विस्तार से विचार विमर्श किया और दो सितंबर तक सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे ट्रैक से लगे मेला स्थल पर बैरिकेटिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व निगम अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि मेला अवधि में मेला स्थल पर मंगल बाजार नहीं लगेगा।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज सुबह मेला गुघाल स्थल के मुख्य द्वार पर अपर नगरायुक्त व अन्य अफसरों के साथ गुघाल स्थल का नक्शा लेकर बैठे और मुख्य द्वार की सज्जा, मोबा. इल शौचालयों की स्थिति व संख्या, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, झूला स्थल, मेडिकल कैंप तथा एम्बूलेंस व फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियों की पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था आदि के सम्बंध में जानकारी ली। अपर नगरायुक्त व मेला प्रभारी प्रदीप कुमार यादव व ड्राफ्ट मैन अरविंद अरोड़ा ने नगरायुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

बाद में नगरायुक्त शिपू गिरी महाड़ी स्थल पहुंचे और वहां तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नवनिर्मित स्वच्छ कुण्ड गोगा महाड़ी का निरीक्षण करते हुए मेले के दौरान उसे बंद रखने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने पुलिस विभाग को एक द्वार से महाड़ी में प्रवेश और दूसरे मार्ग से निकासी का सुझाव दिया।

इस दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थ अधिकारी प्रवीण शाह, जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, पथ प्रकाश प्रभारी व अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, सीओ सिटी अशोक सिसौदिया, संक्रामक रोगों की नोडल अधिकारी शिवांका गौड, एसडीए के एई मौ.शमीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कॉलेज में वाणिज्य संकाय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 42 छात्राओं ने भाग लिया।

छात्राओं ने बड़े कलात्मक रूप से अपने हाथों पर मेहंदी लगाई। प्रतियोगिता मे प्राची प्रथम, रानी द्वितीय व शालू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राधा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पवन कुमार बंसल ने सभी छात्राओं को सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। विजयी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये। निर्णायक डा. नीतिका रानी व कु. दीपाक्षी रही। इस अवसर पर जिया, प्राची, मोहिनी व प्रमोद कुमारी ने भाग लिया।

# वाद विवाद में हर्षा को पहला स्थान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेनड्रॉप्स विद्यालय के तत्वाधान में प्राइमरी वर्ग में हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दी जाए या नहीं विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में लॉर्ड महावीर एकेडमी की छात्रा हर्षो रोनीयल ने प्रथम व एथिनिया हाई स्कूल की समृद्ध फुटेला ने द्वित्तीय स्थान हासिल किया।

रैनबो स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया प्रतियोगिता के मध्य में कक्षा चतुर्थ के बच्चों ने काव्य पाठ कर सबको सम्मोहित कर लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार लार्ड महावीरा एकेडमी की कक्षा पंचम की छात्रा हर्षि रोनियल (विषय- मंच के महारथी), द्वितीय पुरस्कार एथीनिया हाई स्कूल की कक्षा चतुर्थ की छात्रा समृद्ध फुटेला (विषय- शब्दा का शिल्पकार) व तृतीय पुरस्कार रेनड्रॉप्स स्कूल के कक्षा पंचम के छात्र अथर्व भारद्वाज व कक्षा चतुर्थ की छात्रा काशवी शर्मा (विषय-प्रतिभा का प्रकाश पूँज) ने साझा रूप से प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ दल का प्रथम पुरस्कार रेनड्रॉप्स स्कूल और द्वितीय पुरस्कार लॉर्ड महावीरा एकेडमी विद्यालय को दिया गया। इसके अतिरिक्त दो प्रोत्साहन पुरस्कार नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धि व स्मॉल वर्डर्स की छात्रा श्रव्या चोपडा को दिया गया व कुछ प्रतिभागियों को विशेष उपाधियाँ भी प्रदान की गई।

# बूथ जीता चुनाव जीता मंत्र से आगे बढ़ें: सिसौदिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने कहा कि हमें बूथ जीता चुनाव जीता मंत्र को मानकर आगे बढ़ना है।

श्री सिसोदिया आज भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडलों की बैठक प्रति माह में एक बार होनी आवश्यक है और हमारे बूथ की कार्य समिति है उसकी बैठक महीने में एक बार होनी अनिवार्य है। इसके लिए सभी को निर्देश दिए गये कि महीने में कोई भी तारीख तय करके बैठक करनी है जिसमें संगठन को लेकर के चर्चा करनी है और कार्यकर्ताओं के कार्य की समीक्षा करनी है। उन्होंने कहा कि कुछ मंडलो की नयी टीम गठित हुई है अभियान के बारे में उन्हें पूरी जानक.




ारी नहीं है उनसे भी पार्टी के अभियानों के बारे में चर्चा करते हुए उनके काम को आगे बढ़ाना है जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी और भारतीय जनता पार्टी का संगठन और आगे बढ़ेगा जिससे आने वाले 2027 के चुनाव में लगातार प्रत्येक बूथ पर हम विजय हासिल करेंगे। बैठक में औद्योगिक राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विधायक राजीव गुम्बर, विधायक देवेंद्र निम, विधायक किरत चौधरी, विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक बेहट नरेश सैनी, महापौर डॉक्टर अजय कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन राज्यपाल चौधरी, डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा, जिला महामंत्री पवन सवई, राधेश्याम शर्मा, विरेंद्र पुंडीर, विजेंद्र, जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, अजीत राणा, यशवंत राणा, जितेंद्र जागलान, महानगर महामंत्री योग चुग, किशोर शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जिला मंत्री विपिन भारती, सोहन मुखिया, अनुज राठी, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी आदि सभी ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष एव कार्यकर्ता कारण उपस्थित रहे।

## प्रकटोत्सव के लिए कार्यकारिणी का गठन

**गंगोह।** सत गुरु स्वामी समनद. ास महाराज को 109 वां प्रकट उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने लिए परम संत शिरोमणि सतगुरु रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया।

29 सितंबर को सत गुरु स्वामी समनदास महाराज को 109 वां प्रकट उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष राम अवतार डाबरे, महासí. चव प्रदीप गन्धर्व, सचिव आकाश डाबरे, उपसचिव विशांत कुमार, कोषाध्यक्ष अमन कुमार, उपकोषाध्यक्ष संदीप कुमार, लेखा निरिक्षक अवनीश, उप लेखा जोगेंद्र सहगल, प्रबंधक नाथी राम कटारिया, मोहर सिंह, धर्मपाल, सदस्य अरूण, सुनील, सागर, पुष्पेंद्र, करण, सुभलेष, अजय, जोगेंद्र, प्रचार मंत्री विनोद डाबरे, बृजपाल सहगल व नरेन्द्र सहगल को नियुक्त किया गया।

# शिक्षकों की महापंचायत, बीएसए को ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ द्वारा पुतला फुंकने की घोषणा के बाद ही बीएसए धरना स्थल पर पहुंची और शिक्षकों का ज्ञापन लेकर उनकी समस्याओं के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

धरना स्थल पर शिक्षा विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार को चिंता व्यक्त करते हुए भ्रष्टाचार निवारण समिति की एक टास्क फोर्स का गठन किया गया जिसमें ईश्वर चंद्र फौजी को अध्यक्ष व वजाहत अली विक्रांत शर्मा मनीष मंगलम अजय सिंह रावत पदम खटाना को सदस्य बनाया गया। ईश्वर चंद्र फौजी को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अजय कुमार लिपिक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों विजिलेंस के द्वारा पकड़वाये जाने पर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष



डॉ अशोक मलिक ने कहा कि अधिकारीगण अपने आप को मालिक समझ रहे हैं और जनता को नौकर जबकि देश का प्रधानमंत्री अपने आप को जनता के टैक्स का वेतन भोगी हूं इसलिए मैं जनता का सेवक हूं यदि शिक्षा विभाग में निजी स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान नहीं हुआ तो हम विभाग की ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे। प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट, मंडल उपाध्यक्ष मनीष मंगलम, जिला अध्यक्ष केपी सिंह, महानगर अध्यक्ष गययूर आलम, महानगर प्रभारी अजय सिंह रावत, वीरेंद्र कुमार पवार धनंजय शर्मा अरविंद शर्मा राशिद जावेद, उस्मान थानवी प्रवीण गुप्ता मुजाहिद नदीम विक्रांत शर्मा नारायण सिंह दिनेश रुपडी विजेंद्र चौधरी विक्रांत शर्मा महिपाल सिंह महताब अली जोरा सिंह अनिल सचदेवा अहमद खान संजय राणा, जावेद, ओमपाल मुजा. हिद हसन वजाहत वाजिद फतेहपुर तेजपाल छुटमलपुर श्रीमती उमा बाटला मंजू शर्मा और सुनीता गुप्ता खदीजा तौकीर आदि ने संबोधित किया।

शिक्षक महापंचायत में गौरव शर्मा हंस कुमार नकली राम उपाध्याय, बुरहान, शादाब, मंजुर, शाहवेज, अयाज, प्रकाश पांडे, आलोक शर्मा शीशपाल ओमपाल यशपाल मोहम्मद सत्तार राजेंद्र प्रधान हुकुम सिंह अमित कुमार सालपुर संजय त्रिपड़ी भोपाल सिंह राजेश रणबीर राम कुमार त्रिपड़ी राजेश शेखपुरा कपिल खेडकी आदि सैकड़ो महिलाएं और पुरुष शिक्षक उपस्थित रहे।

# मां शाकंभरी के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। श्रद्धालु भारी संख्या में डीजे पर चल रहे माता के भजनों पर नाचते गाते मां शाकंभरी के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा ले जाई जा रही मनमोहक झांकियां क्षेत्र वासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

शनिवार को सप्तमी पर्व के अवसर पर सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर झंडी मेले के दौरान पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भारी संख्या में डीजे पर चल रहे माता के भजनों पर नाचते गाते सिद्ध पीठ पहुंच रहे हैं। जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारो एवं डीजे पर चले माता के भजनों से संपूर्ण माहौल भक्ति मय हो रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा ली है जा रही मनमोहक झांकियां भी क्षेत्र वासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लाइनों में लगकर श्रद्धालु माता शाकंभरी के दर्शन कर रहे हैं और मनोकामनाएं मांग रहे हैं। शाकंभरी देवी मार्ग एवं सिद्ध पीठ पर क्षेत्र में कई स्थानों पर विशाल भंडारों को भी आयोजन किया जा रहा है। यह झंडी मेला चतुर्दशी पर्व तक चलेगा जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

# विधायक मुकेश के समर्थन में लगे पोस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पाजबांगर के ग्रामीणों ने किसी गलत सूचना की वजह से गांव के मुख्य द्वार पर विधायक मुक. ेश चौधरी की नो एंट्री के पोस्टर चस्पा किए गए थे।

ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम पंचायत फिरोजाबाद के ग्राम प्रधान पर ग्रामवासियों द्वारा कई तरह के आरोप लगाकर जांच कराई गई थी जिसके जिलास्तरीय अधिकारियों की जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान दोषी पाए गए और ग्राम प्रधान को निलंबित कर दिया गया था। निलंबन होने पर जो समिति बनाई गई थी उसका ग्रामीणों ने किन्हीं लोगों को भ्रमित किया गया कि विपक्ष की ही कमेटी के सभी सदस्य बना दिए गए हैं। हालांकि जांच में इसके विपरीत पाया गया। जब ग्रामवासियों को सही जानकारी




मिली तो उन्हें बहुत पश्चाताप हुआ और अपनी गलती को स्वीकार किया। उन्होंने गांव के मुख्य द्वार पर पूर्व में चस्पा किए गए पोस्टरों को उतारकर नया पोस्टर चस्पा किया तथा विधायक मुकेश चौधरी का गांव में पुन: जोरदार स्वागत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संदीप सैनी, अनिल काम्बोज, सचिन काम्बोज, दीक्षांत काम्बोज, संजय कुमार, ज्ञानेंद्र, ब्रिजेश काम्बोज, रोí. हत काम्बोज, सुरेश पाल काम्बोज, हिमांशु काम्बोज, अंकित काम्बोज, सुभाष काम्बोज, नरेश सैनी, रामपाल सैनी, राकेश सैनी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता का समापन

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंत में विज. ेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राकेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित व उपप्रधानाचार्य दीपक सैनी व पूजा सिंह ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रबंधक व कोषाध्यक्ष ने हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखना चाहिए।

# बिजली चोरों के खिलाफ विभाग का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा बिल बकायेदार उपभोक्ताओं और विधुत चोरी करने वालों के विरुद्ध बेहट एसडीओ ने पुलिस तथा पी एस सी बल के साथ ग्रामीण इलाको में विद्युत बकायादारों के कनेक्शन काटे गए और कई लोगों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया विभाग द्वारा की जारही कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

अधिक्षण अभियंता के आद. ेशानुसार बेहट विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन में एस डीओ बृज मोहन तथा जेई जितेन्द्र कुमार भटनागर ने विद्युत कर्मचारियों तथा पुलिस बल के साथ गांव दबकोरा, पठानपूरा आदि मे गावो में विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं एवं विधुत चोरों को रोकने के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया



अचानक हुई विद्युत विभाग की छापेमारी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। छापामारी कार्यवाही मे दर्जन भर से अधिक कई बकायादारों उपभोक्ताओं के दर्जन भर से अधिक कनेक्शन काटे गए तथा 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा बेहट उपखण्ड अधिकारी बृज मोहन ने बताया कि चेकिंग के दौरान करीब 4 लाख 50 हजार रु बकायेदारों के 30 कनेक्शन काटे गए है इस के अलावा बिजली चोरी करने वाले 35 लोगों के विरुद्ध प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान के अंतर्गत लगभग 300 कनेक्शन चेक किए गए हैं इस के साथ ही उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है विधुत चोरी करना एक कानूनी अपराध है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अपना बकाया बिलो का समय पर जमा करे। चेकिंग टीम में जेई विशाल राठौर, टीजी विपिन सैनी गौरव सैनी, आशु, संदीप कांबोज, सब इंस्पेक्टर अमित यादव के अलावा पी ए सी बल आदि विद्युत कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रम्प इज डेड'

## ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार पोस्ट शेयर हुए, उपराष्ट्रपति वेंस बोले थे: देश का नेतृत्व के लिए तैयार हूं

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में ट्रम्प इज डेड (ट्रम्प की मौत हो गई) लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रम्प के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है।

व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रम्प के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई। दरअसल, वेंस ने यूएसए टुडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वो देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अभी ट्रम्प पूरी तरह ठीक हैं। फिलहाल, व्हाइट हाउस ने इस अफवाह पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 16 जुलाई को ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट का निशान दिखा था, जो मेकअप से ढका हुआ लग रहा था। फरवरी,2025 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जुलाई में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ मुलाकात के दौरान

**व्हाइट हाउस बोला: ट्रम्प को हार्ट-किडनी की बीमारी नहीं, ट्रम्प के हाथ पर फिर चोट के निशान दिखे**

सबसे पहले ट्रम्प के हाथ पर चोट और मेकअप के निशान देखे गए थे। इसके बाद ट्रम्प की सेहत से जुड़ी अटकलें तेज हो गई थी। इस समय व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रम्प की नसों की बीमारी क्रानिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 से ग्रसित हैं।

इसके कारण उनके पैरों में सूजन रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 साल से ज्यादा उम्र को लोगों में यह बीमारी कामन है। लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति की हथेलियों पर चोट के निशान हैं, जो मामूली साफ्ट टिशू इरिटेशन है। यह एस्पिरिन के सेवन के साइन इफेक्ट और बार-बार लोगों से हाथ मिलाने के कारण होता है। 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान ट्रम्प के पैरों में सूजन देखी गई थी। फिर, 16 जुलाई को बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रम्प के हाथों में चोट के निशान वाली तस्वीरें

**ट्रम्प इज डेड की अफवाहें पूरी तरह से सोशल मीडिया पर आधारित किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि नहीं**

सामने आई थीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस होने लगीं कि ट्रम्प अपनी स्वास्थ्य समस्या छिपा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रम्प ने अपने पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन देखी थी। इसके बाद उन्होंने जांच करवाई और सबको रिपोर्ट की जानकारी बताने का निर्देश दिया। ट्रम्प 13 जुलाई को फर्स्ट लेडी मेलानिया के साथ फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल देखने पहुंचे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी लेविट ने बताया था कि राष्ट्रपति के निचले अंगों के दोनों तरफ वेनस डापलर अल्ट्रासाउंड किए गए, जिससे पता चला कि उन्हें क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 है। जांच में अन्य गंभीर हृदय रोग या किडनी की बीमारी का पता नहीं चला था। लेविट ने कहा कि जांच रिपोर्ट में डीप वेन थ्रोम्बोसिस या धमनी रोग का भी कोई सबूत नहीं मिला। ट्रम्प का कम्प्लीट ब्लड काउंट, मेटाबोलिक पैनल, डी-डाइमर, बीटी टाइप के नैट्रियोटिक पेप्टाइड और कार्डिएक बायोमार्कर जांच भी हुआ। सभी रिपोर्ट्स नार्मल आए। 25 अगस्त को साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था, जिसे मेकअप से छुपाने की कोशिश की गई थी।

जुलाई में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रम्प जनता के बीच सबसे ज्यादा समय बिताते हैं और रोजाना सैकड़ों लोगों से हाथ मिलाते हैं। इसके कारण ये निशान बने हैं। ट्रम्प के डाक्टर सीन बारबाबेला ने बताया कि चोट के निशान बार-बार हाथ मिलाने और एस्पिरिन (पेनकिलर) के उपयोग से हुए हैं, जो हृदय रोग की रोकथाम के लिए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य और हल्की समस्या है, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था। जेडी वेंस के बयान के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रम्प के हेल्थ को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। एक्स पर कई यूजर्स ने दावा किया कि ट्रम्प पिछले 24 घंटों से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखे हैं।



बिहार। सारण जिले में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

## गाजा में आईएस के सबसे वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया: इजरायली सेना

**यरूशलम।** इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने पिछले सप्ताह गाज़ा पट्टी में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया। आईडीएफ ने उस व्यक्ति की पहचान मुहम्मद अब्द अल-अजीज अबू ज़ुबैदा के रूप में की है, जो गाज़ा पट्टी में आईएस के फलस्तीनी जिले के प्रमुख के रूप में कार्यरत था साथ ही इस क्षेत्र में समूह के भीतर सबसे वरिष्ठ पद था। आईडीएफ के बयान के अनुसार, अबू ज़ुबैदा को खुफिया मार्गदर्शन में किए गए हवाई हमले में निशाना बनाया गया था। वह कथित तौर पर पश्चिमी तट, गाज़ा और मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में नीति निर्धारण, अभियानों की योजना बनाने और आईएस गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा कि आईएस लड़ाके गाज़ा में इज़रायली सेना के खिलाफ सीधे तौर पर लड़ाई में शामिल थे और समूह पर युद्धक उपकरण स्थानांतरित करने के साथ-साथ पश्चिमी तट से गाज़ा पट्टी में महत्वपूर्ण धन जुटाने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### ले होई टुंग वियतनाम के नए कार्यवाहक विदेश मंत्री बने

**हनोई।** वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने शनिवार को राजधानी हनोई में एक समारोह की अध्यक्षता में ले होई टुंग को आधिकारिक रूप से विदेश मामलों का कार्यवाहक मंत्री नियुक्त किया गया। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, टुंग को पार्टी केंद्रीय समिति कार्यालय के प्रमुख पद से हटाकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है।

### अफगानिस्तान में बारिश-बाढ़ से पांच की मौत, आठ घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी सेदिकुल्लाह कुरैशी के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को रोडात, हस्का मीना और चपरहार जिलों में आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### महबूबा ने तबाही के लिए केंद्रीय पैकेज का किया आग्रह

**श्रीनगरी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए तत्काल वित्तीय राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुश्री मुफ्ती ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई तबाही ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय कोर्ट का झटका

## हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर लगाई अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निक.ालना चाहता था।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। हालांकि, वाशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया काब ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। काब ने 48 पन्नों की अपनी राय में लिखा, सरकार इस संक्षिप्त प्रक्रिया का बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली दलील देती है-जो लोग देश में अवैध रूप से प्रवेश करते



**ट्रम्प ने कहा था: वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे**

हैं, उन्हें संविधान के पांचवें संशोधन के तहत कोई कानूनी प्रक्रिया का अधिकार नहीं है, बल्कि उन्हें कांग्रेस (संसद) जो भी कृपा दे, उसे ही स्वीकार करना होगा। अगर यह दलील सही मानी जाए, तो फिर न केवल गैर-नागरिक, बल्कि हर किसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। जनवरी में ट्रम्प के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी। इस प्रक्रिया में उन अवैध प्रवासियों को जल्दी देश से बाहर निकालना था जो अमेरिका में दो साल से कम समय से हैं। इस प्रयास के खिलाफ अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संगठन और प्रवासी अधिकार समूहों ने मुकदमे दायर किए हैं। पहले तेजी से निर्वासन की प्रक्रिया केवल उन्हीं प्रवासियों पर लागू होती थी जिन्हें अमेरिका-मैक्सिको सीमा से 100 मील के दायरे में पकड़ा जाता था और जो अमेरिका में 14 दिन या उससे कम समय से रह रहे होते थे। बाद में ट्रम्प प्रशासन ने इस प्रक्रिया का विस्तार किया। जज काब ने न तो इस कानून की सांविधानिकता पर सवाल उठाया और न ही इसे सीमा पर लागू किए जाने को लेकर कोई आपत्ति जताई। काब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त की गई थीं। उन्होंने लिखा, मुद्दा यह है कि जब इस कानून को देश के अंदर रह रहे बड़ी संख्या में लोगों पर लागू किया जाता है, जिन्हें पहले तेजी से निर्वासन का सामना नहीं करना पड़ा, तो सरकार को उन्हें उचित कानूनी प्रक्रिया प्रदान करनी होगी।

### फोन कॉल कांड के बाद थाईलैंड की पीएम को हटाया गया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया है। अदालत ने कहा कि कंबोडिया के पूर्व नेता के साथ उनकी विवादास्पद फोन कॉल ने नैतिकता के नियमों का उल्लंघन किया है। इस कदम से देश में एक नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार शक्तिशाली शिनावात्रा राजनीतिक परिवार की सदस्य पैतोंगतार्न अगस्त 2024 में देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनीं और उन्होंने केवल एक वर्ष ही पद संभाला है। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पैतोंगतार्न के पास थाई संविधान के तहत 'योग्यताएँ नहीं हैं और उनमें निषिद्ध विशेषताएं हैं', जिसके कारण उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

# यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार

**न्यूयार्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिका.रियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है।

ट्रम्प प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरा.ेप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं। नवारो ने इसे 'मोदी का युद्ध' कहा और यह भी कहा कि शांति की राह 'नई दिल्ली से होकर' गुजरती है।

**यहूदी संगठन ने की ट्रम्प प्रशासन की आलोचना**

यहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है। उनकी ओर से ये बयान तब सामने आए, जब वाशिंगटन और दिल्ली के बीच व्यापार और टैरिफ को लेकर तनाव बढ़ा। ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है।

# इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी।

इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर

**घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं**

धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया। जकार्ता में शनिवार को स्थिति कुछ हद तक सामान्य रही। सुरक्षा बलों ने जली हुई गाड़ियां, पुलिस चौकियां और बस स्टाप हटाने का काम किया। दरअसल, प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई थी जब यह खुलासा हुआ कि संसद के सभी 580 सांसदों को वेतन के अलावा हर महीने 50 मिलियन रुपिया (करीब 3075 डालर) आवास भत्ता दिया जा रहा है।

# मोदी ने की जापानी गर्वनरों के साथ मुलाकात

## राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाना समय की जरूरत

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गर्वनरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझीदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गर्वनरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रान्तों के गर्वनरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गर्वनरों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए।



### पीएम ने जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में की यात्रा

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के आज दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की। मोदी ने जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ष्प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेंडई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। मोदी जापानी प्रधानमंत्री इशिबा बुलेट ट्रेन से सफर करते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री दोनों ने बुलेट ट्रेन से जापान के सेंडाई शहर तक की सवारी की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी जापान रेलवे कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात की।

### मोदी ने इशिबा को भेंट किया कीमती पत्थर का बाउल, उनकी पत्नी को पश्मीना शॉल

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनकी पत्नी को शानदार उपहार भेंट किये जिनमें इशिबा के लिए कीमती पत्थर से बना बाउल का सेट और उनकी पत्नी के लिए पश्मीना शॉल शामिल हैं। चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का अनूठा मिश्रण हैं। चार छोटे बाउल और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ भूरे रंग के मूनस्टोन से बने बड़े बाउल से सुसज्जित यह सेट जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से प्राप्त यह मूनस्टोन बेहद चमकीना और प्रेम, संतुलन तथा सुरक्षा का प्रतीक है।

# यूक्रेन के पूर्व संसद की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन के प्रमुख राजनेता और पूर्व संसद अध्यक्ष आंद्री पारुबी की 30 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के अनुसार, दक्षिणी फ्रैंकिव्स्की जिले में दोपहर करीब 12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। हमलावर ने पारुबी पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यूरोपियन सालिडैरिटी पार्टी की सांसद इरीना हेराशच.ेंको ने पुष्टि की कि मृतक आंद्री पारुबी ही थे। मीडिया के मुता.बिक हमलावर डिलीवरी बॉय की वेशभूषा में था और इलेक्ट्रिक साइकिल पर सवार था। उसने पारुबी पर गोलियां चलाईं और फिर साइकिल से भाग गया। घटनास्थल पर सात गोली के खोल मिले। 54 साल के पारुबी लंबे समय तक सांसद रहे थे। उन्होंने 2004 की आरेंज क्रांति और 2013-14 की यूरोमैदान क्रांति में हिस्सा लिया था। 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे और डोनबास में युद्ध शुरू होने के दौरान वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रहे। इनकी पार्टी यूरो.पियन सालिडैरिटी ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।

**डिलीवरी बॉय बनकर आया हमलावर, सात गोलियां दागी**

# पुतिन दिसम्बर में भारत दौरे पर आएंगे

## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली इंडिया विजिट

**मास्को/नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस साल दिसम्बर में भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा होगा। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और रूस अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं, जबकि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है। पुतिन सोमवार को चीन में होने वाली एससीओ समिट के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रूस की तरफ से यह घोषणा तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए हैं। इसमें से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ रूसी तेल खरीद की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक.ार अजीत डोभाल ने इस महीने की शुरुआत में मास्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई थी। इस दौरान भारतीय एनएसए ने कहा था कि हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है।



**सोमवार को चीन में पीएम मोदी से मिलेंगे रूसी राष्ट्रपति**

### पुतिन ने संरार, अमुको में सुधारों की वकालत की

**मॉस्को/बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीनी शहर तियानजिन में आगामी शिघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले वित्त, संस्कृति, शिक्षा, खेल, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में रूस और चीन के संबंधों की सराहना की, साथ ही उन्होंने दोनों देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की निरंतर वकालत को दोहराया, ताकि आधुनिक राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके और विकासशील दुनिया के लिए व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

# इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता.बिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ आफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजरायली आर्मी (आईडीएफ) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए। इजरायल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा: हमने हूतियों को पहले चेताया था कि बुरे काम का बुरा अंजाम होगा। एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया।

**रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल**



# संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री संजना सांघी को संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा यंग लीडर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के पांचवें कोहोर्ट के लिए डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि, वैश्विक सकारात्मक बदलाव की आवाज बनने की संजना की यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है।

यंग लीडर्स फॉर एसडीजी पहल हर साल 17 असाधारण युवाओं को सम्मानित करती है, जो दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल में यूएन, सिविल सोसाइटी, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और प्राइवेट सेक्टर के प्रभावशाली नेता शामिल होते हैं, जो इन बदलाव लाने वाले युवाओं का चयन करते हैं। संजना ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा मुझे डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का हिस्सा चुना जाना मेरे लिए अब तक के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। मुझे मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और उन तमाम वैश्विक आइकन्स के साथ चुना गया है, जिन्होंने मेरी यात्रा को काफी प्रेरित किया है। यह उस काम की पुष्टि है, जो हम सब कर रहे हैं। संजना ने कहा, पिछले साल यूएन जनरल असें. बली में समिट ऑफ द फ्यूचर के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन देने के बाद, मेरा सामूहिक प्रयास की शक्ति पर विश्वास और गहरा हो गया। यह देखना कि कैसे वे शब्द वैश्विक स्तर पर गूंजे और कैसे युवा सीमाओं के पार एक-दूसरे को मजबूत बना रहे हैं, मेरे विश्वास को और मजबूत कर गया। हमारा भविष्य सिर्फ उज्ज्वल ही नहीं है, यह अभी, हम सबके द्वारा मिलकर गढ़ा जा रहा है। संजना सांघी अब मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और फॉरेस्ट व्हिटेकर जैसे वैश्विक आइकन्स की सूची में शामिल हो चुकी हैं। इस पैनल पर उनकी भूमिका उन्हें युवा नेताओं की आवाज को और मजबूत करने और यह साबित करने का मौका देगी कि आज के युवा महज कल के नेता ही नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के भी निर्माता हैं।

# मोहब्बतें के बाद मेरी चार फिल्में कभी रिलीज नहीं हुईं: शमिता



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि फिल्म मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी जो कभी रिलीज नहीं हुईं।

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी ने यशराज फिल्म्स की मोहब्बतें से अपना डेब्यू किया था। हाल ही में अपने करियर की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। शमिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी, जिनमें संजय दत्त, चंद्रचूड़ सिंह और आर माधवन जैसे कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट शामिल थे,लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हो पाई।

इस अचानक आए झटके ने उनके करियर की रफ्तार को बेहद अहम समय पर रोक दिया।

शमिता की पिछली फिल्म द टेनेंट को भी कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। कई बार टलने के बाद, फिल्म कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में बिना किसी खास मार्केटिंग या प्रमोशन के रिलीज़ हुई ,जिसकी वजह से फिल्म को वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद शमिता ने की थी।

शमिता ने कहा, लोगों को यह बताने में कोई शर्म या बुराई नहीं है कि आप उपलब्ध हैं और काम करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, शमिता अपने काम के प्रति समर्पित हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उन्हें ऐसे बेहतर मौके मिलेंगे जिनसे उनकी असली प्रतिभा बड़े पर्दे पर नजर आ सके।

# कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर किया लॉन्च



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी अभिनीत कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर, धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर हैं। इस सीरीज़ का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है। इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिन्हा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। तमन्ना भाटिया ने कहा, यह दोस्ती, संघर्ष और सबसे अजीबोगरीब विचारों को हक़ीक़त में बदलने के साहस का जश्न है।

# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली सीरीज़ द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह अपकमिग सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ डेब्यू करने वाले हैं। इस सीरीज का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। यह गाना एक दिल छू लेने वाली रोमांटिक धुन है, जो मोहब्बत और अमर रिश्ते की गहराई को पकड़ता है। लक्ष्य और सहेर बंबा पर फिल्माया गया यह गीत रोमांस के प्रति एक नाजुक अर्पण की तरह खुलता है, जो दर्शकों को आर्यन खान की बनाई दुनिया की और भी अंतरंग झलक देता है। शशवत सचदेव द्वारा कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया गया, कुमार के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज के साथ, तू पहली तू आखिरी टी-सीरीज लेबल के तहत रिलीज हुआ है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान सह-निर्माता हैं।




इस शो में बॉबी देओल, लक्ष्य, सहेर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, विजयंत कोहली, गौतमी कपूर और रजत बेदी नजर आएंगे।

# अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हुईं रूपाली गांगुली

**मुंबई।** अभिनेत्री रूपाली गांगुली स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हो गई। शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए। मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रूपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिग है यह मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। यह शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था और यह शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे यह शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-प्रेम है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-विश्वास है, जो मेरी जिंदगी के बहुत संघर्ष भरे दिनों के बाद आया।

# गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए



**मुंबई।** जानेमाने गायक गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने गांव और आसपास राहत कैंप लगाए। गुरु रंधावा अपने संगीत से लोगों के दिल जीतते आए हैं। अब अपने हालिया कदम से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक शानदार इंसान भी हैं। हाल ही में पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से आई आपदा के समय, गुरु रंधावा एक बड़ी मदद के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए हैं। इस बात की घोषणा करते हुए गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पंजाब और अन्य सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए प्रार्थनाएं। आइए, हम सभी अपनी-अपनी तरफ से मदद करें। मैंने अपने क्षेत्र डेरा बाबा नानक और अपने गांव धारोवाली के पास हेल्प कैंप लगाया है। किसी भी मदद के लिए संपर्क करें-9177196 54739, गुरु रंधावा का यह कदम उनके प्रशंसकों को बेहद प्रभावित कर गया है।







